* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

* पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

* रजि.नंबर : 52290/90 * वर्ष : 36 * अंक: 633 * पृष्ठ: 12 * औरंगाबाद, बुधवार, 29 जुलाई 2026 * मूल्य : 3.00 रुपये * औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com



बांकीपुर उपचुनाव : प्रचार थमा

# श्रावणी मेला केवल एक मेला नहीं, बल्कि आस्था का महापर्व : सम्राट

## 'श्रावणी मेला 2026' मोबाइल ऐप लॉन्च, अजगैबीनाथ धाम के विकास की कई घोषणाएं

### श्रावणी मेला शुरू, सुल्तानगंज को अंतरराष्ट्रीय धार्मिक केंद्र बनाने की घोषणा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर**। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को सुल्तानगंज स्थित उत्तरवाहिनी गंगा तट के नमामि गंगे घाट (जहाज घाट) पर पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलित कर विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला-2026 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला केवल आस्था का पर्व नहीं, बल्कि बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक परंपरा का जीवंत प्रतीक है। सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और बेहतर व्यवस्थाओं के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने सुल्तानगंज को अंतरराष्ट्रीय धार्मिक केंद्र के रूप में विकसित करने की घोषणा करते हुए कहा कि यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर का एयरपोर्ट बनाया जाएगा। अजगैबीनाथ धाम से अगुवानी घाट तक रोप-वे का निर्माण होगा तथा भागलपुर से मुंगेर तक करीब 83 किलोमीटर लंबा गंगा पथ (मरीन ड्राइव) विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, नए टाउनशिप और पर्यटन सुविधाओं का भी विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगुवानी-सुल्तानगंज गंगा पुल का निर्माण 31 दिसंबर 2027 से पहले पूरा कर लिया जाएगा। सुल्तानगंज-देवघर फोरलेन सड़क का निर्माण बरसात के बाद तेज किया जाएगा, जबकि नई रेललाइन परियोजना की प्रक्रिया भी आगे बढ़ चुकी है। अजगैबीनाथ धाम में हरिद्वार की तर्ज पर घाटों का विकास, डॉल्फिन पर्यटन, गंगा पार्क और रोप-वे परियोजना भी विकसित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अगले पांच वर्षों में एक करोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लक्ष्य पर काम कर रही है। उन्होंने श्रावणी मेले को दुनिया के सबसे बड़े आस्था पर्वों में से एक बताते हुए कहा कि सरकार के सभी विभाग श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराने के लिए समन्वित रूप से कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 'श्रावणी मेला 2026' मोबाइल ऐप और पर्यटन विभाग की पुस्तिका का लोकार्पण किया। उन्होंने कांवरिया पथ पर बने सेवा शिविर का उद्घाटन भी किया। समारोह में कई मंत्री, सांसद, विधायक, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कहलगांव एनटीपीसी की 210 मेगावाट यूनिट में आग, कोई हताहत नहीं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर**। जिले के कहलगांव स्थित राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) की 210 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट-2 में मंगलवार को अचानक आग लग गई। हालांकि, समय रहते आग पर काबू पा लेने से कोई जनहानि नहीं हुई। प्रथम चरण की यूनिट-2 के बॉयलर से जुड़ी तेल पाइपलाइन में आग लगी, जो तेजी से फैलने लगी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर नियंत्रण पा लिया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का संभावित कारण तेल पाइपलाइन में रिसाव माना जा रहा है। परियोजना प्रबंधन ने मामले की जांच के लिए एक टीम गठित की है, जो घटना के सभी पहलुओं की जांच करेगी। फिलहाल परियोजना की शेष छह इकाइयों का संचालन सामान्य रूप से जारी है।

## दो बांग्लादेशी समेत तीन गिरफ्तार

**किशनगंज**। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो बांग्लादेशी नागरिकों और उनकी मदद करने के आरोप में एक भारतीय एजेंट को गिरफ्तार किया है। प्रभारी एसपी हरिमोहन शुक्ला के निर्देश पर डीआईयू टीम ने वाहन जांच के दौरान जाकिर हुसैन को पकड़ा। उसकी निशानदेही पर बांग्लादेशी नागरिक हसन शेख और उसकी पत्नी तैयबा इस्लाम गिरफ्तार हुए। प्रारंभिक जांच में दोनों के पास फर्जी आधार, पैन कार्ड समेत अन्य दस्तावेज मिलने की बात सामने आई है।

# शनिवार को आधे दिन ही स्कूलों में होगी पढ़ाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुंगेर**। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को मुंगेर के तारापुर विधानसभा क्षेत्र के लिए शिक्षा, रोजगार और आधारभूत संरचना से जुड़े कई बड़े घोषणाएं की। असरगंज में रामानंद व परसीराम उच्च माध्यमिक विद्यालय से राजकीय डिग्री महाविद्यालय में पठन-पाठन का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी बीएड कॉलेज में चरणबद्ध तरीके से डिग्री महाविद्यालय खोले जाएंगे, ताकि विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि असरगंज में डिग्री कॉलेज की कमी लंबे समय से महसूस की जा रही थी। अब 14 करोड़ रुपये की लागत से कॉलेज का स्थायी भवन बनेगा। परिसर के आसपास खेल मैदान विकसित करने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला प्रशासन को भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य में अब तक 211 डिग्री कॉलेज खोले जा चुके थे। असरगंज कॉलेज के शुभारंभ के साथ यह संख्या बढ़कर 212 हो गई है। सभा में मुख्यमंत्री ने तारापुर के विकास को लेकर भी कई घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि तारापुर विधानसभा क्षेत्र के एक-एक बेरोजगार युवक-युवती की पहचान कर रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जाएगा। क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने के लिए जमीन चिह्नित की जा रही है। असरगंज के अमैया, बैजलपुर और कर गांव के आसपास प्रस्तावित इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए भी भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य में मॉडल विद्यालयों का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। मंगलवार को 10 नए माडल विद्यालयों के उद्घाटन के बाद इनकी संख्या 561 हो गई है। इन विद्यालयों में लाइव क्लास, डिजिटल लर्निंग और नीट-जेईई की तैयारी की विशेष व्यवस्था रहेगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि बिहार के सभी स्कूलों में शनिवार को आधे दिन की पढ़ाई होगी। इससे पहले मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर किसान वैदिक उच्च विद्यालय, लौना में उतरा। यहां उन्होंने रिमोट के माध्यम से 10 माडल विद्यालयों का उद्घाटन किया, छात्रों से संवाद किया और विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके बाद हरपुर पहुंचकर आदर्श थाना का उद्घाटन किया तथा भवन का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाइगर, प्रभारी मंत्री संजय कुमार, प्रमंडलीय आयुक्त प्रेम सिंह मीणा, डीएम निखिल धनराज निपणिकर, एसपी सैयद इमरान मसूद सहित कई जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी मौजूद रहे।




# बेनामी संपत्ति मामले में गुड्डू राय समेत 24 ठिकानों पर छापेमारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना/जमुई/शेखपुरा**। आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने कथित बेनामी संपत्ति और संगठित अपराध से अर्जित अकूत संपत्ति के मामले में मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए शेखपुरा निवासी गुड्डू राय समेत संबंधित लोगों के 24 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई शेखपुरा और जमुई जिले के विभिन्न स्थानों पर की गई, जहां अपराध से अर्जित संपत्तियों और वित्तीय लेन-देन से जुड़े दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। जमुई जिले के सिकंदरा क्षेत्र में सुबह उस समय हलचल मच गई, जब ईओयू और एसटीएफ की संयुक्त टीम करीब 50 वाहनों के काफिले तथा भारी पुलिस बल के साथ विभिन्न ठिकानों पर पहुंची। टीम ने जिला परिषद अध्यक्ष दुलारी देवी के पति गुड्डू यादव, ललन यादव तथा उनके सहयोगियों और अन्य संबंधित लोगों के परिसरों में तलाशी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने संपत्ति से जुड़े दस्तावेज, निवेश, वित्तीय लेन-देन के अभिलेख तथा अन्य महत्वपूर्ण कागजात अपने कब्जे में लेकर उनकी जांच शुरू की। जांच एजेंसियां प्रत्येक पहलू की बारीकी से पड़ताल कर रही हैं। सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई कथित बेनामी संपत्ति के मामले में की जा रही है। बताया जा रहा है कि गुड्डू यादव पहले से ही आर्थिक अपराध इकाई की निगरानी में थे। इसी क्रम में सिकंदरा स्थित प्रवीण मिश्रा, मिंचु मियां, उप प्रमुख नैयर खान, सोनू यादव, पचमहुआ निवासी प्रमोद यादव एवं अनीश यादव तथा खेवसर गांव निवासी छोटू यादव सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर भी छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। जमुई के एसडीपीओ सतीश सुमन समेत बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी और जवान तैनात रहे। सिकंदरा के प्रमुख चौक-चौराहों के अलावा संबंधित आवासों और प्रतिष्ठानों पर भी अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे।

# तीन करोड़ का गांजा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कंटेनर में बने गुप्त तहखाने से 280 किलो गांजा बरामद किया है। साथ ही दो तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता ने की है। मौके पर मजिस्ट्रेट के रूप में अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी भी मौजूद रहे। बिहार में शराबबंदी के बाद से सुखा नशा करने का प्रचलन काफी बढ़ गया है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जांच चौकी पर तीन करोड़ रुपए के मूल्य का भारी-भरकम गांजा की तस्करी को रोका गया है। उत्पाद अधीक्षक गणेश चंद्रा के निर्देशन पर उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में जांच चौकी पर उत्पाद बलों के द्वारा झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी से लेकर बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है। इसी क्रम में मंगलवार की सुबह एक मिनी कंटेनर ट्रक संख्या पीबी10एएफ8269 को जांच हेतु रोका गया। जांच के क्रम में कंटेनर के पिछले



भाग में बने तहखाने से 27 पैकेटों में बंद कुल 279.87 किलो गांजा बरामद किया गया है। जब्त गांजे के पैकेट में प्रत्येक से लगभग 10.5 किलो गांजा बरामद किया गया है। गांजे की तस्करी में जुटे कंटेनर चालक पंजाब के लुधियाना जिले के मोतीनगर थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव निवासी दयाराम के पुत्र राजेंद्र कुमार एवं उपचालक गुरु प्रसाद के पुत्र अरविंद कुमार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्करों के अनुसार गांजे की खेप को हजारीबाग से पटना के जीरो माइल ले जाना था। पटना के जीरो माइल में दूसरे तस्कर के लोकेशन पर गांजे की खेप को ले जाना सुनिश्चित था। इसी बीच रजौली में उत्पाद बलों के हत्थे चढ़ गए। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त गांजा व मिनी कंटेनर ट्रक के अलावे गिरफ्तार तस्करों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार तस्करों से अन्य जानकारियां ली जा रही है। गांजे की तस्करी रोकने की खबर से माफियाओं में भय का माहौल व्याप्त है। इस मौके पर उत्पाद एएसआई विश्वजीत कुमार सिंह व एएसआई पंकज कुमार के साथ उत्पाद बल एवं गृहरक्षक जवान मौजूद रहे।

## एक नजर

### बांकीपुर उपचुनावः प्रचार थमा, मतदान कल

**पटना**। बिहार की बांकीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार मंगलवार शाम निर्धारित समय पर समाप्त हो गया। प्रचार के अंतिम दिन सभी प्रमुख दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के समर्थन में एनडीए के वरिष्ठ नेताओं ने कई जनसभाएं और संपर्क अभियान चलाए। वहीं, जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने भी अपने उम्मीदवार के पक्ष में व्यापक प्रचार किया। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रत्याशी रेखा गुप्ता के समर्थन में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने रोड शो कर मतदाताओं से समर्थन की अपील की। बांकीपुर विधानसभा सीट पर 30 जुलाई (गुरुवार) को मतदान होगा। मतगणना 3 अगस्त को होगी, जिसके बाद उपचुनाव के परिणाम घोषित किए जाएंगे।

### कटरा की 14 पंचायतों का संपर्क टूटा

**मुजफ्फरपुर**। नेपाल के तराई क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश से बागमती नदी उफान पर है। इसके कारण मुजफ्फरपुर के कटरा प्रखंड में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। करीब तीन फीट जलस्तर बढ़ने से प्रखंड की 14 पंचायतों का सड़क संपर्क मुख्यालय से टूट गया है। कटरा पीपा पुल के दोनों ओर सड़क पर लगभग दो फीट पानी बहने से आवागमन बंद है। प्रभावित लोगों को अब प्रखंड मुख्यालय पहुंचने के लिए लगभग 50 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। बकुची, पतारी, अंदामा, नवादा और आसपास के गांवों में बाढ़ की आशंका से ग्रामीण चिंतित हैं। अंचलाधिकारी सुशीला कुमारी ने बताया कि प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं और संबंधित विभागों को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है।

### दिल्ली लक्ष्मी योजना को मंजूरी

**नई दिल्ली**। दिल्ली सरकार ने पात्र महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता देने वाली 'दिल्ली लक्ष्मी योजना' को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में इस महत्वाकांक्षी योजना पर मुहर लगी। योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि योजना के लिए पंजीकरण पोर्टल एक अगस्त से शुरू होगा। इसके बाद पात्र महिलाएं ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगी। प्राप्त आवेदनों की जांच और सत्यापन के बाद पात्र लाभार्थियों का चयन किया जाएगा तथा उन्हें योजना का लाभ दिया जाएगा।



# बिहार के एक हजार आंगनबाड़ी केंद्र बनेंगे 'नंद घर'

## बच्चों को आधुनिक शिक्षा और महिलाओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार में आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की दिशा में बड़ी पहल शुरू होने जा रही है। समाज कल्याण विभाग और अनिल अग्रवाल फाउंडेशन (वेदांता समूह) की संयुक्त पहल से राज्य के एक हजार आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक नंद घर के रूप में विकसित किया जाएगा। यह पहल सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 तथा पोषण भी, पढ़ाई भी अभियान के अनुरूप होगी। इसके साथ ही बिहार नंद घर आंदोलन से जुड़ने वाला देश का 18वां राज्य बन गया है। वर्तमान में देश के 17 राज्यों में लगभग 15 हजार नंद घर संचालित हैं। पहले चरण में पटना, गया, पूर्णिया, सीतामढ़ी, जमुई, शेखपुरा समेत कई जिलों के पांच से दस आंगनबाड़ी केंद्रों का चयन किया गया है। फिलहाल उन्हीं केंद्रों को शामिल किया गया है जिनके पास अपना भवन उपलब्ध है। नंद घर में तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई के लिए प्ले-स्कूल जैसा वातावरण मिलेगा। यहां टेलीविजन, श्रव्य-दृश्य शिक्षण सामग्री, डिजिटल शिक्षण उपकरण और आधुनिक खिलौनों के माध्यम से प्रारंभिक शिक्षा दी जाएगी। साथ ही गर्भवती और धात्री महिलाओं को पौष्टिक पैक्ड पोषण आहार उपलब्ध कराया जाएगा तथा मोबाइल स्वास्थ्य वैन के जरिए नियमित स्वास्थ्य जांच भी होगी। दोपहर के बाद यही केंद्र महिलाओं के कौशल विकास के केंद्र के रूप में संचालित होंगे। यहां स्थानीय महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई, कंप्यूटर सहित विभिन्न रोजगारपरक प्रशिक्षण दिए जाएंगे जिससे उनके लिए स्वरोजगार और आय के नए अवसर सृजित हो सकेंगे। प्रत्येक नंद घर में चौबीसों घंटे बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सौर ऊर्जा पैनल लगाए जाएंगे। बच्चों और महिलाओं के लिए जल शोधक के माध्यम से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी की जाएगी। नंद घर, वेदांता रिसोर्सेज और अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की ओर से महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सहयोग से संचालित राष्ट्रीय पहल है। इसका उद्देश्य पारंपरिक आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक स्वरूप देकर बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य सेवाओं और महिला सशक्तीकरण की सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध कराना है।

## आगरा कैंट एवं कानपुर सेंट्रल से कोलकाता के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन


नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु डीडीयू-गया-गोमो- धनबाद-आसनसोल के रास्ते कानपुर सेंट्रल एवं आगरा कैंट से कोलकाता के लिए एक-एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है- गाड़ी सं. 04157/04158 कानपुर-कोलकाता-कानपुर स्पेशल - गाड़ी सं. 04157 कानपुर-कोलकाता एक्सप्रेस 28.07.26 से 29.09.26 तक प्रत्येक मंगलवार को कानपुर सेंट्रल 08.00 बजे खुलकर 14.15 बजे डीडीयू, 15.35 बजे सासाराम, 17.30 बजे गया, 18.45 बजे कोडरमा, 19.45 बजे पारसनाथ, 20.05 बजे गोमो, 20.40 बजे धनबाद सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन 04.05 बजे कोलकाता पहुंचेगी।

# मुजफ्फरपुर सुधा प्लांट के दूषित जल पर विधानसभा अध्यक्ष सख्त

## प्रमंडल आयुक्त को सभी हितधारकों के साथ समाधान निकालने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में सदस्य अजीत कुमार और अरुण कुमार के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के आलोक में सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति के समक्ष बिहार स्टेट मिल्क कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड और सुधा डेयरी के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में डेयरी से निकलने वाले दूषित जल से कृषि योग्य भूमि और पर्यावरण को हो रहे नुकसान पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मुजफ्फरपुर स्थित सुधा प्लांट से निकलने वाले रसायनयुक्त दूषित जल का प्रतिकूल प्रभाव आम लोगों के स्वास्थ्य के साथ-साथ क्षेत्र की प्रसिद्ध लीची की खेती पर भी पड़ रहा है। इस पर संबंधित अधिकारियों ने बताया कि दूषित जल के उपचार के लिए सुधा प्लांट परिसर में एक उपचार तालाब का निर्माण कराया जा रहा है तथा इसके लिए भूमि का अधिग्रहण भी किया जा चुका है। हालांकि विधानसभा अध्यक्ष ने इस व्यवस्था पर असंतोष जताते हुए कहा कि समस्या के समाधान में कई हितधारक जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग और रेलवे लाइन के आसपास स्थित होने के कारण बारिश के मौसम में दूषित जल की समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है। डॉ. प्रेम कुमार ने निर्देश दिया कि तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, बिहार स्टेट मिल्क कोऑपरेटिव फेडरेशन (कॉमफेड), रेलवे, जिला प्रशासन, स्थानीय विधायकों और सांसदों के साथ संयुक्त बैठक कर इस समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों को इस संबंध में तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त को पत्र भेजने का भी निर्देश दिया। बैठक में सदस्य अजीत कुमार, अरुण कुमार, बिहार स्टेट मिल्क कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, सुधा डेयरी पटना के प्रबंध निदेशक, सुधा डेयरी मुजफ्फरपुर के प्रबंध निदेशक, विधानसभा सचिवालय की प्रभारी सचिव तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनबीपीडीसीएल की सीएसआर पहल से 12 जिलों के पिछड़ा वर्ग आवासीय बालिका विद्यालयों को मिली स्मार्ट टीवी

## एनबीपीडीसीएल बालिका शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध : राहुल कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




अररिया जिला से आये विद्यालय प्रतिनिधि को स्मार्ट टीवी सौंपते एनबीपीडीसीएलके प्रबंध निदेशक राहुल कुमार

**पटना।** नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर सशक्त करते हुए कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल की है। प्रबंध निदेशक राहुल कुमार (भा.प्र.से.) के नेतृत्व में कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार सरकार द्वारा संचालित बालिका विद्यालय को 72 स्मार्ट टीवी उपलब्ध कराए गए हैं। इस पहल के लिए 54 लाख रुपये की राशि व्यय की गई है। ज्ञात हो कि यह निर्णय 16 मार्च 2026 को आयोजित एनबीपीडीसीएल की 158वीं बोर्ड बैठक में सीएसआर समिति की अनुशंसा पर लिया गया। राज्य के विभिन्न जिलों से आये विद्यालय प्रतिनिधियों को स्मार्ट टीवी वितरित करते हुए प्रबंध निदेशक राहुल कुमार (भा.प्र.से.) ने कहा कि एनबीपीडीसीएल गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वसनीय विद्युत सेवा उपलब्ध कराने के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन के लिए भी समान रूप से प्रतिबद्ध है। कंपनी की सीएसआर पहलों का उद्देश्य शिक्षा, डिजिटल सशक्तिकरण तथा सामाजिक विकास को बढ़ावा देना है, ताकि समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके।

## श्रावणी मेला के दौरान गया-कामाख्या एक्सप्रेस का सुलतानगंज स्टेशन पर ठहराव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा गया और कामाख्या के मध्य चलायी जा रही गाड़ी सं. 15619/15620 गया-कामाख्या-गया एक्सप्रेस का सुलतानगंज स्टेशन पर दो मिनट का ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी सं. 15620 कामाख्या-गया साप्ताहिक एक्सप्रेस 3.08.2026 से 24.08.2026 के मध्य नामित दिन को 00.11 बजे सुलतानगंज स्टेशन पहुंचेगी तथा यहां से 00.13 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह गाड़ी सं. 15619 गया-कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस 4.08.2026 से 25.08.2026 के मध्य नामित दिन को 17.45 बजे सुलतानगंज स्टेशन पहुंचेगी तथा 17.47 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

# बिहार के प्रतिभावान खिलाड़ियों को सरकार दे रही हर संभव मदद : मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** सूचना एवं जन सम्पर्क एवं ग्रामीण विकास मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता सह बिहार हॉकी संघ के अध्यक्ष श्रवण कुमार ने बिहार के प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ी सावन कुमार को सम्मानित किया है। मंत्री श्रवण कुमार ने सूचना भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में भारतीय अंडर-18 हॉकी टीम के गोलकीपर सावन कुमार को सम्मानित किया। बिहार निवासी सावन कुमार ने हाल ही में ओमान की राजधानी मस्कट में 20 से 25 जुलाई 2026 तक आयोजित 'अंडर-18 यूथ हॉकी एशिया कप-2026' में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस मौके पर मंत्री श्री कुमार ने कहा कि बिहार में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। राज्य के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और बिहार का नाम रोशन कर रहे हैं। सरकार ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहन और समर्थन देने में पूरी तरह संकल्पित है। खिलाड़ियों को हर संभव मदद दी जा रही है, ताकि वे अपना पूरा ध्यान खेल पर केंद्रित कर बेहतर प्रदर्शन कर सके। उन्होंने बेस्ट गोलकीपर तथा प्लेयर ऑफ द फाइनल मैच का पुरस्कार अपने नाम किया। फाइनल मैच में भारत ने पाकिस्तान को 3-1 से हराकर खिताब जीता। इससे पहले सावन कुमार ने जापान में आयोजित एशियन हॉकी टूर्नामेंट (अंडर-18) में शानदार खेल दिखाते हुए भारत को गोल्ड मेडल दिलाया था। मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि सावन कुमार का दिसंबर में होने वाले अंडर-18 हॉकी विश्व कप के लिए भी चयन हो चुका है। वे बिहार से चयनित होने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं जो पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना के तहत खिलाड़ियों को सालाना 20 लाख रुपये तक की सहायता प्रदान करती है। साथ ही आधुनिक खेल मैदानों, उपकरणों और अन्य सुविधाओं का भी निरंतर विकास किया जा रहा है। गांव-गांव से प्रतिभाओं को खोजने और निखारने का काम भी सरकार सक्रिय रूप से कर रही है। इन सभी कोशिशों का सफल नतीजा खिलाड़ियों के प्रदर्शन में दिख रहा है। सम्मान कार्यक्रम में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण (बीएसएसए) के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रन शंकरण समेत अन्य उपस्थित थे।

# अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार के निर्देश पर अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार के निर्देश पर अग्निशमन सेवा के पदाधिकारियों द्वारा बिहार विधान सभा सचिवालय के मुख्य भवन, उप भवन एवं विस्तारित भवन में अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान अग्निशमन सेवा के अधिकारियों द्वारा अग्नि सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। आग लगने की स्थिति में त्वरित व सुरक्षित बचाव के उपायों को लेकर मॉक ड्रिल के माध्यम से आग लगने के कारण, उससे बचाव के तरीकों तथा प्रारंभिक अग्निशमन उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी गयी तथा विभिन्न अग्निशामक उपकरणों का प्रदर्शन किया गया।

# बी.डी. कॉलेज में यू.जी. सेमेस्टर-1 के विद्यार्थियों हेतु इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना के मनोविज्ञान विभाग द्वारा यू.जी. सेमेस्टर-1 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए अभिमुखीकरण एवं इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक मूल्यों के विकास एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, नियमित अध्ययन तथा सकारात्मक सोच के साथ अपने शैक्षणिक जीवन को सफल बनाने का आह्वान किया। मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता तिवारी ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों एवं उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं च्वॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रम, सेमेस्टर प्रणाली, क्रेडिट व्यवस्था, उपस्थिति नियम, आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक कार्य, प्रोजेक्ट कार्य तथा विश्वविद्यालय परीक्षा प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को शैक्षणिक, सांस्कृतिक, शोध एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। मनोविज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. सीमा कुमारी ने विद्यार्थियों को समालोचनात्मक चिंतन, प्रभावी संप्रेषण कौशल तथा सकारात्मक अधिगम दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर दर्शनशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. राजीव कुमार, राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. राजीव कुमार तथा ए.एच.सी. एवं ए. विभागाध्यक्ष नीतू तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को अनुशासित, लक्ष्यनिष्ठ एवं मूल्यपरक शिक्षा ग्रहण करने का संदेश दिया। संवादात्मक सत्र में विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली, आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक परीक्षाओं, विश्वविद्यालय के नियमों, शैक्षणिक कैलेंडर तथा महाविद्यालय में उपलब्ध छात्र सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम का समापन विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता तिवारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी रहा तथा नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था एवं उपलब्ध अवसरों से परिचित कराने में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स भूषण क्रॉप प्राइवेट लि. के अंतर्गत बीमित व्यक्ति पुष्प रंजन जो सारण, बिहार में सर्विस इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे उनकी आश्रिता पिता-अनिल कुमार विश्वकर्मा, माता-राधा देवी को सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. पुष्प रंजन की मृत्यु 5-07-2025 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ईएसआईसी द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 171 रु. प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह रु.5130/- आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग रु. 61,560-/ रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है।

# कारगिल विजय दिवस पर डॉ. आनंद रंजन झा ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कविता का किया लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**जन्दाहा (वैशाली)।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शिक्षाविद् एवं कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य एवं सर्वोच्च बलिदान को समर्पित अपनी स्वरचित राष्ट्रभक्ति कविता का लोकार्पण किया। इस अवसर पर डॉ. झा ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल एक ऐतिहासिक विजय का स्मरण नहीं, बल्कि उन अमर वीरों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का दिन है जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उन्होंने कहा कि उनकी यह कविता देश के युवाओं में राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यनिष्ठा और वीर सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना को और प्रबल करने का एक विनम्र प्रयास है।

लोकार्पित कविता की पंक्तियां–

कारगिल की हर चोटी बोली, वीरों का सम्मान करो,<br>
भारत मां के अमर सपूतों का, मिलकर सब गुणगान करो।<br>
बर्फ पिघली, पर्वत डोले, लेकिन वीर न डोले थे,<br>
सीने पर हर वार सहा, फिर भी आगे बोले थे।<br>
तिरंगे की आन बचाने को, हंसकर प्राण लुटा गए,<br>
मां भारती की रक्षा में, अमर कहानी रचा गए।<br>
आओ मिलकर प्रण दोहराएं- राष्ट्र रहे सबसे महान,<br>
कारगिल के अमर शहीदों को, शत-शत नमन, बारम्बार प्रणाम।

डॉ. झा ने कहा कि कारगिल के अमर शहीदों का त्याग और बलिदान सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा तथा उनकी स्मृतियां प्रत्येक भारतीय के हृदय में अमर रहेंगी।

## एशिया पैसिफिक एक्सीलेंस अवॉर्ड 2026 में की उत्कृष्ट प्रतिभाओं और व्यवसायियों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राजधानी पटना के होटल पनाश में आरएफएम प्रोडक्शन हाउस द्वारा आयोजित भव्य सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह एक शाम बिहार के नाम-एशिया पैसिफिक एक्सीलेंस अवॉर्ड 2026 का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े सफल उद्यमियों, व्यवसायियों, शिक्षाविदों, चिकित्सकों, समाजसेवियों, कलाकारों, मीडिया प्रतिनिधियों, स्टार्टअप संस्थापकों एवं अन्य विशिष्ट व्यक्तित्वों को उनके उत्कृष्ट कार्यों और समाज के प्रति उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण बॉलीवुड और मनोरंजन जगत की चर्चित हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेता गुलशन ग्रोवर, मुश्ताक खान, शाहबाज खान, अभिनेत्री रितु शिवपुरी, हरियाणवी फिल्म अभिनेत्री अंजलि राघव तथा प्रसिद्ध जादूगर अजीत ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। सभी कलाकारों ने सम्मानित प्रतिभाओं को बधाई देते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले लोगों को सम्मानित करना अत्यंत प्रेरणादायक पहल है और ऐसे आयोजनों से नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। आरएफएम प्रोडक्शन हाउस के निदेशक राहुल राज ने अपने संबोधन में कहा कि एक शाम बिहार के नाम-एशिया पैसिफिक एक्सीलेंस अवॉर्ड 2026 का उद्देश्य समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सम्मानित कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाना है।

# विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर वन्यजीवों की रक्षा हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिवाकर प्रसाद के मार्गदर्शन में बी.डी. कॉलेज, पटना के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर प्रकृति और वन्यजीवों की रक्षा हेतु एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के तहत संगोष्ठी, चित्रकला और प्रतिज्ञा के माध्यम से छात्रों को प्रकृति के महत्व और संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। सर्वप्रथम विभागाध्यक्ष डॉ. कविता परमार ने 'पर्यावरण और हमारा कर्तव्य' विषय पर विचार व्यक्त करते हुए सभी से अपील की कि हम अपने आदतों में सुधार लाकर और जागरूक रहकर प्रकृति का संरक्षण कर सकते हैं। उन्होंने पेड़ लगाने, प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने, सिंगल यूज प्लास्टिक से इको ब्रिक्स बनाने, कपड़े का थैला उपयोग करने तथा पानी और ऊर्जा की बचत करने की प्रेरणा दी। प्रो. विजय कुमार (विभागाध्यक्ष, राशनशास्त्र) ने भूमि और जल संरक्षण पर जोर देते हुए आधुनिक जीवनशैली को प्रकृति-प्रदत बनाने की अपील की। वहीं कुमारी मोनिका (सहायक प्राध्यापक, वनस्पति विज्ञान) ने जैव विविधता संरक्षण पर बल देते हुए जीवों के संरक्षण को पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन हेतु आवश्यक बताया। हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अमित कुमार और वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. गरिमा पाठक ने भी प्रकृति संरक्षण से संबंधित मार्गदर्शन दिया। चित्रकला प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जैव विविधता संरक्षण, वन्यजीव संरक्षण, वनीकरण, प्रदूषण नियंत्रण और सतत जीवनशैली जैसे विषयों पर आधारित सुंदर कलाकृतियों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

# नई एमएसएमई नीति के लिए उद्योग विभाग ने मांगे सुझाव, उद्योग संगठनों के साथ विस्तृत मंथन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार की नई सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम नीति को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप बनाने के उद्देश्य से उद्योग विभाग ने हितधारकों से सुझाव लेने की प्रक्रिया तेज कर दी है। इसी क्रम में मंगलवार को उद्योग विभाग के अंतर्गत एमएसएमई निदेशालय के निदेशक अमन समीर की अध्यक्षता में प्रस्तावित नई एमएसएमई नीति के प्रारूप पर विस्तृत विचार-विमर्श के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य के प्रमुख उद्योग एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और बिहार के एमएसएमई क्षेत्र को अधिक सशक्त, प्रतिस्पर्धी तथा निवेश-अनुकूल बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रतिभागियों ने एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने, उद्यमिता को बढ़ावा देने और उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक नीति तैयार करने पर अपने विचार रखे। बैठक में बिहार राज्य उद्यमी व्यवसायिक आयोग के अध्यक्ष सुरेश रूंगटा, बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष पी. के. अग्रवाल, बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष रामलाल खेतान, बिहार महिला उद्योग संघ की कार्यकारी निदेशक साधना झा, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष श्याम सुंदर भीमसेरिया तथा एमएसएमई विकास एवं सुविधा कार्यालय (एमएसएमई-डीएफओ) के निदेशक आर. के. चौधरी सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अमन समीर ने कहा कि नई एमएसएमई नीति का अंतिम प्रारूप सभी हितधारकों से प्राप्त सुझावों और परामर्शों के आधार पर तैयार किया जाएगा, ताकि यह उद्योग जगत की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप हो और राज्य में उद्यमिता को नई गति दे सके। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित नीति में उद्यमियों के लिए कार्यशील पूंजी सहायता, विपणन सहयोग, अनुसंधान एवं विकास, आधुनिक परीक्षण प्रयोगशालाओं की सुविधा, कौशल उन्नयन तथा प्रशिक्षण जैसे महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल करने पर विचार किया जा रहा है।

## हिमालया बेबीकेयर ने किया जेंटल बेबी शैम्पू के लिए नया डिजिटल कैंपेन लांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** हिमालया बेबीकेयर ने अपने जेंटल बेबी शैम्पू के लिए हैप्पी टिअर्स फॉर मॉम, नो टिअर्स फॉर बेबी संदेश के साथ नया डिजिटल कैंपेन लॉन्च किया है। यह कैंपेन एक मां के उस वादे को दर्शाता है जिसमें वह अपने शिशु के नहाने के समय को खुशहाल और आंसू रहित बनाने का भरोसा देती है। कैंपेन का मुख्य आकर्षण हिमालया जेंटल बेबी शैम्पू का नो टीयर्स फॉर्मूला है जिसे शिशु की आंखों में जलन से बचाने और नहाने के अनुभव को आरामदायक बनाने के लिए तैयार किया गया है। चावल, गुड़हल, चना और खस के गुणों से युक्त यह शैम्पू शिशु की नाजुक स्कैल्प को पोषण देने के साथ बालों को मुलायम और प्राकृतिक रूप से चमकदार बनाए रखने में मदद करता है। इसका 5.5 पीएच बैलेंस इसे जन्म के पहले दिन से ही रोजमर्रा के उपयोग के लिए उपयुक्त बनाता है।

# प्रखंड कांग्रेस अध्यक्षों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

## अंधेरा मिटाना है तो लोगों के लिए लड़ना होगा : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रखंड अध्यक्षों के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का दूसरा और अंतिम दिन रहा। प्रशिक्षण शिविर में बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने भाग लिया और प्रखंड स्तर से संगठन को गांव, पंचायत तथा बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए आवश्यक सुझाव प्रदान किए। इस अवसर पर बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने तार्किक तथ्यों के साथ कई वीडियो के माध्यम से प्रेरक और जरूरी सुझाव आगत प्रतिभागी प्रखंड अध्यक्षों को दिए। साथ ही उन्होंने सांगठनिक मजबूती में प्रखंड अध्यक्षों की आगामी भूमिका का भी रेखांकन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि हमारा प्रखंड अध्यक्ष ही कांग्रेस को मजबूत करने की मूल हैं और वे नींव की ईंट हैं। संगठन को धारदार बनाने के लिए प्रखंड अध्यक्षों की मजबूती और प्रशिक्षण बेहद आवश्यक है। साथ ही उन्होंने समापन सत्र में सभी प्रखंड अध्यक्षों से प्रशिक्षण को लेकर फिडबैक भी प्राप्त किया और उनसे आगामी योजनाओं को लेकर व्यापक चर्चा भी की।

# ऑपरेशन सतर्क और नारकोस में आरपीएफ डीडीयू मंडल की बड़ी सफलता, छह माह में 390 तस्कर गिरफ्तार





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल की रेलवे सुरक्षा बल ने वर्ष 2026 के पहले छह महीनों में ऑपरेशन सतर्क और ऑपरेशन नारकोस के तहत शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के निर्देशन तथा वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त दिनेश सिंह तोमर के नेतृत्व में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान सैकड़ों तस्करों को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में अवैध शराब और मादक पदार्थ जब्त किए गए।

आरपीएफ के अनुसार जून 2026 तक ऑपरेशन सतर्क के तहत कुल 233 मामलों का खुलासा किया गया। इस दौरान 11,914.305 लीटर देशी एवं अंग्रेजी शराब (अनुमानित कीमत करीब 67 लाख रुपये) जब्त की गई तथा 390 तस्करों को गिरफ्तार कर संबंधित एजेंसियों के हवाले किया गया। इनमें बिहार में 97 मामलों में 6,932.035 लीटर शराब (कीमत करीब 25 लाख रुपये) के साथ 89 तस्करों, उत्तर प्रदेश में 124 मामलों में 4,349.395 लीटर शराब (कीमत करीब 40 लाख रुपये) के साथ 293 तस्करों, जबकि झारखंड में 12 मामलों में 632.875 लीटर शराब (कीमत करीब 1 लाख रुपये) के साथ 8 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। आरपीएफ ने बताया कि वर्ष 2025 की समान अवधि की तुलना में वर्ष 2026 में ऑपरेशन सतर्क के तहत मामलों के उद्भेदन में 97 प्रतिशत, शराब की बरामदगी में 152 प्रतिशत तथा तस्करों की गिरफ्तारी में 82 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं ऑपरेशन नारकोस के तहत भी आरपीएफ ने मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए 13 मामलों का खुलासा किया। इस दौरान 161.504 किलोग्राम गांजा एवं अन्य मादक पदार्थ (अनुमानित कीमत करीब 93 लाख रुपये) बरामद किए गए तथा 8 तस्करों को गिरफ्तार कर संबंधित एजेंसियों को सौंपा गया। यह उपलब्धि वर्ष 2025 की समान अवधि की तुलना में 62.5 प्रतिशत अधिक बताई गई है। आरपीएफ अधिकारियों ने कहा कि आधुनिक तकनीक, खुफिया सूचनाओं और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर रेलवे नेटवर्क का उपयोग शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी के लिए न हो, इसके लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई और अधिक प्रभावी ढंग से जारी रहेगी।

## सासाराम में अंतरजिला वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, चोरी की 10 बाइकें बरामद, तीन गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम/ डिहरी।** पुलिस ने सासाराम नगर थाना क्षेत्र में सक्रिय एक अंतरजिला वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चोरी की 10 मोटरसाइकिल बरामद की है। कार्रवाई के दौरान गिरोह के तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है जबकि तीन अन्य फरार आरोपितों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 27 जुलाई को सासाराम नगर थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि एक अंतरजिला वाहन चोर गिरोह चोरी की मोटरसाइकिलों को छिपाने और बेचने की तैयारी में है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक के निर्देश तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान गिरोह के सदस्य मो. आमीर को एक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर सासाराम नगर एवं दरिगांव थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर कुल 10 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। पुलिस ने इस मामले में मो. आमीर, रोहित कुमार तथा जयशंकर तिवारी को गिरफ्तार किया है। वहीं गिरोह के तीन अन्य सदस्यों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपितों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। बरामद मोटरसाइकिलों में हीरो ग्लैमर, डिस्कवर 100 एम, स्प्लेंडर प्लस, सुपर स्प्लेंडर तथा पैशन प्रो सहित विभिन्न मॉडल शामिल हैं। इनमें कई मोटरसाइकिलें बिना नंबर प्लेट की मिलीं जबकि कुछ पर बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के पंजीकरण नंबर अंकित हैं। इस कार्रवाई में पुलिस अवर निरीक्षक प्रिंस कुमार मिश्रा, पवन कुमार तथा सिपाही अमीत कुमार, आजाद कुमार, नवीन कुमार और सुजीत कुमार रजक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रोहतास पुलिस ने कहा है कि वाहन चोरी के मामलों पर प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी और फरार आरोपितों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर सेवा समिति की बैठक, भव्य शोभायात्रा आज



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकबरपुर (रोहतास)।** कैमूर पहाड़ी पर स्थित प्रसिद्ध रोहितेश्वर धाम मंदिर में श्रावणी मास के अवसर पर आयोजित होने वाले एक माह लंबे श्रावणी मेले की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए मंगलवार को गायत्री मंदिर परिसर में रोहितेश्वर धाम सेवा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष कृष्णा सिंह यादव ने की। इसमें बुधवार को निकलने वाली भव्य शोभायात्रा सहित मेले की विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाली शोभायात्रा शिव नदी तट से प्रारंभ होकर नगर पंचायत रोहतास के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए रोहितेश्वर धाम मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा को आकर्षक एवं भव्य स्वरूप देने के लिए सजावट, श्रद्धालुओं की भागीदारी तथा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, यातायात नियंत्रण, पेयजल, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि श्रावणी मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। ऐसे में सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों से आयोजन को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी लिए गए तथा सभी ने सामूहिक सहयोग से मेले को सफल बनाने का संकल्प लिया।

बैठक में मुकेश सिंह, विशाल देव, रामनाथ सिंह, संतोष कुमार, भोला, सुशील गुप्ता, अरविंद कुमार सिंह, सुधीर सिंह, सुनील कुमार, आला, मुकेश पाठक, हृदया चौधरी, गौरी शंकर, सुभाष सिंह, विनोद कश्यप सहित सेवा समिति के कई सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने का भरोसा जताया।

## डिहरी में भगवान वेदव्यास ट्रस्ट ने मनाया फूलन देवी का शहादत दिवस



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** भगवान वेदव्यास ट्रस्ट, डिहरी ऑन सोन के तत्वावधान में भगवान वेदव्यास मंदिर परिसर में वीरांगना फूलन देवी का शहादत दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने वीरांगना फूलन देवी के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके जीवन, संघर्ष और विचारों पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में समाज जिन चुनौतियों का सामना कर रहा है, उनमें भ्रष्टाचार, अनैतिक कार्यों तथा आपसी विरोधाभास जैसी समस्याएं प्रमुख हैं। ऐसी परिस्थितियों में वीरांगना फूलन देवी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है, ताकि समाज में सामाजिक न्याय, समानता और आपसी सौहार्द को बढ़ावा मिल सके। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए तथा समाजहित में उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर लल्लू चौधरी, राम लखन चौधरी, देवराज चौधरी, शेषनाग चौधरी, अरुण चौधरी, सत्येंद्र चौधरी, सोनू चौधरी, भारत चौधरी, राजू चौधरी, उमेश चौधरी, विनोद चौधरी, धर्मेंद्र चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## तिलौथू के चंदनपुरा मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक निलंबित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिलौथू (रोहतास)।** मध्य विद्यालय, चंदनपुरा के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार को उनके विरुद्ध प्राप्त शिकायतों की जांच में प्रथम दृष्ट्या आरोप सही पाए जाने के बाद तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बिहार सरकारी सेवा (वर्गीकरण एवं अपील) नियमावली, 2005 के तहत यह कार्रवाई की है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, नोखा निर्धारित किया गया है। मामले की विभागीय जांच के लिए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा), रोहतास को जांच पदाधिकारी तथा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, तिलौथू को उपस्थापन पदाधिकारी नामित किया गया है। जांच रिपोर्ट एक माह के भीतर सौंपने का निर्देश दिया गया है।

## 40 लीटर महुआ शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरिहट।** पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम बेरकप में छापेमारी के दौरान 40 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की गई। मौके से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। पुलिस ने इस कार्रवाई में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान रतन कुमार (पिता-अशोक सिंह) तथा वीरेंद्र कुमार (पिता-राजाराम सिंह), दोनों निवासी नंद टोला, हुरका, थाना दरिहट, जिला रोहतास के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों आरोपितों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।

## रूफटॉप सोलर : आवेदन शुल्क व मीटर टेस्टिंग शुल्क माफ : ईएसई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** विद्युत आपूर्ति अंचल सासाराम अंतर्गत अपनी छत पर ग्रिड कनेक्टेड सोलर पैनल लगाने की योजना बना रहे घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत की खबर है। अब ऐसे उपभोक्ताओं से आवेदन शुल्क और मीटर टेस्टिंग शुल्क नहीं लिया जाएगा। बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने बिजली कंपनियों के इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को बढ़ावा देना और अधिक से अधिक घरों को सौर ऊर्जा से जोड़ना है। विद्युत अधीक्षण अभियंता सासाराम इं. इंद्रदेव कुमार ने बताया कि बिजली कंपनी के इस फैसले से खासकर छोटे घरेलू उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। हालांकि इससे होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई केंद्र सरकार का नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय करेगा। पीएम सूर्य घर योजना के तहत 3 किलोवाट के ग्रिड कनेक्टेड सोलर सिस्टम पर घरेलू उपभोक्ताओं को 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी मिल रही है। इसमें पहले किलोवाट पर 30 हजार रुपये, दूसरे किलोवाट पर 60 हजार रुपये और तीसरे किलोवाट पर 78 हजार रुपये का अनुदान दिया जा रहा है। अब आवेदन और मीटर टेस्टिंग शुल्क भी नहीं देना होगा जिससे सोलर लगवाना पहले की तुलना में और आसान हो जाएगा। उन्होंने बताया कि रोहतास में अब तक 388 उपभोक्ताओं की छतों पर ग्रिड कनेक्टेड सोलर सिस्टम लगाया जा चुका है। वहीं कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं की छतों पर निःशुल्क ग्रिड कनेक्टेड सोलर लगाने की योजना पर भी काम कर रही है। अब तक इस योजना के तहत बिजली कंपनी और उपभोक्ता के बीच 1000 रूपये के स्टांप पेपर पर एग्रीमेंट करना पड़ता था जिसका खर्च उपभोक्ता वहन करते थे। इसके अलावा सोलर से बनने वाली बिजली की रिकॉर्डिंग के लिए लगाए जाने वाले मीटर की जांच का शुल्क भी देना होता था। नए फैसले के बाद एग्रीमेंट शुल्क और मीटर टेस्टिंग शुल्क दोनों माफ कर दिए गए हैं जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा।

## जनता दरबार का आयोजन, 76 मामलों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में सोमवार को 'सबका सम्मान-जीवन आसान' अभियान के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में आम नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। जनता दरबार का उद्देश्य शासन की योजनाओं को आमजन तक सरल और पारदर्शी तरीके से पहुंचाना तथा नागरिकों की शिकायतों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित करना था। इस दौरान कुल 76 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें भूमि विवाद से संबंधित 38 मामले सबसे अधिक रहे। इसके अतिरिक्त राशन कार्ड से संबंधित 09 आवेदन और अन्य 29 विविध प्रकार के मामले भी परिवादियों द्वारा प्रस्तुत किए गए। भूमि विवाद के मामलों में मापी, अतिक्रमण और दाखिल-खारिज से जुड़ी समस्याएं प्रमुख थीं, वहीं राशन कार्ड के आवेदनों में नए कार्ड बनवाने, नाम जोड़ने और गलत एंट्री सुधारने की मांगें सामने आईं। अन्य मामलों में वृद्धा पेंशन, आवास, नल-जल योजना और सड़क मरम्मत से जुड़ी शिकायतें शामिल रहीं। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी परिवादियों की बातें ध्यानपूर्वक सुनीं और प्रत्येक आवेदन पत्र को संबंधित विभागीय कार्यालयों एवं पदाधिकारियों को शीघ्र निष्पादन हेतु निदेशित किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि प्राप्त मामलों का समय सीमा में निपटारा किया जाए और आवेदकों को इसकी सूचना भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि 'जीवन जीने में आसानी' के लक्ष्य को जमीनी स्तर पर साकार किया जा सके। जनता दरबार में उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सीधे अधिकारियों से संवाद का अवसर मिलने से उनकी समस्याओं का समाधान त्वरित होगा।

## 9वीं बार रक्तदान कर युवाओं के लिए मिसाल बने बिट्टू गुप्ता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिलौथू (रोहतास)।** समाज सेवा केवल शब्दों से नहीं, बल्कि कर्म से सिद्ध होती है। इसी का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है बिट्टू गुप्ता ने जिन्होंने 9वीं बार स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया है। बिट्टू गुप्ता ऐसे परिवार से आते हैं जहां सेवा की भावना परंपरा बन चुकी है। उनके छोटे भाई रक्तवीर अमित गुप्ता अब तक 22 बार रक्तदान कर चुके हैं जबकि बड़े भाई बिट्टू गुप्ता ने 9वीं बार रक्तदान कर यह साबित कर दिया कि किसी अनजान व्यक्ति की जान बचाने से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। रक्तदान के दौरान उन्होंने कहा कि यदि हमारे थोड़े से प्रयास से किसी जरूरतमंद की जान बच सकती है तो इससे बड़ा पुण्य का कार्य कोई नहीं हो सकता। उनका यह कदम समाज के उन युवाओं के लिए प्रेरणा है जो सामाजिक कार्यों में आगे बढ़कर अपनी भूमिका निभाना चाहते हैं। गांव और क्षेत्र के लोगों ने बिट्टू गुप्ता के इस मानवीय कार्य की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी और कहा कि ऐसे लोग समाज की सच्ची ताकत है जो बिना किसी स्वार्थ के मानव सेवा को अपना कर्तव्य मानते हैं।


**शिवदेनी साव महाविद्यालय**

**(मगध विश्वविद्यालय, बोधगया की अंगीभूत इकाई)**

**कलेर (अरवल)**

**आवश्यकता**

शिवदेनी साव महाविद्यालय में प्रोफेशनल शिक्षा के तहत एम.सी.ए. (MCA) में एक योग्य शिक्षक की आवश्यकता है। AICTE से मान्यता प्राप्त संस्थान से MCA की डिग्रीधारी आवेदक 08.08.2026 को कार्यालयावधि तक स्पीड पोस्ट अथवा हाथों-हाथ आवेदन कर सकते हैं।

अनुभवी महिला आवेदक को प्राथमिकता दी जायेगी।

वेतन/मानदेय : NEGOTIABLE

प्राचार्य

एस.डी. कॉलेज, कलेर (अरवल)


## शराब पीकर हंगामा कर रहे दो व्यक्ति गिरफ्तार, गये जेल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** चैनपुर थाना क्षेत्र के परसिया गांव में शराब पीकर हंगामा कर रहे दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार पियक्कड़ों की पहचान परसिया गांव निवासी राधे बिंद के पुत्र मुन्ना बिंद एवं विक्रम लोहार के पुत्र संजय लोहार के रूप में हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि दोनों शराब के नशे में गांव में हंगामा कर रहे हैं और लोगों को परेशान कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सशस्त्र बलों के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही दोनों भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन जवानों ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। इसके बाद दोनों को थाना लाया गया और मेडिकल जांच कराई गयी। जांच में दोनों के शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है और कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार दोनों आरोपितों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है।


**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)।**
Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–NPB-53 / 2026–27**

1. निकाय का नाम :– नगर परिषद् बिश्रामपुर।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् बिश्रामपुर।
3. परिमाण विक्रय की अंतिम तिथि :– दिनांक 03.08.2026 को अपराहन 02:00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 06.08.2026 को 02:00 बजे अपराहन तक।
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 07.08.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक।
6. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय नगर परिषद् बिश्रामपुर।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– बिश्रामपुर, थाना परिसर।

**Name of work:-** Construction of 8 Nos drilled Tube wells of 125mm x115mm dia. *100.00 Mtr.(avg) depth with Installation of India Mark-II (I.S. 1550 Part-2/2004) Hand Pump with platform and drain on turn key basic in ward 1 to 20.(2 nos in each ward)

| क्र0 सं0 | योजना सं0 | वार्ड सं0 | नलकुपों की संख्या | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण वि0 का मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDD/NPB/52/2026-27 | 1,2,3,4 | 2 nos in each ward | 857519 | 17150 | 5000 | 90 Days |
| 2 | UDD/NPB/53/2026-27 | 5,6,7,8 | 2 nos in each ward | 857519 | 17150 | 5000 | 90 Days |
| 3 | UDD/NPB/54/2026-27 | 9,10,11,12 | 2 nos in each ward | 857519 | 17150 | 5000 | 90 Days |
| 4 | UDD/NPB/55/2026-27 | 13,14,15,16 | 2 nos in each ward | 857519 | 17150 | 5000 | 90 Days |
| 5 | UDD/NPB/56/2026-27 | 17,18,19,20 | 2 nos in each ward | 857519 | 17150 | 5000 | 90 Days |

NOTE: -
1. Contractors should be registered in appropriate class as per NIT.
2. For More Details on the Office Notice Board or https://udhd.jharkhand.gov.in/ULB/Bishrampur/Bishrampur.aspx

PR 386000 (District) 26-27 (D)

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद बिश्रामपुर



बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (डी.सी.ई.सी.ई.)-2026/11 दिनांक- 28.07.2026

**डिप्लोमा–सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2026**

पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) [PM] / पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय) [PMM]

**Online Counselling कार्यक्रम से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)-2026/06 दिनांक- 11.06.2026 के क्रम में DCECE (PM / PMM)-2026 के आधार पर बिहार सरकार के विभिन्न सरकारी अस्पतालों एवं अन्य मान्यता प्राप्त सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों के विभिन्न पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) [PM] तथा पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय) [PMM] पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों पर Online Counselling हेतु DCECE (PM / PMM)-2026 में सम्मिलित सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों / अभिभावकों / सम्बन्धित संस्थानों को सूचित किया जाता है कि **Online Choice Filling / Counselling कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी, Choice filling की विधि आदि पर्षद के वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर विज्ञापन संख्या-BCECEB(DCECE)-2026/10 दिनांक 28.07.2026 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है।** Choice Filling की प्रक्रिया दिनांक 30.07.2026 से प्रारम्भ होगा।

**उक्त निदेश के अनुसार संस्थान एवं पाठ्यक्रम का Choice of Preference of Colleges / Course भरें।** अगर कोई अभ्यर्थी 1st Round में अपना Choice Filling नहीं करते हैं तो वैसे अभ्यर्थी को दुबारा Choice Filling का मौका नहीं दिया जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक

# मोबाइल झपटमारी गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार, सात मोबाइल और 13 हजार रू. बरामद



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। 23 जुलाई को नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में हुई मोबाइल झपटमारी की घटना का पुलिस ने महज छह घंटे में खुलासा कर दिया है। थानाध्यक्ष मुफस्सिल और उनकी टीम ने मानवीय सूचना, तकनीकी जांच और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इस वारदात में शामिल 3 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया है। नवादा सदर -2 डीएसपी राहुल कुमार ने बताया सिरदला निवासी पीयूष कुमार इस्लामपुर से जरूरी काम निपटाकर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पास पहुंचे थे। इसी दौरान पल्सर बाइक पर सवार अज्ञात अपराधियों ने उनका मोबाइल झपट लिया। पीड़ित के आवेदन पर मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 254/26 दर्ज किया गया। मामले की सूचना वरीय पदाधिकारियों को दी गई। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका तरीका मोबाइल झपटकर सिम के जरिए म्यूल अकाउंट में फोन पे के माध्यम से पैसे ट्रांसफर करना था। पकड़े गए आरोपियों की पहचान कृष कुमार थाना नालंदा निवासी, अमन कुमार थाना नालंदा निवासी, नवनीत कुमार नूरसराय नालंदा निवासी के रूप में किया गया। पुलिस ने इनके पास से 7 मोबाइल और 13 हजार रुपये नगद बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने 4 अन्य कांडों में भी संलिप्तता स्वीकार की है। इन सभी कांडों में छीने गए मोबाइल भी बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने अन्य अपराधियों के नाम भी बताए हैं। मुख्य सरगना समेत अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। निकटवर्ती थानों को भी सूचना दे दी गई है ताकि इनसे जुड़े अन्य मामलों का उद्भेदन किया जा सके। फिलहाल तीनों आरोपियों से आगे की पूछताछ जारी है।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की अद्यतन स्थिति, सत्यापन कार्य की प्रगति, सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना एवं योजनांतर्गत आ रही समस्याओं की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता (विद्युत), नवादा एवं रजौली को निर्देश दिया कि योजना के अंतर्गत प्राप्त सभी लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र सत्यापन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र उपभोक्ताओं को समय पर योजना का लाभ उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में कार्यान्वयन एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने योजना के क्रियान्वयन के दौरान आ रही विभिन्न व्यावहारिक कठिनाइयों एवं चुनौतियों से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया। जिला पदाधिकारी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंताओं को निर्देशित किया कि बैंक ऋण (लोन) से संबंधित लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित बैंकों के पदाधिकारियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यान्वयन एजेंसियों को यह भी निर्देश दिया कि जिन लाभुकों के आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं, उनके घरों पर सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना में तेजी लाई जाए तथा सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं। इसके साथ ही बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं अधिकाधिक लाभुकों को योजना से जोड़ने के उद्देश्य से कई आवश्यक निर्देश दिए।इसके अतिरिक्त कार्यपालक अभियंता द्वारा जानकारी दी गयी कि नवादा नगर परिषद क्षेत्र में लगभग 4,000 ऐसे विद्युत उपभोक्ता हैं जिनकी मासिक बिजली खपत 300 यूनिट से अधिक है।जिला पदाधिकारी ने ऐसे उपभोक्ताओं से सीधे संपर्क स्थापित कर उन्हें प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जोड़ने के लिए डोर-टू-डोर अभियान चलाने तथा उन्हें योजना के लाभ एवं आवेदन प्रक्रिया के संबंध में जागरूक करने का निर्देश दिया। बैठक में कार्यपालक अभियंता (विद्युत), नवादा एवं रजौली, संबंधित विभागीय पदाधिकारी तथा योजना से जुड़ी विभिन्न कार्यान्वयन एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एक नजर

### कौआकोल का विक्रम 200 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय चैंपियन



**कौआकोल**। कौआकोल प्रखंड के देवनगढ़ पंचायत अंतर्गत भोरमबाग गांव निवासी एवं पंचायत समिति सदस्य दिलीप रविदास के पुत्र विक्रम कुमार ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 200 मीटर दौड़ में विक्रम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। विक्रम इससे पहले मध्यप्रदेश के मुरैना में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर उन्होंने अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया है। वर्तमान में वह टीएस कॉलेज, हिसुआ से बीए पार्ट-2 की पढ़ाई कर रहे हैं तथा पटना में नियमित प्रशिक्षण लेकर अपनी तैयारी को आगे बढ़ा रहे हैं। विक्रम की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### बिजली संकट से नाराज ग्रामीणों ने सड़क की जाम



**कौआकोल**। कौआकोल प्रखंड के हाई स्कूल रोड स्थित वार्ड संख्या-03 में लगभग एक सप्ताह से बिजली आपूर्ति ठप रहने के विरोध में मंगलवार को ग्रामीणों ने जोगाचक मोड़ के समीप कौआकोल–पकरीबरावां मुख्य मार्ग जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और कई घंटे तक आवागमन प्रभावित रहा। ग्रामीणों का आरोप था कि ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण कई दिनों से बिजली आपूर्ति बंद थी। बार-बार शिकायत के बावजूद विभाग ने समय पर कार्रवाई नहीं की, जिससे पेयजल, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे थे। सूचना मिलने पर स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों से वार्ता की। अधिकारियों के आश्वासन के बाद नया ट्रांसफार्मर मौके पर पहुंचाया गया, जिसके बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया। इसके बाद मुख्य मार्ग पर यातायात सामान्य हो गया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोहराई गई तो वे फिर आंदोलन करेंगे।

### लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई

**नवादा**। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान कुल तीन परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें एक मामले का ऑन-द-स्पॉट निस्तारण कर दिया गया। सुनवाई के दौरान नवलेश कुमार किरण की ओर से मुसहरी टोला में अस्थायी विद्यालय नहीं रहने से संबंधित ऑनलाइन द्वितीय अपील पर विचार किया गया। संबंधित विभाग से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर मामले की सुनवाई की गई। जिला प्रशासन ने बताया कि अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार शिकायतों का निस्तारण दो माह के भीतर किया जाता है।

### बाल श्रम उन्मूलन अभियान में एक बाल श्रमिक मुक्त

**नवादा**। श्रम संसाधन विभाग के निर्देश पर मंगलवार को नवादा प्रखंड में बाल श्रम उन्मूलन के लिए विशेष धावादल अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न दुकानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और अन्य संस्थानों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एक बाल श्रमिक की पहचान कर उसे नियोजन से मुक्त कराया गया। साथ ही संबंधित नियोजक के विरुद्ध बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 (संशोधित) के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई। श्रम अधीक्षक ने बताया कि जिले में बाल श्रम उन्मूलन के लिए ऐसे विशेष अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे। उन्होंने सभी नियोजकों से बाल श्रम संबंधी कानूनों का पालन करने की अपील की।

# 12 सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु जिला अधिवक्ता संघ की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में अरविन्द कुमार, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के प्रकोष्ठ में मंगलवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नवादा न्यायमंडल के सभी न्यायालयों में लंबित सुलहनीय एवं माप-तौल संबंधी लंबित वादों के अधिक से अधिक सुलह के आधार पर निष्पादन करने के संबंध में चर्चा की गई तथा उनके द्वारा उपस्थित अध्यक्ष एवं महासचिव, जिला अधिवक्ता संघ, नवादा से सहयोग करने का आग्रह किया गया। इस मौके पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा अरविन्द कुमार के अतिरिक्त अध्यक्ष एवं महासचिव, जिला अधिवक्ता संघ, नवादा तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, स्थायी लोक अदालत, नवादा के सहायक सुशील कुमार उपस्थित हुए। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा श्री आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में अरविन्द कुमार, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के प्रकोष्ठ में आज दिनांक 28.07.2026 को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नवादा न्यायमंडल में लंबित वादों के मध्यस्थता के माध्यम से निष्पादन के संबंध में चर्चा की गई तथा उनके द्वारा उपस्थित मध्यस्थगण से मध्यस्थता में सहयोग करने का आग्रह किया गया। इस मौके पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा अरविन्द कुमार के अतिरिक्त सभी मध्यस्थगण बिपिन कुमार सिंह, विजय कृष्ण, भारत भूषण सिन्हा, मनोज कुमार, दिनेश प्रसाद, रविशंकर, निशा गुप्ता, रजा उस्मानी, डॉ. संजय कुमार मिश्रा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, स्थायी लोक अदालत, नवादा के सहायक सुशील कुमार उपस्थित हुए।

# वार्ड 44 में 15 वर्षों से जलजमाव, 20 बीघा रैयती जमीन प्रभावित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा**। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 44 में पिछले करीब 15 वर्षों से रैयती जमीन पर जलजमाव की समस्या बनी हुई है। लगभग 20 बीघा क्षेत्र में पानी जमा रहने के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जलजमाव के कारण खेती प्रभावित होने के साथ-साथ आसपास मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है, जिससे लोगों में बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। वार्ड पार्षद राकेश रंजन उर्फ रवि ने बताया कि यह समस्या लंबे समय से चली आ रही है। उनके अनुसार, अनिल सिंह के विधायक रहने के समय से ही क्षेत्र में जलजमाव की समस्या बनी हुई है। पूर्व विधायक नीतू सिंह के कार्यकाल में भी समस्या को लेकर पहल की गई और पत्र के माध्यम से मामला उठाया गया, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका है। राज्य योजना में भेजे जाने के बाद भी लोगों को समाधान की उम्मीद कम ही नजर आ रही है। नगर परिषद अध्यक्ष भी स्थल का निरीक्षण कर चुके हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। स्थानीय लोगों की मांग है कि करीब एक किलोमीटर लंबा नाला बनाकर जलनिकासी की व्यवस्था की जाए। स्थानीय लोगों को माननीय एमएलसी अशोक यादव से उम्मीद है। पार्षद ने बताया कि एक माह पहले एमएलसी से इस संबंध में बात हुई थी और दो दिन पूर्व भी उनसे चर्चा की गई है। लोगों को अब जल्द समाधान की उम्मीद है।

# गुरु रविदास की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में "संकल्प अभियान" का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। भारतीय जनता पार्टी, नवादा द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में "संकल्प अभियान" के शुभारंभ को लेकर एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता की अध्यक्षता जिला मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा एवं उपस्थित रहे एवं भाजयुमो के जिलाध्यक्ष अजित शंकर भी मौजूद रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए तेजस सिन्हा ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज केवल किसी एक समाज के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के प्रेरणास्रोत हैं। उनका जीवन एवं उनके विचार सामाजिक समरसता, समानता, मानवता और सेवा का संदेश देते हैं। भारतीय जनता पार्टी उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने तथा सामाजिक समरसता को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से इस "संकल्प अभियान" के माध्यम से व्यापक जनजागरण का कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि यह अभियान 29 जुलाई 2026 से प्रारंभ होकर 20 फरवरी 2027 तक पूरे नवादा जिले में मंडल एवं ग्राम स्तर पर व्यापक जनभागीदारी के साथ संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जनसंपर्क अभियान, संवाद कार्यक्रम, सामाजिक समरसता गोष्ठियां, संत गुरु रविदास महाराज के विचारों पर आधारित परिचर्चाएं तथा विभिन्न सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। तेजस सिन्हा ने जानकारी दी कि अभियान के सफल संचालन हेतु जिला एवं मंडल स्तर पर टोलियों का गठन किया गया है। ये टोलियां जिले के प्रत्येक मंडल एवं ग्राम तक पहुंचकर अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करेंगी तथा अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करेंगी।

## नालंदा

# हरनौत सडिमका में नवपदस्थापित अधिकारियों का स्वागत, विकास और समन्वय पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**हरनौत**। बाजार स्थित रेल सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना में मंगलवार को ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की ओर से नवपदस्थापित अधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। शाखा सचिव पूर्णानंद मिश्रा के नेतृत्व में यूनियन प्रतिनिधियों ने उपमुख्य यांत्रिक इंजीनियर-1 राधे श्याम तिवारी तथा उपमुख्य सामग्री प्रबंधक जितेश कुमार मंडल को धार्मिक पुस्तक भेंट कर अभिनंदन किया। स्वागत समारोह के दौरान यूनियन प्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच परिचयात्मक बैठक हुई। बैठक में कारखाना की कार्यप्रणाली, कर्मचारियों की समस्याओं, कार्यस्थल की सुविधाओं तथा भविष्य में कारखाना के विकास और आधुनिकीकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। नवपदस्थापित अधिकारियों ने कहा कि कर्मचारी और अधिकारी आपसी समन्वय तथा टीम भावना के साथ कार्य करेंगे तो कारखाना नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि कर्मचारियों की समस्याओं को यूनियन के माध्यम से उनके संज्ञान में लाया जाए, ताकि उनका त्वरित और उचित समाधान किया जा सके।अधिकारियों ने ईसीआरकेयू की उस परंपरा की भी सराहना की, जिसमें स्वागत के दौरान फूलों के बुके की जगह धार्मिक पुस्तक भेंट की जाती है। उन्होंने इसे भारतीय संस्कृति, ज्ञान और सकारात्मक मूल्यों को बढ़ावा देने वाली अनुकरणीय पहल बताया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष महेश महतो, कोषाध्यक्ष मनोज मिश्र, कार्यकारी अध्यक्ष बच्चालाल प्रसाद, उपाध्यक्ष रणजीत कुमार, संगठन सचिव गिरिजा प्रसाद, पूनम कुमारी सहित बड़ी संख्या में यूनियन पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# नीतीश कुमार ने किया केदार प्रसाद व सरस्वती देवी की प्रतिमा का अनावरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। रहुई प्रखंड के सोनसा गांव में मंगलवार को आयोजित समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार ने अपने पुराने राजनीतिक सहयोगी स्वर्गीय केदार प्रसाद और उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय सरस्वती देवी की प्रतिमाओं का अनावरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बड़की खलिहान तालाब परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जदयू कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। नीतीश कुमार करीब 15 मिनट तक समारोह स्थल पर रहे। इस दौरान उन्होंने स्व. केदार प्रसाद के परिजनों से मुलाकात कर पुरानी यादें साझा कीं, उपस्थित लोगों का अभिवादन स्वीकार किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए परिसर में पौधारोपण भी किया। वीआईपी आगमन को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। स्व. केदार प्रसाद के छोटे पुत्र डॉ. राकेश कुमार उर्फ पिंटू ने बताया कि उनके पिता ने नीतीश कुमार के राजनीतिक जीवन की शुरुआत से लेकर मुख्यमंत्री बनने तक हर कदम पर उनका साथ दिया। वे उनके विश्वसनीय सहयोगी और रणनीतिकार रहे तथा क्षेत्र की जनसमस्याओं को सरकार तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि माता-पिता की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से दोनों की प्रतिमाएं एक ही परिसर में स्थापित कराई गई हैं।समारोह में जदयू के राष्ट्रीय महासचिव इंजीनियर सुनील कुमार, अस्थावां विधायक, रहुई प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार पटेल, समाजसेवी डॉ. राकेश रंजन, उप प्रमुख राकेश रंजन सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### हरनौत में आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं का धरना, नौ सूत्री मांगों का सौंपा ज्ञापन

**हरनौत**। प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना (सीडीपीओ) कार्यालय के समक्ष मंगलवार को बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन के बैनर तले सेविका एवं सहायिकाओं ने अपनी लंबित मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन की प्रखंड अध्यक्ष बबीता देवी ने किया। इस दौरान महासचिव कुमार विनेश्वर सिंह एवं बिहार संघ के अंकेक्षक गौतम कुमार सहित बड़ी संख्या में सेविका-सहायिकाएं मौजूद रहीं।प्रदर्शनकारियों ने सरकार और विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नौ सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। उनकी प्रमुख मांगों में पिछले छह माह से लंबित मानदेय का भुगतान, गोद भराई, अन्नप्राशन, मोबाइल रिचार्ज व प्रोत्साहन राशि का शीघ्र भुगतान, वर्ष 2025-26 के किराया मद की राशि जारी करना तथा जून-जुलाई की पोषाहार राशि का भुगतान शामिल है। इसके अलावा सभी सेविकाओं को 5जी मोबाइल, केंद्र संचालन के लिए पर्याप्त कंटिजेंसी राशि तथा वर्ष 2019 के बाद लंबित ड्रेस उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई।धरना के दौरान बच्चों को वितरित ड्रेस की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई। यूनियन नेताओं ने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं होने पर आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

### पइन में डूबने से 10 वर्षीय बच्चे की मौत

**इसलामपुर**। खुदागंज थाना क्षेत्र के कोचरा गांव में सोमवार को पईन में डूबने से 10 वर्षीय एक बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले निवासी बलराम प्रसाद के पुत्र गुलशन कुमार के रूप में हुई है।बताया जाता है कि गुलशन अपनी मां के साथ कोचरा गांव स्थित अपने नाना साधु मिस्त्री के घर आया हुआ था। सोमवार को वह गांव के अन्य बच्चों के साथ गांव के उत्तर स्थित हेटली अहरी पईन के पास खेल रहा था। इसी दौरान खेलते समय उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गया।घटना के बाद साथ खेल रहे बच्चों ने गांव पहुंचकर परिजनों और ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद पईन से बच्चे का शव बाहर निकाला।घटना की सूचना मिलने पर खुदागंज थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी।

### शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**इसलामपुर**। इसलामपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर राजगीर रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास छापेमारी कर 40 लीटर अवैध देशी चुलाई शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। दारोगा प्रवीण कुमार उपाध्याय ने बताया कि खुदागंज की ओर से बाइक पर दो तस्करों के शराब लेकर आने की सूचना मिली थी। पुलिस की घेराबंदी देख दोनों भागने लगे। पीछा कर पीछे बैठे तस्कर को शराब समेत दबोच लिया गया, जबकि बाइक चालक फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। फरार आरोपी की तलाश जारी है।

### बाइक पेड़ से टकराई, 15 वर्षीय छात्र की मौत

**गिरियक**। पावापुरी थाना क्षेत्र के दौलचक में उस वक़्त कोहराम मच गया जब एक 15 वर्षीय छात्र की मौत बाइक के पेड़ से टकराने पर हो गयी। कमेंद्र यादव का 15 वर्षीय पुत्र दिलखुश कुमार है। मिली जानकारी के अनुसार युवक अपने गांव के मिडिल स्कूल के पास बाइक चला रहा था।इसी दौरान गांव में बाइक ताड़ के पेड़ से जा टकराई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायक युवक को आनन फानन में बिमीम्स अस्पताल पावापुरी लाया गया जहाँ उसे हालत चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। मृतक दिलखुश दसवीं क्लास का छात्र था और वह दशरथपुर उच्च विद्यालय में पढ़ाई में कर रहा था। घटना की खबर मिलने के बाद पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ़ भेज दिया और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# राजगीर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम निर्माण ठप

## चार माह से वेतन नहीं मिलने पर मजदूरों की हड़ताल

नवबिहार टाइम्स संवाददता



**बिहारशरीफ**। राजगीर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम (स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स) के निर्माण में लगे करीब एक हजार मजदूरों ने चार माह से वेतन नहीं मिलने के विरोध में सोमवार को हड़ताल कर दी। नाराज मजदूरों ने स्टेडियम के गेट नंबर-1 को जाम कर निर्माण कार्य पूरी तरह ठप कर दिया। उनका आरोप है कि निर्माण कार्य कर रही शापूरजी पलोंजी कंपनी ने अप्रैल के बाद से मजदूरी का भुगतान नहीं किया है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट गहरा गया है।मजदूरों ने बताया कि वे बिहार के गया, रोहतास, पूर्णिया, बेगूसराय के अलावा झारखंड और पश्चिम बंगाल से यहां काम करने आए हैं। उनका आरोप है कि कंपनी मनमाने ढंग से दिहाड़ी काटती है। बारिश के कारण कुछ घंटे काम रुकने पर पूरे दिन की मजदूरी काट ली जाती है। साथ ही 20 दिन काम करने पर केवल 10 दिन का पीएफ जमा किया जाता है और रविवार की मजदूरी भी नहीं दी जाती। आठ घंटे की ड्यूटी के बदले केवल 360 से 370 रुपये दिए जा रहे हैं। बेगूसराय के मजदूर दीपक कुमार सिंह ने बताया कि ठेकेदारों को भी भुगतान नहीं मिलने से वे अब मजदूरों के भोजन की व्यवस्था करने में असमर्थ हैं। मजदूरों ने चेतावनी दी कि जब तक बकाया वेतन का भुगतान और उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक निर्माण कार्य बंद रहेगा।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां को ले डीडीसी ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**बिहारशरीफ**। आगामी स्वतंत्रता दिवस-2026 समारोह के सफल, गरिमामय एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने उप विकास आयुक्त सारा अशरफ की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समारोह की तैयारियों, कार्यक्रमों की रूपरेखा और आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में तय किया गया कि मुख्य जिला स्तरीय समारोह 15 अगस्त को सुबह 9 बजे सोगरा उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित होगा। इसके बाद समाहरणालय, जिला परिषद, डीआरडीए, अनुमंडल कार्यालय, गृह रक्षा वाहिनी, नगर निगम, बिहारशरीफ थाना, कारगिल पार्क, पुलिस लाइन तथा महादलित टोलों में निर्धारित समयानुसार झंडोत्तोलन होगा। समीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, निर्बाध बिजली व पेयजल आपूर्ति, समारोह स्थलों की सजावट, अग्निशमन, ध्वनि व्यवस्था, अतिथियों के बैठने की व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, विधि-व्यवस्था, पूर्वाभ्यास तथा राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान की गरिमा बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। वर्षा ऋतु को देखते हुए संभावित जलजमाव वाले स्थानों की पहचान कर समय रहते समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।उप विकास आयुक्त ने बताया कि समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ-साथ जिला, राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं तथा खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही जिले के सभी जीवित स्वतंत्रता सेनानियों को मुख्य समारोह में ससम्मान आमंत्रित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सन्नी पासवान हत्याकांड का मुख्य आरोपित गिरफ्तार



**इस्लामपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। खुदागंज थाना क्षेत्र के सेरथुआ खुर्द गांव में सन्नी पासवान हत्याकांड का पुलिस ने 12 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए मुख्य नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी और हत्या में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस के अनुसार, 27 जुलाई को सुबह करीब 11 बजे सेरथुआ खुर्द गांव निवासी सन्नी पासवान पिता देवनंदन पासवान, की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में खुदागंज थाना कांड संख्या-179ध्26 दर्ज किया गया।घटना की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, हिलसा-02 के निर्देशन में तथा पुलिस निरीक्षक, इस्लामपुर अंचल के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर अनुसंधान शुरू किया गया। तकनीकी अनुसंधान और मानवीय आसूचना के आधार पर पुलिस ने घटना के महज 12 घंटे के भीतर प्राथमिकी अभियुक्त मथुरा सिंह, पिता स्व. गुलाब सिंह, निवासी सेरथुआ बिगहा, थाना खुदागंज, जिला नालंदा, को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने बताया कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी, हत्या में प्रयुक्त आग्नेयास्त्र की बरामदगी तथा सभी आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# पति पर हत्या का आरोप, शव बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**बिहारशरीफ**। मानपुर थाना क्षेत्र के गोंगरीपर गांव में एक 27 वर्षीया महिला की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला का शव गांव के पूर्वी खंधा से बरामद किया है। मृतका की पहचान त्रिशा सिन्हा उर्फ पम्मी पति धर्मवीर यादव उर्फ राय जी, निवासी गोंगरीपर, थाना मानपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 27 जुलाई की संध्या गश्ती के दौरान सूचना मिली कि महिला की उसके पति ने लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर दी है और शव को छिपा दिया है। सूचना मिलते ही मानपुर थानाध्यक्ष अन्य पुलिस पदाधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और खोजबीन शुरू की। तलाशी के दौरान गांव के पूर्वी खंधा से महिला का शव बरामद किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि पति-पत्नी के बीच काफी समय से संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। पुलिस इस पहलू को भी जांच में शामिल कर रही है। घटनास्थल की वैज्ञानिक तरीके से जांच एफएसएल की टीम द्वारा की गई। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## बांकीपुर में चंद्रवंशी समाज ने एनडीए प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के समर्थन का लिया संकल्प

# डॉ. प्रेम कुमार ने चलाया व्यापक जनसंपर्क अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के प्रचार के अंतिम दिन एनडीए समर्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में जनसमर्थन जुटाने के उद्देश्य से बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इससे पूर्व मीठापुर स्थित जैन धर्मशाला में चंद्रवंशी समाज की विशाल बैठक आयोजित हुई जिसमें हजारों की संख्या में समाज के लोगों ने भाग लेकर एनडीए प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा को कमल के निशान पर मतदान कर भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, राज्यसभा सांसद हांस सिंह चंद्रवंशी, पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, नोखा के विधायक नागेंद्र प्रसाद चंद्रवंशी, पटना की उपमहापौर रश्मि चंद्रवंशी, विधान परिषद सदस्य अनिल ठाकुर, प्रख्यात दंत चिकित्सक डॉ. धर्मेंद्र कुमार चंद्रवंशी, शिवपूजन चंद्रवंशी, रणविजय रोशन चंद्रवंशी, रंजीत चंद्रवंशी, संजीव भगत, सुबोध कपूर, दीपू जी सहित भाजपा, जदयू, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अनेक नेता, पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि चंद्रवंशी समाज सहित समस्त अति पिछड़ा वर्ग सदैव राष्ट्रहित, विकास और सुशासन की राजनीति का समर्थक रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और एनडीए ने अति पिछड़ा वर्ग को सम्मान, भागीदारी और नेतृत्व का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सरकार ने गरीब, अति पिछड़ा एवं वंचित वर्ग के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की है जिनका लाभ लाखों परिवारों तक पहुंच रहा है। आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण तथा आधारभूत संरचना के क्षेत्र में हुए विकास कार्यों से समाज को व्यापक लाभ मिला है। इसके उपरांत डॉ. प्रेम कुमार ने मीठापुर, मीठापुर बी एरिया, गोरिया मठ, जयप्रकाश नगर, सब्जी मंडी, फल मंडी तथा आसपास के विभिन्न मोहल्लों में घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया। उन्होंने विशेष रूप से चंद्रवंशी समाज सहित सभी वर्गों के मतदाताओं से एनडीए प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने मतदाताओं से आग्रह किया कि मतदान के दिन इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर क्रम संख्या2 पर अंकित कमल चुनाव चिन्ह का बटन दबाकर नीरज कुमार सिन्हा को भारी मतों से विजयी बनाएं, ताकि बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास और जनसेवा की गति और अधिक तेज हो सके। जनसंपर्क अभियान के दौरान विभिन्न मोहल्लों में स्थानीय नागरिकों ने डॉ. प्रेम कुमार एवं एनडीए नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया।

## अनुदान की राशि सीधे किसानों के खाते में जाएगी : विजय कुमार सिन्हा

### राज्य में 38 कृषि यंत्र बैंक स्थापित होंगे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** चौथे कृषि रोड मैप के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में केंद्र प्रायोजित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के माध्यम से बिहार में कृषि यंत्रीकरण को व्यापक विस्तार दिया जाएगा। योजना के तहत किसानों को अनुदानित दर पर आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के साथ-साथ कस्टम हायरिंग सेंटर, कृषि यंत्र बैंक, फसल अवशेष प्रबंधन हेतु स्पेशल कस्टम हायरिंग सेंटर तथा किसान ड्रोन कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे। योजना के क्रियान्वयन एवं प्रशासनिक व्यय सहित कुल 236.58 करोड़ की स्वीकृति का प्रस्ताव है। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार छोटे एवं सीमांत किसानों तक आधुनिक कृषि यंत्रों की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि महंगे कृषि यंत्रों की खरीद प्रत्येक किसान के लिए संभव नहीं होती। ऐसे में कस्टम हायरिंग सेंटरों के माध्यम से किसान आवश्यकता के अनुसार किराये पर आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग कर सकेंगे। इससे खेती की लागत में कमी आएगी, समय की बचत होगी तथा कृषि उत्पादकता एवं किसानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत राज्य में 267 कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे।

## सड़क पर अतिक्रमण और जलजमाव की समस्या से ग्रामीणों को परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आमस।** प्रखंड के आमस पंचायत अंतर्गत ग्राम पथरहरा, वार्ड संख्या-7 में सड़क पर अतिक्रमण और जलजमाव की समस्या से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क के दोनों किनारों पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर पशु बांधे जा रहे हैं और मिट्टी भर दिए जाने से आम रास्ता संकरा हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार यह सड़क युगल पासवान के घर से शिव मंदिर होते हुए पूरब दिशा में कपिल यादव के घर तक जाती है। सड़क के किनारे नाली की व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश के दिनों में पानी जमा हो जाता है जिससे आवागमन में काफी दिक्कत होती है। कई बार ग्रामीणों को कीचड़ और जलजमाव के बीच से गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि समस्या को लेकर जिलाधिकारी (डीएम) को भी आवेदन देकर समाधान की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं अंचलाधिकारी (सीओ) द्वारा जल्द समाधान का आश्वासन दिया जा रहा है।

## अपराध पर प्रहार, सुरक्षा का विस्तार- 'नया सवेरा 3.0' से बदलता बिहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार को अपराध मुक्त एवं सभी वर्गों की सुरक्षा करने का जो संकल्प लिया था, उसी के तहत बिहार पुलिस और प्रशासन ने 'नया सवेरा अभियान' की शुरुआत की जिसका उद्देश्य बाल श्रम, मानव तस्करी, बाल विवाह और नशाखोरी जैसी सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध व्यापक जागरूकता व बचाव कार्य होना है। सरकार के नेतृत्व में राज्य स्तर पर मानव व्यापार व संबंधित अपराधों के विरुद्ध चलाये जा रहे समकालीन अभियानों की सफलता को ध्यान में रखते हुए बिहार पुलिस व प्रशासन ने 1 जुलाई 2026 से 14 जुलाई 2026 तक विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों के सहयोग से ऑपरेशन 'नया सवेरा 3.0' संचालित किया जिसमें पहले चरण में 15 दिन का 'नया सवेरा' एवं उसके बाद एक माह तक जारी 'नया सवेरा 2.0' के सफल परिणामों के बाद यह तीसरा विशेष अभियान चलाया गया है। अभियान में बाल श्रम के मामलों पर विशेष ध्यान दिया गया और कुल 25 कांड दर्ज किये गए जिनमें से 60 नाबालिग बच्चों को मुक्त कराया गया। वहीं लैंगिक अपराध और ऑर्केस्ट्रा/डांस ग्रुप से संबंधित 9 कांडों में 25 नाबालिग बच्चियों को छुड़ाया गया तथा 1 महिला सहित कुल 5 मानव तस्करों को गिरफ्तार किया गया। अनैतिक देह व्यापार के अंतर्गत कुल 12 कांड दर्ज किए गए जिनमें 23 नाबालिग समेत कुल 53 पीड़ितों को मुक्त कराया गया और 52 महिलाओं समेत कुल 88 मानव तस्करों को पकड़ा गया।

# एनडीए के नेताओं ने एक स्वर में किया जीत का दावा, बांकीपुर में फिर खिलेगा कमल

### बांकीपुर में एनडीए की प्रचंड जीत तय, जनता विकास पर लगाएगी मुहर : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** पटना स्थित भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में आज बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की संयुक्त प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, जनता दल (यू) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, लोजपा (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, हम के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ने संयुक्त रूप से भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा की रिकॉर्ड मतों से जीत का दावा किया। सभी नेताओं ने कहा कि बांकीपुर की जनता विकास, सुशासन और स्थिर नेतृत्व के पक्ष में मतदान करने का मन बना चुकी है तथा 30 जुलाई को एनडीए ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि बांकीपुर उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, मुख्यमंत्री और गठबंधन के सभी वरिष्ठ नेताओं के ऐतिहासिक रोड शो ने यह स्पष्ट कर दिया कि जनता का विश्वास पूरी तरह एनडीए के साथ है। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन ने विधायक रहते हुए बांकीपुर में सड़क, आधारभूत संरचना, जनसुविधाओं और विकास के अनेक कार्य कर क्षेत्र की तस्वीर बदली है। यही कारण है कि रोड शो में लोगों का स्वतः उमड़ा जनसैलाब विकास पर अपनी मुहर लगा रहा था। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ नेता चुनाव के समय ही जनता के बीच दिखाई देते हैं जबकि एनडीए हर दिन जनता के बीच रहकर काम करता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास न विकास का एजेंडा है और न ही कोई सकारात्मक मुद्दा। जनता केवल विकास, सुशासन और विश्वास की राजनीति को समर्थन देगी। उन्होंने विश्वास जताया कि बांकीपुर की जनता इस बार पिछले सभी चुनावी रिकॉर्ड तोड़ते हुए नीरज कुमार सिन्हा को ऐतिहासिक बहुमत से विजयी बनाएगी।

## वृद्ध महिला की हत्या मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डुमरिया।** मटहा गांव में हुई वृद्ध महिला की हत्या के मामले में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने कांड में नामजद एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पिपरा निवासी गणेश राम के 24 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष राजू कुमार ने बताया कि डुमरिया थाना कांड संख्या 54/26 से जुड़े इस मामले में आरोपी को मंगलवार को मटहा गांव से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान उसने घटना में अपनी भूमिका स्वीकार की। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

## गया जंक्शन को रेलवे डिविजन बनाने व दर्जनों मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी ने किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गया रेलवे जंक्शन परिसर में कांग्रेस पार्टी के बैनर तले गया जंक्शन को रेलवे डिविजन बनाने सहित वर्षों से लंबित दर्जनों मांगों को लेकर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गया जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रजनीश कुमार झुंना ने किया। कार्यक्रम में शामिल बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, युगल किशोर सिंह, विद्या शर्मा, प्रदीप शर्मा, टिंकू गिरी, शिव कुमार चौरसिया, सुनील कुमार पासवान, सैफुल इस्लाम, नवीन कुमार गुप्ता, उपेंद्र द्विवेदी, निरु देवी, सुनैना देवी, पूनम कुमारी, अंशु सिन्हा, नवीन कुमार गुप्ता, नेयाज अशरफ, मोहम्मद शामिम, बाबूलाल प्रसाद आदि ने कहा कि अति प्राचीन, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त, विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपना स्थान रखने वाला पूर्व मध्य रेलवे के वर्ल्ड क्लास निर्माणाधीन गया रेलवे जंक्शन को रेलवे का डिविजन बनाने, गया से मुंबई, बंगलुरु, अहमदाबाद, हैदराबाद, पुरी आदि स्थानों के लिए गया से सीधी ट्रेन खोलने, वर्षों से बंद वरिष्ठ नागरिकों, पत्रकार, खिलाड़ियों आदि को रेल्वे टिकट में मिलने वाले रियायत को फिर से चालू कराने, गया टाउन सीप एरिया अंतर्गत आने वाले चाकन्द, बेलागंज, इश्वर चौधरी हालट, मानपूर, बंधुआ, पैमार, करजरा, काष्ठा आदि रेल्वे स्टेशन का चहुंमुखी विकास, गया जिला अंतर्गत कई सड़कों पर अवस्थित रेल्वे क्रॉसिंग पर रेल्वे ओवर ब्रिज का निर्माण, टेंपो, टोटो से 24 घंटे में एक बार 25 रुपया ठेकेदारी लेने, गया रेलवे जंक्शन के वृहद भूखण्ड में मॉल, व्यवसायिक केंद्र विकसित करने, कोरोना के समय से पैसेंजर ट्रेन के नाम में स्पेशल जोड़ कर एक्सप्रेस ट्रेन के बराबर भाड़ा लेने की परम्परा को समाप्त कर फिर से पैसेंजर ट्रेन का भाड़ा लेना, गया से पटना के लिए रात्रि में 08 बजे से 09 बजे के अंदर कोई नया पैसेंजर ट्रेन शुरू करने आदि मांगों को पूरा नहीं होने से मध्य- दक्षिण बिहार के लोगों में भयानक आक्रोश और मायूसी है।

## मोबाइल का पावर बैंक फटने से युवक घायल

**खिजरसराय।** थाना क्षेत्र के गया-पटना मुख्य मार्ग के किनारे डेरा डाले गुलगुलिया समाज के एक युवक के हाथ में पावर बैंक फटने से मोबाइल की बैटरी भी फट गई जिसमें कृष्ण कुमार नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक झांसी ललितपुर का रहने वाला है। युवक के परिजनों ने बताया कि वह घूम-घूम कर लहठी बेचने का कार्य करते हैं और यहां डेरा डाले हुए हैं।

## भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दोनों पक्षों से प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** भूमि विवाद को लेकर कोंच थाना क्षेत्र के दो गांवों के बीच सोमवार सुबह मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए जिनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अलग-अलग मामला दर्ज किया है। प्रथम पक्ष ढिबरी गांव निवासी चंद्रदीप यादव ने सलोनी बिगहा गांव के रणविजय यादव, कृष्णा यादव, रंजन यादव सहित अन्य लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं दूसरे पक्ष सलोनी बिगहा निवासी कृष्णा यादव ने भी ढिबरी गांव के चंद्रदीप यादव, राजेंद्र यादव, अरविंद यादव, रौशन कुमार, किशोर यादव, सुधीर यादव, पिंटू कुमार और अक्षय यादव के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार विवाद का कारण जमीन विवाद बताया जा रहा है। मारपीट के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए थे। थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और घायलों के बयान के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

## विद्यालय से 100 मीटर बिजली तार की चोरी, सुरक्षा पर उठे सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच/गया।** प्रखंड के बिजहरा स्थित मध्य विद्यालय में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। बीती रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय परिसर से लगभग 100 मीटर बिजली तार काटकर ले गए जिससे स्कूल की बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कपिल रविदास ने बताया कि पांच दिन पहले भी यहां से एक छोटा पंखा चोरी हुआ था। लगातार हो रही चोरियों से शिक्षकों और ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा इस विद्यालय को मॉडल स्कूल बनाने की चर्चा है। मॉडल स्कूल बनने पर यहां वाई-फाई, एलईडी टीवी जैसे आधुनिक संसाधन मिलने थे, लेकिन सुरक्षा के अभाव में यह योजना भी प्रभावित हो सकती है। प्रधानाध्यापक ने ग्रामीणों से अपील की कि विद्यालय समाज की धरोहर है। इसकी सुरक्षा सबकी जिम्मेदारी है। प्रशासन से भी परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग की गई है, ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो।

## लोजपा एमएलसी अशरफ अंसारी का डॉ. सुजेश कुमार ने किया स्वागत, दरियापुर सड़क चौड़ीकरण की उठाई मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** लोक जनशक्ति पार्टी के विधान पार्षद अशरफ अंसारी के गुरुआ आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया। गुरुआ स्थित क्लीनिक में डॉक्टर सुजेश कुमार ने उन्हें फूल-माला पहनाकर एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान डॉक्टर सुजेश कुमार ने गुरुआ-दरियापुर सड़क के चौड़ीकरण का प्रस्ताव एमएलसी अशरफ अंसारी के समक्ष रखा और क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया। एमएलसी ने प्रस्ताव पर सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया। स्वागत कार्यक्रम में लोजपा जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार दांगी एडवोकेट अनुज कुमार मंडा पंचायत समिति राजेश पासवान, गिरजा पासवान स्थानीय लोगों और समर्थकों की उपस्थिति रही।


**NAME CHANGE**

I RAJA BABU S/O SHIV SHANKAR SHARMA R/O Baruraj Tole Thikhan Baruraj Motipur Mahamadpur Balmi M Muzaffarpur Bihar-843111 I have changed my name to MANISH SHARMA.



**शपथ पत्र**

मैं मो. करीम पिता अबुदूल हक, पता- टिकरी रोड, टिकरी मोहल्ला जिला- औरंगाबाद (बिहार) का स्थायी निवासी हूं। शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि उपरोक्त पते का मैं स्थायी निवासी हूं।
आधार कार्ड पर मेरा नाम मो. करीम पिता अबुदूल हक दर्ज है तथा भूलवश भारतीय स्टेट बैंक शाखा औरंगाबाद (बिहार) के खाता संख्या 37112437576 पर मेरा नाम मो. करीम शेख (MD KARIM SHEKH) पिता शेख अबुदूल हक (SHEKH ABDUL HAQ) है।
मेरा सही नाम मो. करीम (MD KARIM) पिता अबुदूल हक (ABDUL HAQUE) है।
मो. करीम (MD KARIM) एवं मो. करीम शेख (MD KARIM SHEKH) पिता अबुदूल हक (ABDUL HAQUE) शेख अबुदूल हक (SHEKH ABDUL HAQ) दोनों नाम मेरा ही है तथा मैं दोनों नामों से जाना एवं पहचाना जाता हूं।
मेरे नाम पता का मेरे अलावा कोई दूसरा व्यक्ति मेरे मोहल्ला में नहीं है। यह शपथ पत्र मैं अपने खाता में नाम सुधारने हेतु कर रहा हूं।
मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 20591 दिनांक 24.07.26

शपथकर्ता
मो. करीम


## पीबीएल कार्य अधूरा, दो प्रधानाध्यापकों को बीईओ की फटकार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुगोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयों के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान मध्य विद्यालय कनौदी और अमरा के प्रधानाध्यापकों द्वारा पीबीएल से संबंधित कार्य समय पर पूर्ण नहीं करने पर बीईओ संतोष कुमार सिंह ने कड़ी नाराजगी जताई और त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। इसी क्रम में मध्य विद्यालय ओहाबचक के प्रधानाध्यापक रामाकांत प्रसाद के बैठक में अनुपस्थित रहने और शिक्षण कार्य में लापरवाही की शिकायत मिलने पर भी नाराजगी व्यक्त की गई। बीईओ ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैठक में सभी प्रधानाध्यापकों को विभागीय निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन और विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण व नियमित शिक्षण सुनिश्चित करने को कहा गया।

## मेरा प्रखंड, मेरा गौरव प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रियांशु संस्कृत सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** प्रखंड अंतर्गत सलेमपुर ग्राम निवासी रवि शंकर शर्मा के पुत्र प्रियांशु संस्कृत को बिहार सरकार की 'मेरा प्रखंड, मेरा गौरव' प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। उन्हें अपर समाहर्ता (एडीएम) मोहम्मद शफीक ने प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रियांशु ने प्रतियोगिता के अंतर्गत टिकारी किला के ऐतिहासिक एवं पर्यटन महत्व पर अपने विचार, तस्वीरें और वीडियो प्रस्तुत किए थे। उनके द्वारा भेजी गई प्रस्तुति का प्रखंड स्तर पर चयन किया गया जिसके आधार पर उन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि पर उनके परिवार एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने कहा कि टिकारी क्षेत्र ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। उन्होंने प्रियांशु की उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणादायी बताया।


**झारखण्ड सरकार कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग)**
**कार्यालय – जिला उद्यान पदाधिकारी, पलामू।**
**(उद्यानिकी योजनाओं के लिए आम –सूचना)**

वित्तीय वर्ष 2026–27 केन्द्रीय प्रायोजित PM-RKVY/KY योजनान्तर्गत National Bamboo Mission (NBM) के कार्यान्वयन हेतु जिला– पलामू के इच्छुक कृषकों से अनुदानित दर पर नीचे अंकित अवयवों का लाभ प्राप्त करने हेतु दिनांक – 04.08.2026 तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है ।
आवेदन आमंत्रण हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 में PM-RKVY/KY योजनान्तर्गत National Bamboo Mission (NBM) योजनाएँ निम्नवत्त हैः–

| Sl No. | Components | Unit | Physical Target | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Plantation using planting material from accredted/approved nursery (Govt) | Ha. | 9 | |
| 2 | Plantation using planting material from accredted/approved nursery (Private) | ha. | 30 | |

1. इन योजनाओं का लाभ लेने हेतु इच्छुक कृषक को कार्यालय से आवेदन प्राप्त कर विहित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भर कर पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा कराकर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 04.08.2026 तक 5.00 बजे अपराह्ण तक आवेदन दे सकते हैं।
2. आवेदन पत्र के साथ आवश्यक कागजात यथा आवेदक का फोटोग्राफ, आधार कार्ड, मोवाईल नं0, बैंक पासबुक, शपथ पत्र जमीन संबंधी अद्यतन रसीद या एल0पी0सी0 जिसके पीछे मुखिया द्वारा प्रमाणित वंशावली एवं आवेदक के हिस्से में पड़ने वाले जमीन का जिक्र हो संलग्न होना आवश्यक है।
3. एग्री स्मार्ट ग्राम को विससित करने हेतु योजना लाभ में प्राथमिकता दी जायगी। महिला कृषक एवं JSLPS से प्राप्त कृषक समूह / महिला स्वयं सहायता समूह / FPO को प्राथमिकता दी जायेगी।
4. लाभुक का चयन पदाधिकारी / कर्मी / उद्यान मित्र के द्वारा स्थल जॉच कर चयन समिति के सर्वाधिक उपयुक्त कृषक का चयन किया जायेगा।
5. आवेदन कार्यालय द्वारा उपलब्ध विहित प्रपत्र में ही भरा जायेगा, जिसे कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। अपूर्ण / गलत आवेदन / पूर्व में जिस किसान ने लाभ लिए हैं उनका आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।

नोटः–योजनाओं से संबंधित विशेष जानकारी हेतु जिला उद्यान कार्यालय, पलामू से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
पलामू

PR 386020 District(26-27)D



**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : सीनि. डीईएन/3/हावड़ा। ई-निविदा सं.: 182_2026-27, दिनांक 27.07.2026, **कार्य का विवरण:** एईएन/केडब्ल्यूएई एवं एनडीएई के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एनडीएई के अधिकार क्षेत्र में एलएचएस सं. 6/2, 7/3, 7/4, 8/2, 13, 15ए, 17/1, 17ए/4 इत्यादि के क्रॉस ड्रेन, हम्प के प्रावधान, ड्रेन एवं रिजर्वर से गाद की निकासी, ग्राउंटिंग, पम्प हाउस के निर्माण एवं अन्य आनुषंगिक कार्यो द्वारा एलएचएस की मरम्मत तथा एएमपी-केडब्ल्यूएई अनुभाग में केएनएचआर-डीएलएम स्टेशनों के बीच किमी. 23/10-11 पर एलसी सं. 7/सी/ई के स्थान पर सीमित ऊंचाई के सबवे के हिस्से के बचे हुए कार्य को सम्पन्न करना। **अनुमानित लागत:** रु. 3,83,34,897.92; **बयाना राशि:** रु. 7,66,700। **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 8 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 14.08.2026 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणी: आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-241/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व मध्य रेल**

**ई. निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं0–30 ऑफ 2026–27/ खुला/ इंजीनियरिंग, डीडीयू।**

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।
**निविदा सं0–12–डीडीयू–व0मं0इंजी0–III–26–27, कार्य का नाम एवं लोकेशन :** सहायक मंडल इंजीनियर/जपला के अधीन बीडी अनुभाग में मौजूद छोटे और बड़े पुल की मरम्मत और रखरखाव। **कार्य का अनुमानित लागतः** ₹ 16705527.06, **धरोहर राशिः** ₹ 334100.00, **ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 17.08.2026 को 12:00 बजे तक। **वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रजी पाठ मान्य होगा।
**मंडल रेल प्रबन्धक, पं0 दीन दयाल उपाध्याय**
**पीआर/622/डीडी0यू0/ईएनजीजी/टी/26–27/32**


## पर्याप्त वर्षा नहीं होने से धान की खेती प्रभावित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आमस (गया)।** आमस प्रखंड में पर्याप्त वर्षा नहीं होने से धान की खेती प्रभावित हो रही है। खेतों में पानी की कमी के कारण किसान मोटर पंप के सहारे सिंचाई कर धान की रोपाई करने को मजबूर हैं। डीजल और बिजली पर बढ़ते खर्च से खेती की लागत में लगातार इजाफा हो रहा है जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेत में कार्य कर रहे किसान स्वरूप यादव, पिंटू यादव और मुंशी भुइयां ने बताया कि इस वर्ष मानसून की बेरुखी के कारण धान की खेती संकट में है। उनका कहना है कि किसी तरह मोटर से सिंचाई कर रोपाई की जा रही है, लेकिन यदि जल्द अच्छी बारिश नहीं हुई तो फसल की पैदावार प्रभावित होगी और भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

संपादकीय

## प्रधान के इस्तीफे की अंतर्कथाएं

अब पूर्व हो चुके केन्द्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. धर्मेन्द्र प्रधान के कॉकरोचों के दबाव में इस्तीफा देने की अंदरूनी कहानियां सामने आने लगी हैं। बताया जाता है कि प्रधान स्वयं दो बार इस्तीफे की पेशकश कर चुके थे, लेकिन उसे यह कहकर ठुकरा दिया गया कि त्यागपत्र का मतलब जिम्मेदारी से भागना होगा। मोदी सरकार और भाजपा का यह आकलन ही उसके गले की हड्डी बन गया और छात्र आंदोलन सुरसा की तरह फैलता चला गया। इस्तीफे के एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आधी रात को इंस्टाग्राम पर वीडियो जारी कर आंदोलनकारी जेन ज़ी को आश्वस्त करने की कोशिश की, लेकिन उससे भी बात नहीं बनी। उल्टे आंदोलनकारियों की तीन प्रमुख मांगों में मंत्री के इस्तीफे की मांग ही मुख्य हो गई। अंत में प्रधानमंत्री, केन्द्रीय मंत्री अमित शाह और आरएसएस का भी मानना था कि अगर अभी इस्तीफा नहीं हुआ तो पूरा मामला हाथ से निकल जाएगा। आईबी की रिपोर्ट भी यही कह रही थी। सरकार को चिंता इस बात की थी कि अगर यह आंदोलन नेपाल की तर्ज पर हिंसक और बेकाबू हो गया तो भारी नुकसान होगा, सरकार की बदनामी होगी, सो अलग। इसके पहले सरकार ने आंदोलन में फूट डालने की कोशिश भी की। आमरण अनशन कर रहे सोनम वांगचुक के साथ अलग से बात कर समझौता किया गया, लेकिन आंदोलन के सूत्रधार अभिजीत दीपके से कोई बात नहीं की गई। एबीवीपी के छात्रों को भी आंदोलन में शामिल कराने की कोशिश हुई, लेकिन वो भी नाकाम रही। दूसरी तरफ आंदोलन और तेज होता गया। दूर दराज से लड़के-लड़कियां इस आंदोलन में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचने लगे। विपक्षी पार्टियों ने भी आंदोलन को पूरा समर्थन दे दिया। हालांकि आंदोलनकारी छात्रों ने विपक्ष को अपना मंच हाईजैक नहीं करने दिया। राहुल गांधी तो अंत तक जंतर मंतर नहीं गए। आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने आंदोलनकारियों से बात करने का इशारा किया। बताया जाता है कि धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा होगा, यह जानकारी केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अमित शाह और आरएसए को थी। सरकार की तरफ से आंदोलनकारियों से बातचीत कर रहे केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा और जितेंद्र सिंह को भी इसकी जानकारी बाद में मिली। इससे पहले किसान आंदोलन के हिंसक होने के बाद सरकार ने बिल वापस लिए थे। आंदोलनकारियों के सामने झुकने का ये दूसरा मौका है। आंदोलनकारी युवा प्रधान के इस्तीफे को सरकार का झुकना बता रहे हैं तो भाजपा के सूत्रों का कहना है कि यह इस्तीफा सरकार की रणनीति का हिस्सा है। यानी दो कदम आगे जाने के लिए एक कदम पीछे खींचने की रणनीति। जहां तक इस्तीफे की बात है तो किसी आंदोलन के दबाव में ऐसा पहली बार हुआ है। यहां तक कि किसान आंदोलन के बाद सरकार ने तीन विवादित कृषि कानून वापस लिए थे, लेकिन इस्तीफा किसी का नहीं हुआ था। बहरहाल आंदोलन समाप्त हो गया है। आंदोलनकारी छात्र अपने घरों को लौट गए हैं। लेकिन सभी की निगाहें इस बात पर रहेंगी कि सरकार छात्रों की बाकी दो मांगों का क्रियान्वयन कब और कैसे करती है। इन दो मांगों में छात्रों पर लाठियां बरसाने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई तथा नीट पेपर लीक होने के बाद हताशा में आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिजनों को 1-1 करोड़ रू. का मुआवजा देना शामिल है। अगर सरकार इन वादों से मुकरी तो जंतर मंतर पर फिर से आंदोलन शुरू हो सकता है। मोदी सरकार ही क्या, कोई भी सरकार युवाओं को इस तरह नाराज नहीं कर सकती। क्योंकि आने वाले कई सालों तक वोटर रहने वाले हैं। दूसरे, जो मुद्दा छात्र उठा रहे थे, वो बिल्कुल जायज था।

# सम्राट सरकार के 100 दिन : सेवा, संकल्प और समर्पण के नए युग का शंखनाद



डॉ. संजय मयूख

सत्ता का वास्तविक मूल्य उसके वर्षों में नहीं, बल्कि उन प्रारंभिक दिनों में निहित होता है, जब संकल्प नीतियों का रूप लेते हैं और नीयत जनता के विश्वास में परिवर्तित होने लगती है। किसी भी नई सरकार के पहले 100 दिन केवल प्रशासनिक उपलब्धियों का लेखा-जोखा नहीं होते, बल्कि वे उसके चरित्र, कार्यशैली और भविष्य की दिशा का उद्घोष होते हैं। बिहार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने अपने कार्यकाल के 100 दिन पूरे करते हुए केवल शासन का संचालन नहीं किया है, बल्कि विकास, सुशासन और जनसेवा के एक नए अध्याय का शंखनाद किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प में विकसित बिहार की निर्णायक भूमिका है। इसी राष्ट्रीय दृष्टि, नीतीश कुमार के दूरदर्शी मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के ऊर्जावान नेतृत्व के समन्वय ने इन 100 दिनों को बिहार के भविष्य की एक सशक्त प्रस्तावना बना दिया है। कार्यभार संभालते ही जिस गति और स्पष्टता के साथ निर्णय लिए गए, उन्होंने यह संकेत दे दिया है कि बिहार अब विकास की बुलेट ट्रेन पर सवार होकर नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ने के लिए पूरी तरह तैयार है।

नीतीश कुमार ने वर्षों के अथक प्रयासों से बिहार में सुशासन की जो सुदृढ़ आधारशिला रखी, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में वही आधार अब आधुनिक, आत्मनिर्भर और विकसित बिहार के निर्माण का मजबूत स्तंभ बन रहा है। इन 100 दिनों में राज्य सरकार ने रोजगार, शिक्षा, कृषि, निवेश और प्रशासनिक सुधारों के क्षेत्र में जिस तीव्रता और दूरदृष्टि के साथ निर्णय लिए हैं, वे स्पष्ट संकेत देते हैं कि नया बिहार उद्यमशीलता, तकनीक और सुशासन के बल पर अपनी ऐतिहासिक पहचान को पुनः स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है।



**औद्योगिक क्रांति, बुनियादी ढांचा और रोजगार का नया सवेरा-** किसी भी राज्य की समृद्धि उसके औद्योगिक वातावरण और निवेश पर निर्भर करती है। वर्षों तक बिहार के सामने सबसे बड़ी चुनौती युवाओं का रोजगार के लिए पलायन रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार ने इसी मूल समस्या पर प्रहार करते हुए वर्ष 2030 तक राज्य में पाँच लाख करोड़ रुपये के औद्योगिक निवेश का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। यह केवल निवेश का आंकड़ा नहीं, बल्कि बिहार के युवाओं को अपने ही राज्य में सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराने का दृढ़ संकल्प है।

निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने लालफीताशाही को कम करते हुए प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और निवेशक-अनुकूल बनाया है। शहरीकरण को नई दिशा देने के उद्देश्य से राज्य में 12 अत्याधुनिक टाउनशिप विकसित करने की घोषणा की गई है। यह पहल न केवल आधारभूत संरचना और रियल एस्टेट क्षेत्र को नई गति देगी, बल्कि लाखों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी सृजित करेगी।

राज्य राजमार्गों, पुलों और सड़कों के निर्माण में भी अभूतपूर्व तेजी लाई गई है। पर्यटन के क्षेत्र में बिहार की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए हेली टूरिज्म की शुरुआत एक महत्वपूर्ण पहल है, जो देश-विदेश के पर्यटकों को राज्य के प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों से जोड़ेगी।

स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए बिहार के मेडिकल कॉलेज अस्पतालों का विकास अब लोक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत किया जाएगा। इस नीति के अंतर्गत राज्य के विभिन्न जिलों में कुल 33 मेडिकल कॉलेज अस्पतालों का तीव्र गति से विकास प्रस्तावित है, जिससे लोगों को स्थानीय स्तर पर ही आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

**शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण – नए बिहार की मजबूत नींव-** शिक्षा कभी बिहार की वैश्विक पहचान रही है। उसी गौरव को पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से सरकार ने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रभावी क्रियान्वयन तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए 551 सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूलों की स्थापना की योजना शिक्षा क्षेत्र में परिवर्तनकारी कदम है। उच्च शिक्षा को प्रत्येक युवा की पहुंच तक ले जाने के लिए 211 प्रखंडों में नए डिग्री कॉलेज खोलने का निर्णय लिया गया है।

तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में बिहार को अग्रणी बनाने के उद्देश्य से कई नए विश्वविद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें देश का अपनी तरह का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विश्वविद्यालय भी शामिल है। यह पहल बिहार के युवाओं को भविष्य की वैश्विक चुनौतियों के अनुरूप तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। वहीं शिक्षकों के लिए अंक आधारित पारदर्शी स्थानांतरण नीति ने वर्षों से चली आ रही अपारदर्शी व्यवस्था पर प्रभावी अंकुश लगाया है।

स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए नई रेफरल नीति लागू की गई है, ताकि मरीजों को समय पर उचित चिकित्सा उपलब्ध हो सके। महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण, जो श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की प्राथमिकताओं में सदैव शामिल रहा है, उसे और मजबूत करते हुए स्कूलों एवं कॉलेजों में पुलिस दीदी की तैनाती का निर्णय लिया गया है। यह पहल बेटियों में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण निर्मित करेगी। साथ ही स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए भी व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं।

**अन्नदाता का सम्मान, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पारदर्शी सुशासन-** भारत की आत्मा गांवों में बसती है और बिहार की अर्थव्यवस्था का आधार कृषि है। कमजोर मानसून की परिस्थितियों को देखते हुए सरकार ने किसानों के हित में प्रतिदिन 12 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जिससे सिंचाई की समस्या के समाधान में बड़ी सहायता मिलेगी।

पारंपरिक खेती के साथ-साथ कृषि आधारित स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को इन नवाचारों से जोड़कर कृषि को आधुनिक और लाभकारी बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

सुशासन और प्रशासनिक जवाबदेही एनडीए सरकार की कार्यशैली का मूल आधार है। आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए %सहयोग शिविर% प्रारंभ किए गए हैं, जिनमें 30 दिनों के भीतर जन-शिकायतों का निस्तारण अनिवार्य किया गया है। समयसीमा का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई का प्रावधान यह स्पष्ट करता है कि अब व्यवस्था जनता के प्रति अधिक जवाबदेह बन रही है।

सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में प्रत्येक माह की 10 तारीख को पेंशन दिवस घोषित किया गया है, जिससे बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को समय पर पेंशन उपलब्ध हो रही है। जुलाई माह में 1,100 मासिक पेंशन के रूप में डीबीटी के माध्यम से 97.84 लाख सामाजिक सुरक्षा लाभार्थियों के खातों में कुल 1,423.94 करोड़ की राशि हस्तांतरित की गई।

पंचायती राज व्यवस्था को और सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को ग्रामसभा की अनिवार्य बैठक तथा पंचायतों के परिसीमन की घोषणा लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वहीं मुख्यमंत्री श्री चौधरी द्वारा अपने सरकारी आवास का नाम बदलकर लोक सेवक आवास करना केवल एक प्रतीकात्मक निर्णय नहीं, बल्कि इस विचार का सार्वजनिक उद्घोष है कि सरकार स्वयं को शासक नहीं, बल्कि जनता का सेवक मानती है।

**निष्कर्ष-** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में पूरे हुए ये 100 दिन केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि विकसित बिहार की यात्रा की सशक्त शुरुआत हैं। रोजगार सृजन, शिक्षा में तकनीकी नवाचार, किसानों की आय वृद्धि, निवेश, आधारभूत संरचना और सुशासन के क्षेत्र में इन शुरुआती दिनों में जो दिशा निर्धारित की गई है, वही आने वाले वर्षों में विकसित बिहार की मजबूत आधारशिला सिद्ध होगी।

एनडीए सरकार ने यह विश्वास मजबूत किया है कि जब केंद्र और राज्य में समान विकास दृष्टि वाली सरकारें कार्य करती हैं, तब योजनाएं फाइलों तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि धरातल पर उतरकर जनजीवन में परिवर्तन का माध्यम बनती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व, नीतीश कुमार का प्रशासनिक अनुभव और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की ऊर्जा एवं कार्यकुशलता– यह त्रिवेणी बिहार के उज्ज्वल भविष्य की नई आशा बनकर उभरी है। बिहार अब ठहराव का नहीं, बल्कि तीव्र गति से विकास की ओर अग्रसर राज्य के रूप में अपनी नई पहचान गढ़ने के लिए पूरी तरह तैयार है।

**(लेखक बिहार विधान परिषद के सदस्य तथा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं।)**

# आक्रोश का प्रदर्शन या प्रतिरोध का कार्निवाल

**अंततः धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा हो गया, लेकिन यह जेन-जी प्रणीत आंदोलन के प्रथम चरण की समाप्ति है। यह युवा वर्ग के आंदोलन के कथानक का अल्पविराम है। प्रथम और आगामी चरण के मध्यवर्ती अंतराल में स्वाभाविक तौर पर हमें यह सोचना होगा कि हम इसे क्या कहें - आक्रोश का अपूर्व उत्सव अथवा प्रतिरोध का कार्निवाल? बिलाशक यह बापू के दिये 'यंत्र' और 'मंत्र' (जंतर-मंतर) की ऐतिहासिक जीत है, लेकिन इसका अपूर्व चरित्र इसके लिये नयी संज्ञा की मांग करता है। गौर करें तो शब्दकोश में इसके लिये कोई उपयुक्त शब्द नहीं है। यह आंदोलन भी है और आक्रोश की अभिव्यक्ति भी। मगर इसका अंदाज अलग है। इसका चरित्र औपनिवेशिक युग और स्वांत्रयोत्तर काल के इस तरह के सामूहिक उपक्रमों से सर्वथा भिन्न है।**

डॉ. सुधीर सक्सेना

यकीनन जेन-जी आंदोलित और उद्वेलित है। उसकी मुष्ठियां भिंची हुई हैं, लेकिन उसके भीतर किसी के लिये घृणा, बैर अथवा वैमनस्य नहीं है। जंतर-मंतर पर उसका हुजूम मतवालों की अलमस्त टोलियों सा नजर आता है। आंदोलन का यह पैटर्न विश्व में नया है। दिल्ली का जेन-जी आंदोलन ढाका या काठमांडू और बरसों पहले के बीजिंग के थ्येन-आनमन आंदोलन से अलहदा है। वह हिंसक या अराजक नहीं है। जंतर-मंतर का आंदोलन गांधीवादी मूल्यों की महत्ता और प्रभाव की दिलचस्प मिसाल है। इसकी रगों में अन्याय के प्रतिकार के साथ ही सत्य और अहिंसा की भावना प्रवाहमान है। मजेदान बात है कि इसका अंदाज या चरित्र कुछ ऐसा है कि शब्दकोश न्यून हो गया है। क्या इसे आक्रोश का उत्सव कहें? नहीं, उत्सव या जश्न तो अंतिम चरण की सफलता के बाद का प्रसंग होता है। तो क्या हम इसे प्रतिरोध का कार्निवाल कह सकते हैं?

आंदोलन को पहली सफलता छत्तीस दिन बाद मिली। छत्तीस दिन कम नहीं होते। कैलेंडर के पन्नों के फड़फड़ाने के साथ ही आंदोलन हाँफने लगता है। धैर्य चुकने से आंदोलन बेपटरी भी हो सकता है, लेकिन जंतर-मंतर का संघर्ष डिगा नहीं, इस दौर में मेन स्ट्रीम मीडिया फिर कर्तव्यच्युत दिखा, किंतु सोशल मीडिया सशक्त अवतार के रूप में सामने आया। गैर-पेशेवर किरदारों ने पल-पल की तस्वीरें जुटायीं और हर कोण से चीजों को पेश किया। इस आंदोलन से मुझे जेपी आंदोलन और अपने भूमिगत दिनों की याद हो आयी। मुझे राष्ट्रकवि दिनकर की 'सिंहासन खाली करो कि जनता आती है' और डॉ. धर्मवीर भारती की 'मुनादी' कविता की याद आई। मुझे ताबड़तोड़ गिरफ्तारियां याद आईं, लेकिन जंतर-मंतर आंदोलन से मुझे नये सबक मिले। यह पाठ रगों में रक्त का संचार करता है कि जेन-जी या युवा पीढ़ी सचेत है। एक बारगी दृश्यों को याद करें। कोई झंडा या बैनर नहीं, मगर बच्चे हैं कि चले आ रहे हैं। स्वतंत्र-भारत के इतिहास में यह पहला आंदोलन है, जिसमें लड़कियों ने इतनी तादाद में स्वयं स्फूर्त शिरकत की। कोई 'इंसेंटिव' नहीं, कोई फंडिंग नहीं। वे अभिभावकों को बिना बताये छिपकर आईं। निडर और निश्चिंत। गांधी ने और क्या किया था। उन्होंने अमीर-गरीब, मजदूर-किसान सबको योद्धा में बदल दिया था। उनकी जंग सत्य और सत्ता की जंग थी। गांधी जिसे आत्मबल कहते थे, वह इस आंदोलन में सतत देखने को मिला। जाति-धर्म, जेंडर, छोटे-बड़े का कोई भेद नहीं। कोई छीनाझपटी, छेड़छाड़ का प्रसंग नहीं। देखें तो लगे कि बच्चे दिलजोई या तफरीह करने चले आ रहे हैं। लेकिन नहीं, वे खोट और खुरंटग्रस्त शिक्षा व्यवस्था में बदलाव चाहते थे। आंदोलन की तासीर देखिये। दमन, प्रताड़ना और बेरूखी के बावजूद पुलिसकर्मियों तक को गुलाब के फूल, पानी बाटलें और फूड पैकेट ऑफर किये गये और ऐसे संबोधन व नारे सुने गये, जिससे वे शर्मसार हो जायें। प्रदर्शनकारियों के लिये फूड, पानी बॉटल्स,



डस्टबीन और प्री सेफ के दूर-दूर यहां तक कि विदेशों से ऑर्डर किये गये। धरना स्थल पर गाने-बजाने, पैरोडी मिमिक्री और कोरस-गान के दृश्य थे। बापू से जब एक विदेशी संवाददाता ने पूछा था कि बापू आपका अपने दुश्मनों के लिये क्या संदेश है, तो बापू ने कहा था -'मेरा तो कोई दुश्मन हीं नहीं है।' आंदोलन ने लोगों के मन से डर या हौबा निकाल दिया। इस आंदोलन ने तस्दीक कर दी कि गांधी इस महोदश की रगों में है। बापू ने कोटि-कोटि जनों में जो लौ बाली थी, वह अभी बुझी नहीं है। सत्ता ने गलतियां कीं। उसने संवाद की अहमियत को बिसरा दिया। 20 जुलाई को पुलिस की बर्बरता ने सत्ता की छवि कलुषित की और आग में घी का काम किया। बच्चों की साहसिक सहनशीलता ने माँ-पिताओं और बड़े-बूढ़ों को जंतर-मंतर पहुंचने को प्रेरित किया। बेटे-बेटियों का आचरण धिक्कार का हेतु बना। इस आंदोलन ने कइयों की कलई खोल दी। इसमें अव्वल रहे सोनम वांगचुक। निजी अस्पताल में सत्तापक्ष के हाथों जूस पीकर उन्होंने जिस प्रकार अनशन तोड़ा, उससे उनकी विश्वसनीयता और प्रतिष्ठा को क्षति पहुंची। रही सही कसर उनके इस आशय के बयान ने पूरी कर दी कि वह लद्दाख के उपराज्यपाल विनय सिन्हा के कहने पर सीजेपी के आंदोलन में शरीक हुये।

राहुल और अखिलेश के बारे में वांगचुक-दंपत्ति के बयान भी गैर जरूरी थे। जहां तक सीजेपी का प्रश्न है, सीजेआई की टिप्पणी से यकबयक जनमी सीजेपी और उसके नेताओं को अभी और इम्तहान देने होंगे। जेपी और अन्ना आंदोलन के परिप्रेक्ष्य में उसके बारे में प्रतिपक्ष और बौद्धिकों के मन में ढेर सारे संशय है। यह अकारण नहीं है कि केजरीवाल को आंदोलनकारियों की ओर से कोई भाव नहीं मिला, जबकि जेएनयू की नेहा बोरा संघर्षचेता नेत्री बनकर उभरीं।

राहुल गांधी, जिन्होंने पूरे दौर में साहस और सतर्कतापूर्वक कदम उठाये, से उनका सार्थक संवाद उन्हें भविष्य में जमीन मुहैया कर सकता है। राहुल सुर्खियों में रहे, अलबत्ता उन्होंने औरों को 'स्पेस' दिया और फ्रेम में अकेले रहने से परहेज बरता। वह आगे आंदोलन के हिमायती हैं। मोदी को भारत का अतीत बताते हुये उनकी यह टिप्पणी आगे भी कौंधती रहेगी कि पास्ट कैन नेवर फाइट द फ्यूचर। क्या अतीत भविष्य का मुकाबला कर सकता है? यह जंतर-मंतर आंदोलन की सफलता है कि उसने सारे देश को उद्वेलित कर दिया है। प्रदर्शन की आंच विदेशों तक में पहुंच गयी है। बौद्धिक प्रायः जेन-जी के साथ हैं। सुप्रीम कोर्ट की बार कौंसिल उनके साथ है। दिल्ली के वेधशाला ने भारतीय राजनीति का तापमान बढ़ा दिया है।

दिल्ली पुलिस की किरकिरी हुई है। प्रसंग अवांतर है। पुणे में एसपी कांबले ने पुलिस बल को युवकों पर कतई बल प्रयोग नहीं करने का ऐलान किया तो छात्रों ने 'दिल्ली पुलिस हाय-हाय, पुणे पुलिस आई लव यू' के नारे लगाये। यह 'फ्यूजन' का दौर है। जेन-जी के आंदोलन में भी कई चीजें घुलमिल गयी हैं। जंतर-मंतर के असमाप्त आंदोलन का चरित्र भी इसी 'सायुज्य' की देन है। उसमें सत्य भी है, सविनय अवज्ञा भी है, अन्याय के प्रतिकार का संकल्प है और प्रेम और अहिंसा भी। जेन-जी भारत का भविष्य है। उसके सपने, आशाएं और उसकी चिंताएं सारे भारत के लिए मायने रखती हैं। रिश्तों का यह कथानक मुझे मक्सीम गोर्की की कहानी 'सीला मातिरी' (मातृशक्ति) की याद दिलाता है। सत्य और सत्ता की मुसलसल जंग में अभी यह देखा जाना शेष है कि आंदोलन के आगे के चरणों में सत्ता क्या रवैया अख्तियार करती है?

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
अपनी योग्यता को सिद्ध करने के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन में अस्थिरता रहेगी। जॉब को लेकर आपको थोड़ा परेशान होना पड़ सकता है।

**वृषभ**
दिन की शुरुआत में जो काम उलझे हुये थे शाम तक उन्हें सुलझाने में सफलता मिलेगी। अपनी जीवनशैली के प्रति लापरवाह न हों।

**मिथुन**
दिन का प्रारम्भिक भाग तनावयुक्त रहेगा। रुका हुआ काम बन सकता है। कुछ लोग आपके अच्छे कार्यों व योगदान की उपेक्षा कर सकते हैं।

**कर्क**
दाम्पत्य सम्बन्धों में पारदर्शिता रखें। विद्यार्थियों के मन में परीक्षा को लेकर दबाव हो सकता है। विदेश यात्रा में समस्या हो सकती है।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र की आन्तरिक व्यवस्था पर काम करेंगे। नये उद्यमों की शुरुआत कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। विरोधी आपके सामने कमजोर पड़ेंगे।

**कन्या**
आय के नये स्रोत विकसित हो सकते हैं। पुराने किसी निवेश में बड़ा धन लाभ होगा। परिजनों का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। वरिष्ठ सहकर्मी आपका मनोबल बढ़ायेंगे।

**तुला**
कानूनी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। मार्केटिंग सम्बन्धी कार्य लाभकारी होंगे। अचानक बड़े खर्च सामने आ सकते हैं।

**वृश्चिक**
अपरिचित लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें। जॉब में आपकी आय बढ़ सकती है। आज आप कहीं पर्यटन की योजना बना सकते हैं।

**धनु**
दिन की शुरुआत नकारात्मक रहने वाली है। विचारशैली में नयापन आयेगा। जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। आपकी दिनचर्या काफी बोरियत भरी हो सकती है।

**मकर**
पारिवारिक जीवन में खुशहाली रहेगी। व्यवसाय में आय अपेक्षाकृत कम हो सकती है। लम्बी दूरी की यात्रा से परेशानी होगी। अपनी महत्वाकांक्षाओं को बच्चों पर न थोपें।

**कुंभ**
नया कार्य आज शुरू कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा। जॉब को लेकर यात्रा करनी पड़ेगी। एसिडिटी की समस्या हो सकती है।

**मीन**
पुरानी उधारी चुकाने में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। व्यापारिक डील से आपको लाभ होगा। प्रेम सम्बन्धों को लेकर थोड़े भावुक रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यालय तक पहुंचने के लिए कोई रास्ता नहीं

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के धनामा मुबारकपुर पंचायत के पूरा गांव में प्राथमिक विद्यालय पूरा एक ऐसा विद्यालय है यहां पढ़ने वाले बच्चों को करीब 4 महीने तक काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है हालत यह है कि बरसात के दिनों में सड़क से विद्यालय तक पहुंचाने के लिए कोई रास्ता नहीं होने के चलते साथ ही गड्ढे में काफी पानी भरा होने के चलते लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है कपड़े गंदे हो जाते हैं सबसे ज्यादा दिक्कत तो महिला शिक्षकों को होती है जिसके चलते विद्यालय तक पहुंचना एक कठिन काम साबित हो जाता है स्थानीय लोगों का कहना है कि शिक्षा विभाग और स्थानीय प्रतिनिधि से इसकी कई बार शिकायत की गई है और रास्ता बनवाने का निवेदन किया गया है लेकिन आज तक विद्यालय तक पहुंचाने के लिए कोई रास्ता नहीं बनाया गया जिसके चलते बच्चों के पढ़ाई पर भी इसका बुरा असर पड़ता है मामले पर जब प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमित कुमार से बात की गई तो उन्होंने विभाग को पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराने की बात कही है।

### मसौढ़ी में मध्याह्न भोजन की थाली में फिर निकला कीड़ा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकारी स्कूलों में मध्यान भोजन की गुणवत्ता एक बार फिर सवालों के घेरे में है। मसौढ़ी प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय तारेगना मुसहरी में मंगलवार को बच्चों को परोसे गए भोजन की थाली में कीड़ा निकलने के बाद सभी बच्चों ने खाना फेंक दिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को जैसे ही बच्चों को एमडीएम की थाली दी गई, एक बच्चे की थाली में चावल के साथ सफेद रंग का कीड़ा दिखा। इसे देखते ही अन्य बच्चों ने भी खाना नहीं खाया और थाली फेंक दी,विद्यालय की प्रधानाध्यापक अस्मिता कुमारी ने बताया कि यह बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ है। हमारे विद्यालय में 40 बच्चे नामांकित हैं। भोजन की गुणवत्ता खराब होने के कारण बच्चों की उपस्थिति लगातार कम हो रही है। इसकी शिकायत हमने अपने कार्यालय को दे दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब से एमडीएम की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूह को दी गई है, तब से कई स्कूलों में खाने की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें मिल रही हैं। कहीं भोजन बासी मिल रहा है तो कहीं उसमें कीड़े निकल रहे हैं।प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्री कुमार ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है। टीम भेजकर जांच कराई जाएगी। दोषी पाए जाने पर संबंधित समूह पर कार्रवाई की जाएगी। बच्चों के स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।



### कार से 400 लीटर देसी शराब बरामद

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहटा सरमेरा पथ पर चल रही पिपरा पुलिस की रात्रि वाहन चेकिंग के दौरान खपुरा गांव के समीप पुलिस को देख एक वैगनआर कार चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। तलाशी में कार से 400 लीटर देसी शराब बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार गश्ती दल मुख्य सड़क पर वाहन चेकिंग कर रहा था। इसी दौरान वैगनआर कार को पुलिस की गाड़ी आती देख चालक ने मुख्य सड़क से करीब 50 मीटर पहले गाड़ी खड़ी कर दी और अंधेरे की तरफ दौड़कर भाग निकला। पुलिस ने काफी दूर तक पीछा किया, लेकिन अंधेरे की वजह से वह भागने में सफल रहा।इसके बाद पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में खड़ी कार की तलाशी ली। कार के अंदर से बोरों में रखी लगभग 400 लीटर देसी शराब बरामद हुई। शराब को जब्त कर थाने लाया गया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि वाहन को जप्त कर लिया गया है। कार मालिक और फरार चालक की पहचान के लिए नंबर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। शराब तस्करी के अन्य कनेक्शन खंगाले जा रहे हैं। मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।




### मशरूम से स्वरोजगार पांच दिवसीय कौशल प्रशिक्षण आयोजित

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कृषि विज्ञान केन्द्र बाढ़ में मशरूम उत्पादन विषय पर ग्रामीण युवक/युवतियों के लिए पांच दिवसीय कौशल प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उदघाटन डा. रीता सिंह, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान एवं कार्यक्रम का मुख्य प्रशिक्षक राजीव कुमार, वैज्ञानिक (मृदा विज्ञान, डा. पुष्पम पटेल, वैज्ञानिक (उद्यान) एवं संगीता कुमारी, वैज्ञानिक के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को खाने योग्य विभिन्न मशरूम का परिचय, उसे उगाने हेतु आधारभुत संरचना निर्माण, विभिन्न मशरूम को उगाने हेतु अनुकूल तापक्रम एवं आद्रता की स्थिति भूसे का निजीर्वीकरण, स्पॉनींग आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रायोगिक कक्षा में आज प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा आएस्टर मशरूम के लिए भूसे का शोधन, स्पॉनींग एवं बैग तैयार किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पटना जिले के विभिन्न प्रखंडो से कुल 40 प्रशिक्षणार्थी भाग ले रहे हैं।



### भाकपा-माले ने मनाया चारू मजूमदार का शहादत दिवस

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाकपा-माले के संस्थापक महासचिव कॉमरेड चारू मजूमदार का शहादत दिवस मंगलवार को मसौढ़ी अनुमंडल सहित पूरे जिले में मनाया गया। मसौढ़ी कार्यालय, धनरूआ और पुनपुन कार्यालय के साथ-साथ विभिन्न पंचायतों में पार्टी कार्यकताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर पुष्पांजलि अर्पित की कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि कॉमरेड चारू मजूमदार वामपंथी आंदोलन की क्रांतिकारी धारा के स्तंभ थे। उनकी विरासत कार्यकताओं को जन संघर्षों में साहस देती है। नेताओं ने बिहार में आंदोलनकारियों की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए सभी को जल्द रिहा करने की मांग की।बैठक में 30 जुलाई को राज्यव्यापी शांतिपूर्ण प्रतिवाद मार्च में सड़कों पर उतरने और 6 अगस्त को पालीगंज में भाकपा-माले महासचिव कॉमरेड दीपंकर भट्टाचार्य की सभा में सैकड़ों की संख्या में शामिल होने का संकल्प लिया गया। साथ ही ग्राम पंचायतों में जनाधार बढ़ाने, बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने और सदस्यता अभियान पूरा करने पर जोर दिया गया।मसौढ़ी में राज्य कमेटी सदस्य कमलेश कुमार, नागेश्वर पासवान, उमा यादव, बिटेश्वर यादव सहित कई नेता मौजूद थे। धनरूआ में अक्लू पासवान, निरंजन वर्मा और पुनपुन में जयप्रकाश पासवान, मोहन पासवान ने सभा की अध्यक्षता की।



### फरार 3 अभियुक्तों के घर चिपकाया इश्तिहार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फायरिंग कर दहशत फैलाने, अवैध हथियार रखने और अवैध शराब बनाने के मामले में फरार चल रहे 3 अभियुक्तों के घरों पर कदीरगंज पुलिस ने विधिवत तौर पर ढोल बजाकर कर पुरे गांव में शोर शराबे के साथ इश्तेहार चिपकाकर सरेंडर की चेतावनी दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना कांड संख्या 102/25 के तहत रेपुरा दौलतपुर रोड पर दो गुटों के बीच हुई फायरिंग और अवैध देसी चुलाई शराब मामले में फरार अभियुक्तों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। इश्तिहार तामिला कराए गए अभियुक्तों में प्रमोद कुमार और सोनम कुमार पिता विजय प्रसाद तथा विजय प्रसाद पिता गोरख प्रसाद शामिल हैं। तीनों साकिन बलवापर के निवासी हैं। पुलिस ने ढोल-ताशा के साथ उनके घरों पर इश्तिहार चिपकाया।पुलिस ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय में सरेंडर नहीं करने पर आरोपियों की संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। आर्म्स एक्ट के इस अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।





# यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन, बिहार राज्य कार्यकारिणी और काउंसिल की बैठक

## पूर्णिया यूनिट विनर और पाटलिपुत्र यूनिट बनी रनर




**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया,बिहार राज्य शाखा की राज्य कार्यकारिणी और काउंसिल बैठक रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल खगौल में राज्याध्यक्ष ए.के बोस की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर संगठन के उद्देश्यों ,नियमों की जानकारी और सवाल जवाब आदि के लिए खास कर कार्यशाला भी आयोजित किया गया। राज्य कमिटी बैठक की सफल और सुव्यवस्थित रूप से बेहतर मेजबानी के लिए पाटलिपुत्र यूनिट को राज्य कमिटी और विभिन्न जिलों से आए यूनिटों के सदस्यों ने ताली बजा कर आभार व्यक्त किया है 'पूर्णिया यूनिट को वर्ष 2025 का 'बेस्ट यूनिट' का विजेता और पाटलिपुत्र यूनिट यूनिट को उपविजेता का पुरस्कार प्रदान किया गया। रेलवे सेकेंडरी स्कूल में पौधे भी लगाए गए। बैठक में खास कर स्कूलों, कॉलेजों और युवाओं के बीच सदस्यता अभियान चला कर यूथ हॉस्टल्सएसोसिएशन के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल कर उस की जिम्मेदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। इसमें मुख्य रूप से एडवेंचर कैंपः ट्रेकिंग, साइक्लिंग, रॉक क्लाइंबिंग, नेचर कैंप रक्तदान शिविर, मेडिकलकैंप,स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, योग, खेल, कला, डोनेशन ट्रेकिंग फॅमिली टूर प्रोग्राम जैसे कार्यक्रमों को आयोजित करने के साथ साथ राष्ट्रीय एकता, अनुशासन ,संस्कार, देश,परिवार, समाज हित आदि जैसे कार्यो के लिए जागरुकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। बैठक में प्रदेश राज्य कार्यकारिणी के प्रदेश अध्यक्ष ए.के बोस, उपाध्यक्ष सुधीर,मधुकर, मोहन कुमार,सचिव सिद्धार्थ प्रताप, कोषाध्यक्ष प्रियेश रंजन, वहीं पूर्णिया यूनिट के अजय कुमार, पाटलिपुत्र के डॉ पवन अग्रवाल, डॉ नम्रता आनंद, ज्ञानेश्वर,मोहन पासवान, अनीता कुमारी,संजीव कुमार,भोजपुर के अनिल राज, अनुराग सिंह,शाहाबाद के रमाकांतसिन्हा, सोनी, कटिहार के सुभाष चौ. झा, पी सी झा, ए के गुप्ता आदि शामिल थे। इस आयोजन सफल बनाने में पाटलिपुत्र यूनिट के ऋषिकेश नाथ, फिनिश अकेला, धर्मेन्द्र सिंह, जितेन्द्र वत्स, चंदू प्रिन्स, मोहम्मद खुर्शीद चन्द्रशेखर भरत, जयपाल सिंह, कौशल कुमार अरुण कुमार, अशोक कुमार आदि ने महत्पूर्ण योगदान किया है।

# ऑपरेशन बिजली चोरीः धनरूआ में 85 हजार, मसौढ़ी में 50 हजार का जुर्माना

## मधुबन और नदौल में धावादल की छापेमारी, 7 उपभोक्ताओं पर केस दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिजली चोरी के खिलाफ बिजली विभाग के धावादल ने ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू कर दी है। अभियान के तहत धनरूआ के मधुबन गांव में 5 और मसौढ़ी के नदौल पचपन पर गांव में 2 उपभोक्ताओं पर बिजली चोरी का मामला पकड़ा गया। कुल 1 लाख 35 हजार 147 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। कनीय विद्युत अभियंता आशीष कुमार ने बताया कि मधुबन गांव में की गई जांच में 5 उपभोक्ता टोक फंसाकर बिजली चोरी करते पकड़े गए। इन पर कुल 85 हजार 147 रुपये का जुमार्ना लगाया गया और धनरूआ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिन पर कार्रवाई हुई उनमें देवेंद्र दास, लालबाबू दास, सुगिया देवी और शिवलाल दास के कृषि कनेक्शन पर 16 हजार 310-16 हजार 310 रुपये तथा दिलीप साव के घरेलू परिसर पर 19 हजार 907 रुपये का जुर्माना शामिल है। वहीं मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नदौल पचपन पर गांव में भी 2 उपभोक्ता घरेलू परिसर में बिजली चोरी करते पकड़े गए। सुरेंद्र प्रसाद पर 37 हजार 706 रुपये और रमेश प्रसाद पर 12 हजार 329 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। यहां भी प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस तरह मसौढ़ी में कुल 50 हजार 35 रुपये का जुमार्ना वसूला गया।विद्युत कार्यपालक अभियंता पवन कुमार ने बताया कि मसौढ़ी, धनरूआ और पुनपुन में एक संयुक्त धावादल गठित किया गया है। बिजली चोरी रोकने के लिए लगातार छापेमारी की जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे विधिवत मीटर लगवाकर ही बिजली का उपयोग करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रो. कलानाथ मिश्र का विदाई समारोह महाविद्यालय सभागार में आयोजित




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुग्रह नारायण महाविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. कलानाथ मिश्र के सम्मान में आयोजित विदाई समारोह महाविद्यालय के सभागार में गरिमापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने कहा कि प्रो. कलानाथ मिश्र हिंदी साहित्य के गंभीर अध्येता होने के साथ-साथ एक कुशल प्रशासक भी हैं। उन्होंने अपने नेतृत्व एवं कार्यकुशलता से अनुग्रह नारायण महाविद्यालय के हिंदी विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाई है। उन्होंने प्रो. मिश्र के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके जीवन की नई पारी के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। पटना विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. नमिता सिंह ने कहा कि प्रो. कलानाथ मिश्र ने अपने दीर्घ सेवाकाल में हिंदी भाषा एवं साहित्य के संवर्धन के साथ-साथ महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को नई दिशा प्रदान की। इस अवसर पर प्रो . शैलेश कुमार सिंह, प्रो. अरुण कुमार सिंह, प्रो. विनोद झा, प्रो. मनीष कुमार, प्रो. शबाना, डॉ. कुमार वरुण, डॉ. मधु, डॉ. भारती सहित अन्य सभी वक्ताओं ने प्रो. मिश्र के शैक्षणिक, साहित्यिक एवं प्रशासनिक योगदान की मुक्तकंठ से सराहना की और उनके स्वस्थ, सुखद एवं सक्रिय जीवन की शुभकामनाएं व्यक्त कीं। प्रो. कलानाथ मिश्र ने महाविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहाँ प्राप्त स्नेह, सहयोग एवं सम्मान उनके जीवन की अमूल्य धरोहर रहेगा। समारोह के अंत में प्रो. मिश्र को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।

# राज्य स्तरीय रेड रन 2026 में ए. एन. कॉलेज की उल्लेखनीय सहभागिता, डॉ. अमृता चक्रवर्ती को मिला 'बेस्ट डिस्ट्रिक्ट अवार्ड'

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी (बीएसएसीएस), स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार द्वारा एचआईवी/एड्स के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित राज्य स्तरीय 5 किलोमीटर मैराथन एवं वॉकाथन (रेड रन 2026) में ए. एन. कॉलेज, पटना के विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्ण सहभागिता दर्ज कराई। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अमृता चक्रवर्ती के नेतृत्व में महाविद्यालय के 46 विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, कंकड़बाग से प्रारंभ हुई मैराथन एवं वॉकाथन मेडांटा हॉस्पिटल, गायत्री मंदिर तथा निर्धारित मार्गों से होकर पुनः प्रारंभिक स्थल पर संपन्न हुई। कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता, सामाजिक भेदभाव के उन्मूलन तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। राज्य स्तरीय मैराथन प्रतियोगिता में ए. एन. कॉलेज के छात्र आनंद कुमार जायसवाल ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने पूर्व में आयोजित पटना जिला स्तरीय रेड रन 2026 प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपनी पात्रता अर्जित की थी। उल्लेखनीय है कि रेड रन 2026 का जिला स्तरीय आयोजन बिहार के सभी जिलों में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इनमें से छह जिलों, जहाँ प्रत्येक जिले में दस से अधिक शिक्षण संस्थानों की सक्रिय सहभागिता रही, को उत्कृष्ट आयोजन एवं प्रभावी समन्वय के लिए राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया गया। पटना जिला को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय रेड रन 2026 के सफल आयोजन, प्रभावी समन्वय एवं उल्लेखनीय सहभागिता के लिए पटना जिला की रेड रन नोडल पदाधिकारी डॉ. अमृता चक्रवर्ती को राज्य स्तरीय रेड रन 2026 समारोह में 'बेस्ट डिस्ट्रिक्ट (पटना) अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान ए. एन. कॉलेज, पटना तथा पूरे पटना जिले के लिए गौरव का विषय है।

# पुलिस के कब्जे से ही ट्रक चोरी, नवादा से बरामद, चालक गिरफ्तार



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में बालू माफियाओं के हौसले कितने बुलंद हैं इसका ताजा उदाहरण पंचमहला थाना क्षेत्र में देखने को मिला है। जहां पुलिस के द्वारा जब्त किए गए ट्रक को ही चोरों ने थाना परिसर से उड़ा लिया।दरअसल 19 जुलाई को पंचमहला थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बिना वैध कागजात और ओवरलोड बालू लदे दो ट्रकों को पकड़ा था। दोनों ट्रकों पर खनन विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए एक पर 9.27 लाख और दूसरे पर 9.43 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया था। जब्त दोनों ट्रक पुलिस के कब्जे में ही खड़े थे।इसी बीच रविवार की देर रात पुलिस को चकमा देकर दोनों में से एक ट्रक गायब हो गया। सुबह जब ट्रक गायब होने की जानकारी हुई तो पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित जांच शुरू की और बड़हिया थाना क्षेत्र के इंदुपुर निवासी ट्रक चालक मनीष कुमार को गिरफ्तार किया। कड़ाई से पूछताछ में चालक ने सच उगल दिया और बताया कि चोरी किया गया ट्रक नवादा जिला के नारदीगंज थाना क्षेत्र में छुपा कर रखा गया है।सूचना के आधार पर पंचमहला पुलिस ने नारदीगंज थाना के सहयोग से छापेमारी कर चोरी हुए ट्रक को बरामद कर लिया है।पचमहला थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया इस मामले में ट्रक मालिक, चालक सहित 5 अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## पीपा पुल पर लगने वाले महाजाम से मिलेगी मुक्ति

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दियारा की दो प्रमुख समस्याओं पीपा पुल के दोहरीकरण तथा मानस, पानापुर, कासिमचक पंचायत के पुलिस सेवा हेतु दानापुर थाना या शाहपुर थाना से संबद्ध करने की पहल की शुरूआत बिहार सरकार के तरफ से पूरा करने की हरी झंडी मिल चुकी है। सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव द्वारा बताया गया कि दानापुर दियारा की दो प्रमुख समस्याओं के निदान के दिशा में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का सकारात्मक सहयोग मिलना शुरू हो गया है। उनके द्वारा मुख्यमंत्री से मिलकर जो अनुरोध पत्र दिया था उसपर कार्यवाही शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री सचिवालय ने सूचित किया है कि पीपा पुल के दोहरीकरण के लिए पथ निर्माण को अग्रेतर कार्रवाई के लिए निदेशित कर दिया गया है। वही दानापुर के तीन पंचायतों के पुलिस सेवा को दानापुर प्रखंड के थानों में संबद्ध करने का मामला गृह विभाग को भेज दिया गया है।

# पत्नी की हत्या कर फरार चल रहा पति गिरफ्तार, पीपरा पुलिस की कार्रवाई

## नौबतपुर में नोक-झोक के बाद घर ले जाकर की हत्या, शव छोड़ भागे थे आरोपी



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीपरा थाना पुलिस ने पत्नी की हत्या कर फरार चल रहे पति को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रमेश मांझी उम्र 37 वर्ष पिता ब्रह्मदेव मांझी ग्राम बेहरावा चकिया के रूप में हुई है। मामला पीपरा थाना कांड संख्या 34/26, दिनांक 09.04.2026 से जुड़ा है। मृतका की बहन रेखा देवी उम्र 30 वर्ष पति विकास मांझी निवासी भुसौला, दानापुर, थाना फुलवारी शरीफ के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। रेखा देवी ने पुलिस को दिए फर्दबयान में बताया कि 06.04.2026 को वह अपनी बहन फुला देवी और जीजा रमेश मांझी के साथ नौबतपुर बाजार गई थी। बाजार में ही पति-पत्नी के बीच नोक-झोक हुई थी। इसके बाद दोनों टेम्पू से घर चले गए और रेखा अपने घर लौट आई। शाम करीब 8 बजे जब रेखा ने बहन को फोन किया तो पहले फोन नहीं उठा। कुछ देर बाद जीजा रमेश ने फोन उठाकर कहा "तुम्हारी दीदी मर गई है"। सूचना मिलते ही परिजन 112 पर कॉल कर बेहरावा पहुंचे। पुलिस के साथ जब वे घर पहुंचे तो सभी लोग घर छोड़कर भाग चुके थे। कुछ दूर जाने पर देखा कि कुछ लोग शव को लेकर जा रहे थे। पुलिस को देखकर वे शव छोड़कर भाग गए। रेखा ने आरोप लगाया कि रमेश मांझी और अन्य अज्ञात लोगों ने मिलकर उनकी बहन फुला देवी की हत्या कर दी है। थानाध्यक्ष प्रिंस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर 28 जुलाई की सुबह छापेमारी कर फरार अभियुक्त रमेश मांझी को उसके गांव के पास से गिरफ्तार किया गया। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# कैलूचक में जनवादी गायक झूलन ठाकुर उर्फ शंकर भारती को भावभीनी श्रद्धांजलि

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय नाई संघ ट्रेड यूनियन के बिहार राज्य सचिव एवं लोकप्रिय जनवादी लोक गायक कॉमरेड झूलन ठाकुर उर्फ शंकर भारती कव्वाल को मंगलवार को कैलूचक, मसौढ़ी में भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता सुदर्शन ठाकुर ने की। संचालन बालदेव ठाकुर और प्रो. सी.पी. मंडल ने संयुक्त रूप से किया।सभा में नगर परिषद मसौढ़ी के उप मुख्य पार्षद चंद्रकांत कुमार, उमेश चंद्र राय, लोक गायक विनोद कुमार, नाई संघ नेता रंजन ठाकुर, समाजसेवी विजय कुमार, लोक गायिका सिद्धी चौधरी, जनवादी लेखक अवधेश कुमार, राजद नेता रविंद्र कुमार, सीपीआईएम नेता रविंद्र कुमार सिंह, रामदयाल प्रसाद, भैंजू वादक नागेंद्र कुमार, पत्रकार शशि शर्मा, समाजसेवी नवल भारती, रंगकर्मी धर्मेंद्र, मगही चौपाल के संयोजक गौतम पराशर, शोधकर्ता सन्नी कश्यप, भाकपा-माले नेता नागेश्वर पासवान, बिटेश्वर यादव, सीपीआई नेता छत्रपाल, डॉ. महेश प्रसाद, राजू ठाकुर, डॉ. तरुण कुमार, संतोष कुमार 'तूफानी', लोक गायक श्रीनगर, सुरेश साह, डॉ. मधु सुदन प्रसाद, अशोक कुमार सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# कुपोषित बच्चों के लिए वरदान था पोषण पुनर्वास केंद्र, शिफ्ट हुआ पटना, अभियान पर लगा ग्रहण

## 20 बेड का पोषण पुनर्वास केंद्र 17 जुलाई को हुआ स्थानांतरित, नेताओं ने जताई नाराजगी

शशि तुलस्यान



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्रामीण क्षेत्र के कुपोषित बच्चों के लिए संजीवनी बना मसौढ़ी अनुमंडलीय अस्पताल स्थित 20 बेड का पोषण पुनर्वास केंद्र अब पटना शिफ्ट कर दिया गया है। केंद्र एवं राज्य सरकार की पायलट योजना के तहत 2016 में इसे स्थापित किया गया था। और अब 17 जुलाई 2026 को पटना सिटी स्थानांतरित कर दिया गया, जिससे क्षेत्र में भारी नाराजगी है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2016 में पटना के पीएमसीएच और एनएमसीएच के बाद सबसे पहले मसौढ़ी अनुमंडलीय रेफरल अस्पताल में ही पोषण पुनर्वास केंद्र शुरू किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य मसौढ़ी, धनरूआ, पुनपुन सहित अनुमंडल के गांव-गांव से आने वाले कुपोषित बच्चों को 14 दिनों तक रखकर उपचार और पोषण देकर स्वस्थ करना था। अब केंद्र के शिफ्ट होने से इन प्रखंडों के कुपोषित बच्चों को इलाज के लिए दूर पटना जाना पड़ेगा। केंद्र बंद होने से स्थानीय नेताओं और सामाजिक कार्यकताओं ने नाराजगी जताई है। जदयू नगर मंडल अध्यक्ष अश्वनी उर्फ गोल्डी, बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, जदयू नेता लालमोहन सिंह, राजद नेता पलटन सिंह, पूर्व विधायक गोपाल रविदास, समेत कई जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य मंत्री से मांग की है कि पोषण पुनर्वास केंद्र को पुनः मसौढ़ी अनुमंडलीय अस्पताल में ही सुचारू रूप से चलाया जाए।नेताओं का कहना है कि यह केंद्र अनुमंडल के कुपोषित बच्चों के लिए वरदान था। इसे बंद करने से कुपोषण दूर करने के सरकारी प्रयासों को बड़ा झटका लगा है। ग्रामीण मरीजों को अब इलाज और आने-जाने में अतिरिक्त परेशानी झेलनी पड़ेगी।

# पंचायत में मिट्टी भराई और फबेर ब्लॉक बिछाने में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी, आरटीआई से ग्रामीण ने किया खुलासा

## एसडीओ और जिलाधिकारी को लिखा पत्र बीपीआरओ ने कहा जांच के बाद होगी कार्रवाई



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के धनमा मुबारकपुर पंचायत इन दोनों योजना राशि गबन करने के मामले में सुर्खियों में है पंचायत के ही विवेका सिंह नामक व्यक्ति ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रखंड से सूचना मांगी थी जिसमें प्रखंड के द्वारा दिए गए सूचना का जब अवलोकन किया तो पाया कि पंचायत स्तर पर बड़े पैमाने पर राशि का गबन हुआ है विवेका सिंह ने कागजात दिखाते हुए बताया कि हमारे पंचायत में वर्ष 2021-22 में पंचायत स्तर पर वार्ड संख्या 17 में कीचड़ वाले गली का मिट्टी भराई के साथ फबेर ब्लॉक बचाने का काम किया गया पंचायत के द्वारा वर्ष 2021-22 के फरवरी महीने में योजना संख्या 08 खोला गया और मध्य विद्यालय धनामा विद्यालय के पास से जनार्दन पंडित के घर होते हुए नवीन सिंह के घर तक मिट्टी भराई और फेवर ब्लॉक बेचने का काम 539800 से कराया गया और फिर इसी काम का नाम बदलकर वर्ष 2021-22 के अगस्त महीने में दूसरा योजना खोलकर विद्यालय के पास दयानंद पंडित के घर होते हुए कड़िया पर पंडित के घर से होकर गुजरने वाले रास्ते का निर्माण और मिट्टी भराई के साथ फबेर ब्लॉक का काम प्रवीण सिंह के घर तक किया गया जबकि प्रवीण सिंह और नवीन सिंह का घर एक ही जगह है और रास्ता भी एक ही है तो फिर 615900 की राशि से फर्जी तरीके से कम दिखाकर राशि की अवैध निकासी कर ली गई मामले को लेकर सूचक ने इसकी लिखित शिकायत बाढ़ के अनुमंडल पदाधिकारी गरिमा लोहिया से की है वहीं इसकी जांच करने के लिए एक पत्र भेजकर जिलाधिकारी पटना से जांच करवाने की मांग की है मामले पर जब तहकीकात किया गया तो ग्रामीणों ने फर्जी तरीके से राशि की निकासी किए जाने की बात कह रहे हैं साथ ही ग्रामीणों ने पूरे रास्ता का अवलोकन करते हुए एक ही रास्ता निर्माण के नाम पर दो राशि फर्जी तरीके से निकासी की बात बता रहे हैं ।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर बिग अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल में विशेष हेपेटाइटिस ओपीडी का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर बिग अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, पटना में विशेष हेपेटाइटिस ओपीडी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मरीजों ने अस्पताल पहुंचकर लिवर (यकृत) संबंधी समस्याओं के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों से



परामर्श लिया। ओपीडी में मरीजों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही तथा लोगों ने हेपेटाइटिस की रोकथाम, जांच और उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। अस्पताल के विशेषज्ञों ने बताया कि हेपेटाइटिस बी एवं सी जैसी बीमारियां लंबे समय तक बिना किसी स्पष्ट लक्षण के शरीर को प्रभावित कर सकती हैं। इसलिए समय पर जांच, विशेषज्ञ परामर्श एवं उचित उपचार से गंभीर जटिलताओं से बचाव संभव है। उन्होंने लोगों से लिवर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, आवश्यकतानुसार जांच कराने तथा चिकित्सकीय सलाह का पालन करने की अपील की। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में हेपेटाइटिस के प्रति जागरूकता बढ़ाना, समय पर पहचान को प्रोत्साहित करना तथा लोगों को गुणवत्तापूर्ण विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रसूलपुर थाना क्षेत्र में मांझी-बरौली स्टेट हाइवे 96 पर एकमा व महराजगंज के बीच मुख्य सड़क पर मुकुंदपुर गांव के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल को तत्काल एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गंभीर रुप से घायल होने और बेहोशी की हालत में पहुंचाया गया। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. आयुष्मान कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हेड इंज्यूरी के कारण गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, छपरा रेफर कर दिया। घायल की पहचान सिवान जिले के महाराजगंज अनुमंडल क्षेत्र के मिश्रवलिया गांव निवासी विनय कुमार श्रीवास्तव के पुत्र रितेश कुमार श्रीवास्तव (37) के रूप में की गई है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। जहां घायल का उपचार स्वास्थ्य कर्मियों के देखरेख में चल रहा है।

### रंगदारी नहीं देने पर किराना दुकान में लूटपाट

**एकमा/मांझी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दाउदपुर थाना क्षेत्र के कोहड़ा बाजार में सोमवार की शाम रंगदारी नहीं देने पर एक ग्रॉसरी मॉल के संचालक युवक के साथ मारपीट और लूटपाट का मामला सामने आया है। घायल दुकानदार को एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, छपरा रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार, कोहड़ा बाजार निवासी स्वर्गीय संजय गुप्ता के 26 वर्षीय पुत्र राजकुमार गुप्ता की ग्रॉसरी आइटम की मॉल संचालित हो रही है। आरोप है कि कुछ दिनों पूर्व असामाजिक तत्वों ने उससे ₹3 लाख की रंगदारी मांगी थी। मांग पूरी नहीं करने पर सोमवार की शाम करीब पांच लोग लाठी, डंडा और लोहे की रॉड लेकर दुकान पर पहुंचे और उसके साथ मारपीट की। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने मारपीट के दौरान उसकी करीब ₹4 लाख रुपये मूल्य की सोने की चेन तथा दुकान की दिनभर की बिक्री के लगभग ₹30 हजार रुपये नकद भी लूट लिए। गंभीर रूप से घायल राजकुमार को परिजनों ने एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. आयुष्मान कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, छपरा रेफर कर दिया। घटना की सूचना दाउदपुर थाना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा आरोपों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### सिग्नल वायर चोरी, वंदे भारत, जनशताब्दी सहित कई ट्रेनें प्रभावित।

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर रेल मंडल के लखीसराय-बाढ़ रेलखंड पर सिग्नल वायर चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। महज दो दिन के भीतर दूसरी बार चोरों ने टाल जंक्शन के होम सिग्नल का कॉपर वायर काटकर अप लाइन की रेल सेवा ठप कर दी।सोमवार रात करीब 9:30 बजे टाल जंक्शन पर चोरों ने होम सिग्नल का कॉपर वायर काट दिया, जिससे सिग्नल प्रणाली पूरी तरह फेल हो गई।इसके कारण 22347 अप वंदे भारत एक्सप्रेस टाल जंक्शन पर ही रुक गई, जबकि 12023 हावड़ा-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस, हावड़ा-हरिद्वार



तथा साहेबगंज इंटरसिटी समेत पटना की ओर जाने वाली कई अन्य ट्रेनें भी विभिन्न स्टेशनों पर खड़ी रहीं।सिग्नल व्यवस्था बहाल होने तक ट्रेनों का परिचालन कागजी प्राधिकार (मैनुअल) व्यवस्था के सहारे कराया जा रहा था।बताया जा रहा है कि टाल के निकट अप आउटर सिग्नल के पास वायर काटे जाने से करीब एक घंटे तक रेल परिचालन बाधित रहा।रेलवे कर्मियों ने बाद में तकनीकी खराबी दूर कर परिचालन बहाल किया। घटना की जांच शुरू कर दी गई है। आरपीएफ और संबंधित विभाग की टीमें मौके पर पहुंचकर वायर चोरी के कारणों और सुरक्षा में हुई चूक की पड़ताल कर रही हैं।गौरतलब है कि 24 जुलाई की रात भी हाथीदह-मोकामा रेलखंड पर मोकामा के निकट इसी तरह की घटना हुई थी।

### तकनीकी शिक्षा और सामाजिक बदलाव की मिसाल बनीं किशोरियां, 60 प्रतिभागियों को मिला प्रमाण-पत्र

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महिला नेतृत्व वाली सामाजिक संस्था केअरऊहा संचालित गर्ल्स टेक्नो सेंटर के तत्वावधान में पासवान चौक स्थित होटल राजदरबार में "किशोरियों द्वारा सामाजिक मुद्दों एवं तकनीकी सीख आदान-प्रदान सह प्रमाण-पत्र वितरण समारोह" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सत्र 2025-26 की 60 सफल किशोरियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की सचिव अरुंधती बेगम ने किया। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि किशोरियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सामाजिक परिवर्तन की सोच विकसित करने का सशक्त साधन है। उन्होंने संस्था की उपलब्धियों और समुदाय में आए सकारात्मक बदलावों पर भी प्रकाश डाला।



वन स्टॉप सेंटर के काउंसलर कार्तिक कुमार एवं कार्यक्रम समन्वयक नुसरत जहां ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य किशोरियों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाकर उन्हें सामाजिक सरोकारों से जोड़ना है, ताकि वे पारंपरिक बाधाओं को तोड़ते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकें। समारोह में वैशाली जिले के विभिन्न पंचायतों से आई किशोरियों ने पिछले 9 महीनों में सीखी गई डिजिटल साक्षरता, ऑनलाइन सुरक्षा, मोबाइल का सकारात्मक उपयोग, नेतृत्व विकास तथा बाल विवाह, शिक्षा, स्वास्थ्य और लैंगिक समानता जैसे सामाजिक मुद्दों पर अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का मंच संचालन अनुप्रिया एवं अमनानंदिनी ने किया। इस दौरान अदिति कुमारी, नेहा कुमारी, कुमारी भारती, राजश्री सहित झारखंड से आई ताज्या फैज और फौजा फैज ने भी अपने विचार रखे और किशोरियों के नेतृत्व, डिजिटल सशक्तिकरण एवं सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। किशोरियों ने डिजिटल शिक्षा, सामाजिक मुद्दों, नेतृत्व, बाल विवाह उन्मूलन और लैंगिक समानता पर आधारित नुक्कड़ नाटक की प्रभावशाली प्रस्तुति दी, जिसकी उपस्थित अतिथियों ने सराहना की। समारोह के अंत में संस्था की फील्ड मोबिलाइजर रीमा कुमारी ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और किशोरियों के नेतृत्व विकास एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई। संस्था केअरऊहा का उद्देश्य बिहार की किशोरियों को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाना है, ताकि "सामाजिक बदलाव से बनेगी हमारी नई पहचान" का संकल्प साकार हो सके।

# जिलाधिकारी बने निक्षय मित्र, टीबी के पांच मरीजों को लिया गोद



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत 28 जुलाई को जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में जिला प्रशासन के पदाधिकारीगण द्वारा 100 यक्ष्मा (टीबी) रोगियों को गोद लेकर फुड बास्केट बाँटा गया। यक्ष्मा रोगियों को ईलाज के दौरान पौष्टिक खान पान से यक्ष्मा (टीबी)ठीक होने में सहायता मिलती है । भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति पूर्वी चंपारण मोतिहारी के तत्वाधान में जिले के टीबी मरीजों को बेहतर फूड उपलब्ध कराने को लेकर आज सदर अस्पताल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मरीज को फुड बास्केट उपलब्ध कराया गया । कार्यक्रम में जिलाधिकारी, अपर समाहर्ता एवं उप विकास आयुक्त तथा सिविल सर्जन के द्वारा पांच-पांच टीवी मरीजों को गोद लिया गया। अनुमंडल पदाधिकारियों के द्वारा तीन-तीन तथा जिला स्तरीय पदाधिकारी के द्वारा दो-दो मरीजों को गोद लेकर फूड बास्केट उपलब्ध कराया गया। यह प्रक्रिया अगले 6 माह तक चलेगी। अर्थात प्रति माह गोद लिए गए मरीजों को फूड बास्केट उपलब्ध कराया जाएगा । इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य देश से तपेदिक की बीमारी को समाप्त करना है। यह एक राष्ट्रीय मिशन है। इस अभियान के तहत निक्षय मित्र पहल एवं पोषण सहायता योजना शामिल है। टीबी मरीजों को गोद लेकर समाज के अग्रणी लोग निक्षय मित्र बन सकते हैं। जिलाधिकारी ने लोगों का आह्वान भी किया पूर्वी चंपारण जिला को टीबी मुक्त बनाने में अक्षय मित्र बनें और मरीज गोद लेकर समाज के प्रति अपने कर्तव्य/योगदान को कृतार्थ करें जिलाधिकारी ने कहा कि जिला स्वास्थ्य समिति के द्वारा पूरे जिले में टीवी मरीजों के पहचान के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दो सप्ताह या उससे अधिक समय तक लगातार खांसी रहे, सीने में दर्द हो, सांस लेने में तकलीफ हो, थूक में खून का अंश निकलता हो तो तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में जांच कराएं। जांच बिल्कुल निःशुल्क है। जिलाधिकारी ने भी कहा कि इस बीमारी में वजन का घटना, थकान महसूस होना, शाम को बुखार का आना अथवा रात में पसीना होना भी इसके लक्षण है। उन्होंने कहा कि टीवी की बीमारी उपचार से बिल्कुल ठीक हो सकती है। निर्धारित दवा पूरी अवधि नियमित रूप से लेने पर टीवी की बीमारी ठीक हो जाती है। अगर टीवी के लक्षण है तो इसमें संकोच नहीं करें जांच कराएं और स्वस्थ रहें। कार्यक्रम में जिलाधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त डॉ प्रदीप कुमार, सिविल सर्जन डॉ. दिलीप कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश सहित सदर अस्पताल के चिकित्सक गण उपस्थित थे।

# विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर गूंजा जागरूकता का संदेश

**समय पर जांच, टीकाकरण और जागरूकता ही हेपेटाइटिस से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय : डॉ. अमितेश कुमार**



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर मंगलवार को तारा मंडल ऑडिटोरियम, पटना में महावीर पैरामेडिकल ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा भव्य पैरामेडिकल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य हेपेटाइटिस जैसी गंभीर बीमारी के प्रति समाज एवं भावी स्वास्थ्यकर्मियों को जागरूक करना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं प्रसिद्ध गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. अमितेश कुमार ने कहा कि हेपेटाइटिस आज भी विश्व की गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों में शामिल है, लेकिन समय पर जांच, टीकाकरण और उचित उपचार के माध्यम से इस बीमारी से होने वाली गंभीर जटिलताओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोगों को लिवर संबंधी किसी भी समस्या या शुरूआती लक्षणों को हल्के में नहीं लेना चाहिए तथा नियमित स्वास्थ्य जांच करानी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की जानकारी और जागरूकता का आकलन करने के लिए 'Know Your Hepatitis Knowledge Score' विषय पर एक विशेष क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुकेश हिसारिया, डॉ. शैलेश कुमार, डॉ. शुचिस्मिता, डॉ. रावी अग्रवाल, श्री जे.पी. टोडी, डॉ. भावना झा एवं डॉ. निधि अल्फ्रेड विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विशेष अतिथि मुकेश हिसारिया, डीआईजी मनोज कुमार नट्ट तथा जय प्रकाश तोड़ी ने अपने संबोधन में स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से समाज में जन-जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

## गर्भवती विवाहिता की पीट-पीटकर हत्या का आरोप, ससुराल पक्ष के लोग फरार

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नयागांव थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में एक गर्भवती विवाहिता की कथित रूप से मारपीट कर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद आरोपित ससुराल पक्ष के सभी सदस्य घर छोड़कर फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान तरैया थाना क्षेत्र निवासी रमेश सहनी की 24 वर्षीय पुत्री पूनम देवी के रूप में हुई है। उनकी शादी करीब 14 माह पूर्व रसूलपुर गांव निवासी विशाल सहनी के साथ हुई थी। मृतका के परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही पूनम को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। कई बार पंचायत के माध्यम से समझौता भी कराया गया, लेकिन प्रताड़ना बंद नहीं हुई। परिजनों के अनुसार, करीब एक सप्ताह पहले पूनम के साथ फिर मारपीट की गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पहले उसे सोनपुर अनुमंडलीय अस्पताल और बाद में बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का आरोप**

# दामाद ने ससुर को फोन कर कहा- 'लड़की को मार दिया' जो करना है कर लीजिए



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सहदेई थाना क्षेत्र के महनार बलिया गांव में एक विवाहिता की कथित तौर पर गला दबाकर हत्या कर दी गई है। मृतका की पहचान 20 वर्षीय सोनी कुमारी के रूप में हुई है, जो बिदुपुर पछियारी दिलावरपुर गांव निवासी इन्दल पासवान की पुत्री थीं। आरोप है कि दामाद ने ससुर को फोन कर हत्या की जानकारी दी। मृतका के पिता के अनुसार, सोनी कुमारी की शादी 7 जुलाई 2025 को महनार बलिया गांव निवासी संजय पासवान से हुई थी। शादी के समय दहेज में 3 लाख 50 हजार रुपये की मांग की गई थी, जिसमें से 3 लाख रुपये दे दिए गए थे। शेष 50 हजार रुपये विवाह के बाद देने थे। पारिवारिक स्थिति ठीक न होने के कारण यह राशि नहीं दी जा सकी थी। इसी बात को लेकर ससुराल पक्ष लगातार 50 हजार रुपये की मांग कर रहा था और मांग पूरी न होने पर सोनी को प्रताड़ित किया जाता था तथा उसके साथ मारपीट भी की जाती थी। मृतका के पिता ने बताया कि सोमवार रात उनकी बेटी से फोन पर बात हुई थी, जिसमें उसने मंगलवार सुबह मायके आने की बात कही थी। लेकिन मंगलवार सुबह करीब छह बजे दामाद संजय पासवान का फोन आया, जिसने कथित तौर पर कहा, 'आपकी लड़की को हत्या कर दिए हैं, अब आपको जो करना है कर लीजिए।' घटना की सूचना मिलते ही परिजन महनार बलिया पहुंचे, जहां सोनी मृत अवस्था में मिलीं। परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद ससुराल पक्ष के सभी लोग घर छोड़कर फरार हो गए हैं। सोनी कुमारी अपने चार बहनों और एक भाई में दूसरे नंबर पर थीं। उनके पीछे 9 महीने की एक मासूम बेटी है। परिजनों ने पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# तन और मन को संतुलित करती है साइकिल की सवारी : आचार्य सुदर्शन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वरिष्ठ शिक्षाविद एवं आध्यात्मिक गुरु आचार्य श्री सुदर्शन जी महाराज ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अपने भक्तों , छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर आप स्वस्थ रहना चाहते है तो साइकिल चलाये। आचार्य श्री ने बताया कि भारत के गांव में लोग शाम में बाजार घूमने के लिए साइकिल की सवारी करते थे जिस कारण लोगों को न कभी शुगर की बीमारी होती थी न कोई तनाव होता था न ही पेट की बीमारी होता थी। साइकिल की सवारी से हमारा तन और मन दोनो संतुलित रहता है। जब तक हम साइकिल चलते रहते है तब तक हमारा ध्यान केवल साइकिल पर लगा रहता है मन में कोई भटकाव नहीं होता है, इसलिए साइकिल योगाभ्यास का महत्वपूर्ण साधन है। आचार्य श्री ने कहा कि आज विदेशों में विशेषकर नीदरलैंड, जर्मनी जैसे देशों में मुख्य मार्ग के बगल में साइकिल चलाने के लिए सड़क बनाई गई है । इन उन्नत देशों में आज 90% बड़े बड़े अधिकारी उद्योगपतियो साइकिल से आते-जाते है । मुझे तो लगता है भारत में एक बार फिर से साइकिल युग शुरू होने वाला है क्योंकि भारत में भी लोग अब स्वास्थ के प्रति जागरूक हो रहे है । साइकिल एक आसान योगाभ्यास का साधन है इसलिए आज के प्रत्येक युवक को साइकिल चलाने का अभ्यास करना चाहिए ताकि प्रदूषण से बच सके और फालतू के पेट्रोल के दाम की मार से अपनी जेब को भी बचा सके।

## थाना में तैनात पुलिस चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, हत्या की आशंका

**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण के रक्सौल अनुमंडल अंतर्गत पलनवा थाना में तैनात चालक राज कुमार शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उनकी मौत थाना परिसर की छत से गिरने के कारण हुई बताई जा रही है। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान हरसिद्धि थाना क्षेत्र के सिगहा बढ़ाई टोला निवासी राज कुमार शर्मा के रूप में हुई है। परिजनों ने इस घटना को दुर्घटना मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है। उनका आरोप है कि राज कुमार करीब आठ-नौ महीने पहले पलनवा थाना में तैनात हुए थे, लेकिन इस अवधि में उन्हें वेतन नहीं मिला था। परिजनों का यह भी दावा है कि उन्हें थाना से हटाने की साजिश चल रही थी। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने पूरे मामले की जांच के लिए विशेष टीम का गठन किया है। घटनास्थल पर फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम पहुंचकर साक्ष्य जुटा रही है।

# उड़ीसा में गूंजेगा रघुवीर नारायण का बटोहिया गीत

**केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय पुरी में आयोजित सम्मेलन में गायक गोप को बटोहिया गीत प्रस्तुति का मिला आमंत्रण**



**रसूलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 2 अगस्त रविवार को उड़ीसा के जगन्नाथ धाम में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री सदाशिव पुरी प्रांगण में आयोजित एक सम्मेलन में रघुवीर नारायण रचित प्रसिद्ध बटोहिया गीत गूंजेगा। बटोहिया गीत के साथ महेंद्र मिसिर व भिखारी ठाकुर की रचनाओं पर आधारित गीतों की भी प्रस्तुति होगी।उड़ीसा के बौद्ध जिले में स्थापित ज्ञान प्रकाश के दसवें वार्षिकोत्सव पर आयोजित बौद्धिक सम्मेलन में देश के विभिन्न प्रदेशों के लोक-संस्कृति की प्रस्तुति होगी जिसमें भोजपुरी की प्रसिद्ध देश भक्ति रचना बटोहिया का चयन किया गया है, जिसे सारण जिले के शिक्षक सह लोक गायक रामेश्वर गोप प्रस्तुत करेंगे।प्रसार भारती भारत सरकार के आकाशवाणी व दूरदर्शन के ग्रेड ए के लोक गायक गोप के अनुसार उनके और भोजपुरी के लिए यह गर्व की बात है।एक दिवसीय सम्मेलन में ओडिसी, असमिया, बंगाली, तमिल आदि लोक-संस्कृति के बीच अपने सारण जिले से जुड़े बाबू रघुवीर नारायण की चर्चित व भोजपुरी का राष्ट्रीय गीत के रूप में प्रसिद्ध रचना 'सुंदर सुभूमि भैया भारत के देशवा से मोरे प्राण बसे हिम खोह रे बटोहिया' का गायन देश के कोने-कोने से आये विद्वान सुनेंगे।

# एमजीसीयू मोतिहारी में कारगिल विजय दिवस पर जुलूस

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा कारगिल विजय दिवस पर विजय जुलूस निकाला गया । इस कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए अभिषेक पांडेय ने कहा कि 'आज हम कारगिल विजय दिवस के पावन अवसर पर उन वीर सैनिकों को श्रद्धापूर्वक नमन करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जिन्होंने कारगिल युद्ध में अद्भुत साहस, पराक्रम और सर्वोच्च बलिदान देकर भारत की विजय सुनिश्चित की और अमर हो गये। कारगिल विजय दिवस हमें यह संदेश देता है कि राष्ट्र की सुरक्षा और सम्मान सर्वोपरि है। हमारे वीर जवानों के त्याग और बलिदान के कारण ही हम आज स्वतंत्र और सुरक्षित जीवन जी रहे हैं । केंद्रीय विश्वविद्यालय कार्य संयोजक पवन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि दुनिया की सबसे कठिन लड़ाईयों में से एक कारगिल की लड़ाई थी। दुर्गम चोटी पर बैठे दुश्मनों को हराकर भारत ने दुनिया के सामरिक इतिहास में अपनी मजबूत पहचान दर्ज कराई है। इसका श्रेय हमारे देश के वीर सैनिकों को जाता है। कारगिल विजय दिवस हम सबको उनके शौर्य और बलिदान के साथ मातृभूमि के लिए अपना सब



कुछ निछावर करने की प्रेरणा देता है। इसी क्रम में प्रमुख उत्तर बिहार प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य महेश कुमार ने कहा कि 26 जुलाई का दिन केवल कैलेंडर की एक तारीख नहीं है, बल्कि यह हमारे इतिहास का वह पन्ना है जो हमारे वीर जवानों के रक्त, शौर्य और स्वाभिमान से लिखा गया है।यह जलती हुई मोमबत्तियां केवल मोम और धागा नहीं, बल्कि शहीदों की याद में हमारे दिलों में जलती सम्मान की लौ का प्रतीक हैं।इस मौके पर उत्तर बिहार प्रांत,केन्द्रीय विश्वविद्यालय कार्य संयोजक पवन कुमार ,उत्तर बिहार प्रान्त मीडिया संयोजक नीतीश कुमार और विभाग संयोजक आयुष किशन के साथ अन्य कार्यकर्ता आशुतोष झा, आशुतोष कुमार गुप्ता,रिशु राज,शिवम सिंह श, अखिलेश सिंह आदि उपस्थित थे।

# महिला कॉलेज खगौल में निःशुल्क वॉलेंटीयरशिप प्रमाण पत्र का वितरण

**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर स्थित महिला कॉलेज खगौल में सामाजिक उत्तरदायित्व एवं युवा सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत प्रेम यूथ फाउंडेशन द्वारा महिला कॉलेज खगौल के विद्यार्थियों को निःशुल्क वॉलंटियरशिप प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) उषा विद्यार्थी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।प्रमाण-पत्र वितरण समारोह में प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी, एनईपी समन्वयक डॉ वीणा कुमारी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सेवा-भाव एवं समर्पण की सराहना की और भविष्य में भी सामाजिक कार्यों में सक्रियसहभागिता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में प्रमाण-पत्र वितरण के साथ हुआ।

# कामेच्छा एवं सेक्स दुर्बलता समाप्त करने में अंजीर अत्यंत सहायक : डॉ. दुबे

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुप्त एवं यौन रोग विशेषज्ञ लंगरटोली स्थित दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे ने अंजीर को एक बेहद गुणकारी और पौष्टिक फल बताया है, जो कामेच्छा एवं सेक्स दुर्बलता समाप्त करने में अत्यंत सहायक है। डॉ श्री दूबे ने बताया कि पुरुषों के लिए अंजीर बहुत ही लाभदायक फल है। यह फाइबर, कैल्शियम, और आयरन से भरपूर होता है।



यह पाचन सुधारने, हड्डियां मजबूत करने, और खून की कमी दूर करने में मदद करता है। यह अपने विशेष गुणों के कारण अंजीर पुरुषों की प्रजनन क्षमता को बढ़ाने में सहायक होता है। प्राचीन शास्त्रों के अनुसार अंजीर में कामोत्तेजक गुण होते हैं। इस विशेष गुण के कारण अंजीर पुरुषों की प्रजनन क्षमता और यौन क्षमता को बढ़ाने में सहायक होता है। अंजीर को लेकर किए गए अध्ययन से पता चलता है कि अंजीर पुरुषों की कामेच्छा और प्रजनन क्षमता में सुधार करते हैं क्योंकि अंजीर में मैगनीशियम, जस्ता और मैंगनीज जैसे खनिज पदार्थों की उच्च मात्रा पायी जाती है। यह पुरुषों में बांझपन, धीरज में कमी और स्तंभन दोष को भी दूर करता है। डॉ. दूबे ने आगे कहा कि इसके अलावा अन्य यौन समस्याओं को दूर करने में भी अंजीर का सेवन करने की सलाह दी जाती है, जो लोग वजन कम करना चाहते हैं, उनके लिए अंजीर एक प्रभावी विकल्प है। नियमित सेवन करने से यह बजन घटाने में सहायक होता है।

# मोतिहारी चैंबर ऑफ कॉमर्स की 27वीं कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चैंबर ऑफ कॉमर्स की 27 वीं कार्यकारिणी की सातवीं बैठक कार्यकारिणी सदस्य चंदू मिश्रा के बेलबनवा स्थित निजी आवास पर चैंबर अध्यक्ष श्री महेश सिन्हा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरूआत महासचिव आलोक कुमार द्वारा गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि एवं विगत अवधि में चैंबर द्वारा संचालित गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने से हुई। इसके उपरांत कोषाध्यक्ष अनिल बोहरा ने आय-व्यय का विस्तृत विवरण सभा के समक्ष प्रस्तुत किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में अध्यक्ष महेश सिन्हा ने कहा कि मोतिहारी चैंबर ऑफ कॉमर्स व्यवसायियों के हितों की रक्षा एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहा है तथा पूरे वर्ष व्यापारिक हितों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रूप से कार्य करता रहेगा। बैठक में पूर्व अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल, श्याम कुमार एवं मनीष राज विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभा द्वारा उनका तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया गया। बैठक में 19 जुलाई 2026 को आयोजित अर्द्धवार्षिक आम सभा सह वरिष्ठ व्यवसायी सम्मान समारोह की समीक्षा की गई। कार्यक्रम संयोजक द्वारा विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसकी सभी सदस्यों ने सराहना करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजन समिति को बधाई दी। सत्र 2026 की सदस्यता नवीनीकरण प्रक्रिया पर भी विस्तार से चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि जिन सदस्यों द्वारा 31 जुलाई तक सदस्यता का नवीनीकरण नहीं कराया जाएगा, उनकी सदस्यता स्वतः समाप्त मानी जाएगी। इसके अतिरिक्त, आगामी सितंबर माह में प्रस्तावित पुलिस प्रशासनझ्व्यवसायी संवाद के आयोजन पर भी विचार-विमर्श किया गया । यह कार्यक्रम 6 या 13 सितंबर को आयोजित किए जाने का प्रस्ताव रखा गया। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु छह सदस्यीय समिति का गठन किया गया। समिति के संयोजक निर्वतमान अध्यक्ष अंगद सिंह होंगे, जबकि उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, सुधांशु रंजन, चंदू मिश्रा, अध्यक्ष महेश सिन्हा एवं महासचिव आलोक कुमार समिति के सदस्य रहेंगे। बैठक में संयोजक मनीष कुमार, कोषाध्यक्ष अनिल बोहरा, पूर्व अध्यक्ष रविकृष्ण लोहिया, संजय जायसवाल, अनुपम जायसवाल, सुधीर अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, सुरेश चंद्र, कार्यकारिणी सदस्य हेमंत कुमार, सुधांशु रंजन, अनिल अग्रवाल, चंदू मिश्रा, अरविंद सर्राफ, सुनील कुमार श्रीवास्तव, मेहुल लाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभा के अंत में निर्वतमान अध्यक्ष अंगद सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

CMYK

## एक नजर

### अनियंत्रित बाइक से गिरकर दो युवक गंभीर, रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज-शिवगंज पथ पर माधोखाप गांव के समीप सोमवार रात्रि को अनियंत्रित बाइक से गिरकर दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान कासमा थाना क्षेत्र के खैरा गांव निवासी 21 वर्षीय जिम्मेदार शर्मा एवं 19 वर्षीय जितेंद्र राम के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि दोनों युवक शिवगंज से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान अचानक सड़क पर एक जानवर को सड़क पर आ जाने से बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से दोनों घायलों को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गया स्थित मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर कर दिया।

### छात्रों का फूटा गुस्सा, हंगामा, पथराव और स्कूटी फूंकी

**राजगीर।** नवोदय विद्यालय में मेस द्वारा कथित रूप से घटिया गुणवत्ता का भोजन परोसे जाने के विरोध में नवमी से बारहवीं कक्षा तक के छात्रों का आक्रोश फूट पड़ा। छात्रों ने भोजन की गुणवत्ता को लेकर पहले विरोध जताया और बाद में विद्यालय परिसर में जमकर हंगामा किया। विरोध के दौरान सोमवार की रात परिसर में खड़ी एक स्कूटी को आग के हवाले कर पथराव किया । घटना के बाद विद्यालय परिसर में तनाव का माहौल बना हुआ है। मंगलवार को आक्रोशित छात्रों ने सामूहिक रूप से मेस का भोजन करने से इनकार कर दिया। इसके साथ ही वे कक्षाओं में भी नहीं गए। बड़ी संख्या में छात्र अपने-अपने छात्रावास के कमरों में बंद हो गए। छात्रों का कहना है कि जब तक उनकी शिकायतों का समाधान नहीं होगा तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आयी। राजगीर के एसडीओ और डीएसपी एवं बीईओ विद्यालय पहुंचे और छात्रों से बातचीत कर उन्हें शांत कराने का प्रयास किया। प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्रों की समस्याएं सुनने और समाधान का भरोसा दिलाया, लेकिन अधिकांश छात्र अपने अपने कमरों से बाहर नहीं निकले। विद्यालय के प्राचार्य विनीत कुमार शुक्ला ने बताया कि पुलिस अधीक्षक भारत सोनी भी विद्यालय परिसर पहुंचे थे। उन्होंने भी छात्रों को समझाने और सामान्य स्थिति बहाल करने का प्रयास किया, लेकिन छात्र अपने कमरों में बंद हैं।

### छात्राओं और वार्डन की नाली सफाई करते विडियो वाइरल

**बिहारशरीफ।** रहुई स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का छात्राओं द्वारा नाली की सफाई करते हुए बनाया गया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विवाद गहरा गया है। अब इस मामले में छात्राओं और विद्यालय की वार्डन संगीता कुमारी ने सामने आकर अपनी सफाई दी है। उनका कहना है कि वीडियो को अधूरी और भ्रामक जानकारी के साथ वायरल किया गया है। छात्राओं के अनुसार छात्रावास के मुख्य द्वार पर लंबे समय से जलजमाव की समस्या बनी हुई थी। वार्डन ने 20 जून को प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर जल निकासी की मांग की थी, लेकिन समाधान नहीं हुआ। लगातार बारिश से गंदा पानी जमा होने के कारण छात्राओं को आने-जाने में परेशानी हो रही थी और कई छात्राएं फिसलकर गिर भी चुकी थीं। छात्राओं का कहना है कि जब वार्डन स्वयं नाली की सफाई करने लगीं तो उन्होंने स्वेच्छा से कुदाल लेकर उनका सहयोग किया। इसी दौरान किसी ने छिपकर वीडियो बना लिया और इसे इस तरह वायरल कर दिया, जिससे ऐसा प्रतीत हो कि छात्राओं से जबरन सफाई कराई जा रही है।

### राशन कार्ड के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू

**हिलसा।** नगर परिषद क्षेत्र में राशन कार्ड के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया विधिवत शुरू कर दी गई है। इसका उद्घाटन नगर परिषद के मुख्य पार्षद धनंजय कुमार ने किया। श्री कुमार ने बताया कि अब तक 300 से अधिक आवेदकों के आवेदन प्राप्त हो चुके हैं और उनके निष्पादन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार के निदेशानुसार यह अभियान शुरू किया गया है, ताकि पात्र लोगों को राशन कार्ड बनाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।उन्होंने नगर परिषद क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की कि जिनका राशन कार्ड अब तक नहीं बना है या जिनका आवेदन लंबित है, वे नगर परिषद हिलसा कार्यालय पहुंचकर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। साथ ही राशन कार्ड से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता भी कार्यालय में उपलब्ध कराई जाएगी।मुख्य पार्षद ने बताया कि नगर परिषद के सभी वार्डों में लोगों को राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। ताकि कोई भी पात्र परिवार इस सुविधा से वंचित न रहे।

### नामजद आरोपित गिरफ्तार, अपहृता सकुशल बरामद



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के पौथु थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना कांड संख्या 72/26 में दर्ज इठर एवं ढडउरड अ्३ के मामले के नामजद अभियुक्त सुधांशु कुमार उर्फ कैलाश कुमार, पिता दुखन भगत, ग्राम ईटार को पुलिस ने बीती रात मंझौली मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तारी के साथ ही इस कांड की अपहृता को भी सकुशल बरामद कर लिया गया है। पुलिस द्वारा दोनों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

### नालंदा कॉलेज में शुरू होगी एम.लिस. की पढ़ाई, मिली स्वीकृति



**बिहारशरीफ।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना ने नालंदा कॉलेज, बिहारशरीफ में मास्टर ऑफ लाइब्रेरी साइंस (एम.लिस.) पाठ्यक्रम के संचालन की स्वीकृति दे दी है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र से इस पाठ्यक्रम की शुरूआत होने के साथ ही कॉलेज में खुशी का माहौल है। प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा ने इसे कॉलेज के शैक्षणिक विस्तार की दिशा में बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे नालंदा सहित आसपास के जिलों के विद्यार्थियों को पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में उच्च शिक्षा का अवसर अपने क्षेत्र में ही मिलेगा।

उन्होंने विश्वास जताया कि यह पाठ्यक्रम दक्ष एवं प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करने के साथ शोध और अकादमिक गतिविधियों को भी नई गति देगा।प्राचार्या ने इस स्वीकृति के लिए पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व से कॉलेज को यह नई शैक्षणिक सौगात मिली है। उन्होंने बताया कि नालंदा कॉलेज भविष्य में भी रोजगारोन्मुखी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए प्रयासरत है।पीपीयू सीनेट सदस्य एवं बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. ध्रुव कुमार ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में एम.ए. इन एजुकेशन समेत अन्य स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम भी शुरू होंगे। लाइब्रेरी साइंस के समन्वयक डॉ. श्याम सुंदर प्रसाद, डॉ. अंजनी कुमार, पूर्व प्राचार्य प्रो. रघुनाथ प्रसाद कच्छवे सहित कॉलेज के शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी इस निर्णय का स्वागत किया।

# पैसा मांगने पर होटल संचालक की पिटाई

**दोनों ने होटल में खायी मछली, लगाया नमक अधिक होने का आरोप**

**दोनों आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** थाना क्षेत्र के पचरूखिया बाजार स्थित धमनी रोड पर एक होटल संचालक से मारपीट का मामला सामने आया है। होटल में खाना खाने के बाद पैसे मांगने पर दो युवकों ने संचालक को लोहे के झांझरा से पिटाई कर दी,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

घायल की पहचान रोहतास जिले के अकोढ़ीगोला निवासी राकेश बंजारा के रूप में हुई है। वह पचरूखिया स्थित अपने ससुराल में परिवार के साथ रहकर होटल का संचालन करता है। घटना के बाद स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से उसे हसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया,जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया। घायल की पत्नी मेंडी देवी द्वारा हसपुरा थाना में दर्ज कराए गए आवेदन में धमनी टोला आजाद बिगहा गांव निवासी सुरेंद्र पासवान के पुत्र सुबोध पासवान एवं चुन्नू पासवान को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।

आवेदन में आरोप लगाया गया है कि दोनों युवक होटल में मछली खाने के बाद बिना पैसे दिए जाने लगे।जब राकेश बंजारा ने उनसे पैसे मांगे तो उन्होंने मछली में नमक अधिक होने का झूठा आरोप लगाते हुए विवाद शुरू कर दिया और होटल में रखे लोहे के झांझरा से उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी।

घटना की सूचना मिलते हीं हसपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना ले आई। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

# नीट पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन के दौरान दो बीडीओ घायल




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** नीट परीक्षा के पेपर लीक मामले को लेकर बिहार में छात्रों के उग्र प्रदर्शन का असर अब प्रशासनिक अधिकारियों पर भी पड़ने लगा है। छपरा के रिविलगंज में प्रदर्शन के दौरान बवाल इतना बढ़ गया कि रिविलगंज बीडीओ रितेश कुमार सिंह के सिर में गंभीर चोटें आईं। वहीं छपरा सदर बीडीओ दृष्टि पाठक की आंख भी गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के विरोध में मंगलवार को पूरे बिहार के प्रखंडों में प्रशासनिक अधिकारियों ने काले बिल्ले लगाकर प्रदर्शन किया। रजौली के बीडीओ संजीव झा ने भी कार्यालय आकर काला बिल्ला लगाकर इस बर्बर घटना का विरोध जताया। बीडीओ संजीव झा ने कहा कि छात्रों की मांग जायज हो सकती है, लेकिन लोकतंत्र में हिंसा और सरकारी अधिकारियों पर हमला किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। ₹एक अधिकारी ड्यूटी के दौरान घायल होता है, तो पूरा प्रशासनिक तंत्र आहत होता है। हम घायल साथियों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हैं₹। गौरतलब है कि नीट यूजी परीक्षा में कथित गड़बड़ी और पेपर लीक के आरोपों के बाद राज्यभर में छात्र सड़क पर उतर आए हैं। छपरा में भी छात्र रिविलगंज में प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने बवाल शुरू कर दिया। पथराव और धक्का-मुक्की में ड्यूटी पर तैनात दोनों बीडीओ घायल हो गए। दोनों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद प्रशासनिक महकमे में आक्रोश है। अधिकारियों का कहना है कि प्रदर्शन का अधिकार सबको है, लेकिन सरकारी काम में बाधा डालना और अधिकारियों पर हमला करना कानून व्यवस्था के लिए खतरा है।अधिकारियों ने मांग की है कि घायल बीडीओ को उचित इलाज और सुरक्षा मुहैया कराई जाए और हमलावरों की पहचान कर उन पर कठोर कार्रवाई की जाए।

# पत्नी सहित छह वर्षीय बेटे के अपहरण का आरोप

**पति ने दर्ज कराई प्राथमिकी**



**बेटे के साथ दवा लेने निकली थी बाजार**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के कासमा थाना क्षेत्र के एक गांव से पत्नी और 6 वर्षीय पुत्र के के अपहरण का आरोप लगाते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में कहा गया है कि 23 जुलाई की सुबह उसकी पत्नी 6 वर्षीय पुत्र के साथ दवा दिलाने की बात कहकर घर से निकली, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी।

पीड़ित का आरोप है कि कुछ दिन पहले रफीगंज थाना क्षेत्र के दनई गांव के शशि कुमार ने उसकी पत्नी से बातचीत की थी और उसी पर पत्नी व बच्चें को बहला-फुसलाकर ले जाने का संदेह है।

उसने बताया कि पत्नी और बच्चों के मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन बंद मिला। परिजनों व रिश्तेदारों के यहां भी खोजबीन की गई, पर कोई जानकारी नहीं मिली।


कासमा थाना अध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# देवकुंड के बाबा दुधेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक का बहुत बड़ा महत्व

**सावन माह में दूर दराज से जलाभिषेक को ले पहुंचते हैं शिव भक्त**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** सावन के महीने में औरंगाबाद और अरवल सीमा पर स्थित देवकुंड के बाबा दूधेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक का बहुत बड़ा महत्व है। वहीं जलाभिषेक को ले श्रद्धालु दूरे दराज से यहां पहुंचते हैं। मान्यता है कि यहां भगवान श्रीराम ने नीलमणि शिवलिग की स्थापना की थी और दूध से अभिषेक किया था, जिससे यह पावन स्थल भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करने और कष्टों को दूर करने का प्रमुख केंद्र बनता है। धार्मिक और पौराणिक मान्यताए है कि लंका विजय के बाद लौटते वक्त श्रीराम ने यहां नीले रंग के नीलम पत्थर के शिवलिग की स्थापना की थी। इस पावन क्षेत्र को महर्षि च्यवन की तपस्या स्थली माना जाता है, जहां बाबा बालपुरी की जीवित समाधि का अखंड



प्रज्वलित कुंड भी मौजूद है। मान्यता है कि देवशिल्पी विश्वकर्मा ने एक ही रात में इस मंदिर का निर्माण किया था, जो सुबह हो जाने के कारण अधूरा रह गया था। वहीं बता दें कि श्रावण मास में कांवड़ लेकर आने और सच्चे मन से जलाभिषेक करने से जीवन के सभी दुख और ग्रह-नक्षत्रों के बुरे प्रभाव समाप्त होते हैं।

भारी भीड़ और मेले जैसा माहौलः सावन के प्रत्येक सोमवार व पूरे महीने दूर-दराज के जिलों से हजारों श्रद्धालु यहां बोल बम के जयकारे के साथ पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं।

महंत कन्हैयानंद पुरी बताते हैं कि सावन का प्रत्येक सोमवार शिव से जुड़े विशेष दिन के कारण महत्वपूर्ण है। इस दिन सोमवारी व्रत किया जाता है। महिलाएं या कुमारियां हों या पुरुष इस दिन बेलपत्र शिव को समर्पित करते हैं। इसके अलावा मंगलवार को मंगलागौरी व्रत, बुधवार को बुध गणपति व्रत, वृहस्पतिवार को वृहस्पति देव का व्रत, शुक्रवार को जीवंतिका व्रत, शनिवार को बजरंग बली व नृसिह व्रत और रविवार को सूर्य व्रत होता है।

**जमीनी विवाद को लेकर खूनी संघर्ष**

# टांगी के वार से ग्रामीण गंभीर रूप से घायल, नवादा रेफर



**करमा कला के रेंगनिया टांड में खेत के विवाद में आरोपियों ने पीछे से सिर पर किया जानलेवा हमला, पुलिस जांच में जुटी**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत करमा कला के रेंगनिया टांड गांव में मंगलवार की सुबह जमीन और खेत-बारी के पुराने विवाद को लेकर खूनी संघर्ष के मामले में जमकर मारपीट हुआ,जहां दूसरे पक्ष के द्वारा एक व्यक्ति पर टांगी से जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया। घायल के परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार करमा कला गांव निवासी वासुदेव चौधरी के पुत्र वीरेंद्र चौधरी रेंगनिया टांड स्थित अपने खेत की तरफ गया हुआ था, उसी दौरान पुरानी जमीनी रंजिश और खेत के विवाद को लेकर गांव के ही संजय चौधरी और नंद किशोर चौधरी ने उस पर पीछे से अचानक हमला बोल दिया। आरोपियों ने टांगी से वीरेंद्र चौधरी के सिर के पिछले हिस्से और रॉड से दाएं पैर पर ताबड़तोड़ कई वार किए, जिससे उसका सिर बुरी तरह जख्मी हो गया और पैर में मारपीट के गंभीर चोटों के निशान के कारण प्रहार वाले हिस्से काले पड़ गए हैं। घटना के बाद लहूलुहान अवस्था में परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तुरंत अनुमंडल अस्पताल रजौली लाया गया, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. नीतीश कुमार ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### एक शाम रफी के नाम कार्यक्रम 31 को

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सांगीतिक संस्था दानिका संगीत महाविद्यालय के तत्वावधान में 31 जुलाई को ब्लॉक मोड़ स्थित पृथ्वीराज चौहान स्मृति भवन के प्रांगण में संध्या में एक शाम मोहम्मद रफी के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्था के प्रवक्ता सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि भारत के महान पार्श्व गायक मोहम्मद रफी की 46वीं पुण्यतिथि के अवसर पर इस कार्यक्रम को आयोजित किया जा रहा है। जिसमें रफी साहब के चाहने वाले दर्जनों गायकों की सहभागिता होगी। उनके गाए गीतों की प्रस्तुति देकर श्रद्धांजलि दी जाएगी। दानिका के डायरेक्टर डा. रविंद्र कुमार ने बताया कि जो भी सदाबहार गायक, संगीतसेवी हैं उनके जयंती, जन्मदिन या फिर पुण्यतिथि के अवसर पर उनके नाम पर दानिका परिवार लगभग एक दशकों से कार्यक्रम करते आ रही है। कार्यक्रम में सहभागिता निभाने वाले कलाकारों को दानिका का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा।

# सीएचओ और आशा दीदियों की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले के सदर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से सीएचओ एवं आशा दीदियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. श्याम कुमार ने की। बैठक में बीएचएम डा. मो. शाहीन अख्तर, बीसीएम राजेश कुमार, ओमेंद्र कुमार और पीरामल फाउंडेशन के कार्यक्रम पदाधिकारी अनिल कुमार सिह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में कुल 44 आशा दीदी, दो आशा फैसिलिटेटर, 10 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और 12 फाइलेरिया मरीजों ने भाग लिया। इस मौके पर उपस्थित 12 फाइलेरिया मरीजों के लिए एमएमडीपी कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के दौरान मरीजों को रोग प्रबंधन और देखभाल की जानकारी दी गई। साथ ही सभी मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण भी किया गया ताकि वे घर पर ही उचित देखभाल कर सकें। सीएचओ के साथ

**12 फाइलेरिया मरीजों के बीच एमएमडीपी किटों का वितरण**

हुई बैठक में फाइलेरिया कार्यक्रम, फाइलेरिया क्लिनिक संचालन, हाइड्रोसील ऑपरेशन की प्रक्रिया, दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया, टीबी स्क्रीनिग, टीपीटी ड्रग का वितरण कर व उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने सीएचओ को इन सेवाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के निर्देश दिए। आशा बैठक में आशा दीदियों को फाइलेरिया कार्यक्रम, एमएमडीपी क्लिनिक, दिव्यांगता प्रमाण पत्र और हाइड्रोसील ऑपरेशन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें समुदाय में जागरूकता फैलाने और संदिग्ध मरीजों की पहचान कर उन्हें स्वास्थ्य केंद्र तक लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। डा. श्याम कुमार ने कहा कि फाइलेरिया और टीबी जैसी बीमारियों पर नियंत्रण के लिए आशा और सीएचओ की भूमिका महत्वपूर्ण है।

### जलस्तर खिसकने से ग्रामीण चिंतित

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड के चेईनवादा पंचायत के पलकिया गांव समेत इसके आसपास के गांवों में बरसात मौसम में पर्याप्त बारिश नहीं होने से भूजल नीचे खिसकने लगा है जिससे ग्रामीणों ने चिंता व्याप्त है। पलकिया गांव निवासी सह चेईनवादा पंचायत के सरपंच परमानन्द सिंह ने बताया कि बारिश नहीं होने से किसान लगातार धान रोपाई करने के लिए समरसेबल बोर से खेत पटवन कर रहे हैं जिस कारण भूजल स्तर दिन प्रतिदिन नीचे खिसकते जा रहा है। किसानों से अपील की है कि वे समरसेबल से पानी नहीं निकालें। पेयजल की समस्या उत्पन्न हो सकती है। भूजल स्तर नीचे जाने से चापाकल पहले ही जवाब दे चुके है। समरसेबल बोर से पानी निकालने पर रोक लगाई जाए। बरसात मौसम अभी खत्म भी नहीं हुआ है। बादल आकाशा में छाएं हुए हैं लेकिन बारिश नहीं होने से किसान धान फसल लगाने से मुकर रहे हैं। बहुतेरे किसान यह कहने लगे हैं कि किसी तरह बोरिंग के पानी से धान रोपाई कर भी देंगे तो फिर इसके बाद पटवन कहां से करेंगे। धान रोपनी करने से पिछे हटने लगे हैं।

**स्वच्छ पर्यावरण का संदेश लेकर निकले विवेकानंद मिशन स्कूल के छात्र,**

# विभिन्न संस्थानों में किया पौधारोपण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर।** विवेकानंद मिशन स्कूल के विद्यार्थियों ने मंगलवार को ₹स्वच्छ पर्यावरण ही स्वस्थ जीवन का आधार₹ का संदेश देते हुए आत्मोदय अभियान के तहत जागरूकता एवं पौधारोपण कार्यक्रम चलाया। विद्यालय के विवेकानंद ब्रिगेड ग्रीन मिशन इको क्लब के नेतृत्व में 37 छात्र-छात्राओं का दल पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर विभिन्न स्थानों के लिए रवाना हुआ।प्रार्थना सभा के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी दाउदनगर मोहम्मद जफर इमाम, अंचल पदाधिकारी सतीश कुमार सिंह, विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह, प्राचार्य शैलेश कुमार शर्मा तथा मनोचिकित्सक डॉ. अद्या वत्स ने अभियान दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

अभियान के दौरान छात्रों ने ओबरा के खराटी स्थित सड़क दुर्घटना



रोकथाम कार्यालय, डॉ. श्रीकृष्ण सिंह स्मारक स्थल, मॉडल उच्च विद्यालय ओबरा, ओबरा प्रखंड परिसर तथा ओबरा थाना परिसर में लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस दौरान बेल, अमरूद, नारियल, महोगनी, सागवान एवं आंवला सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

खराटी स्थित सड़क दुर्घटना रोकथाम कार्यालय में सामाजिक कार्यकर्ता सहजानंद कुमार (डिकू), पुष्कर अग्रवाल और संतोष पांडेय की देखरेख में पौधारोपण किया गया। मॉडल उच्च विद्यालय ओबरा में प्रभारी विंदेश्वरी प्रसाद सिंह, शिक्षक मनोज कुमार, वीर वीरेन्द्र सिंह तथा शिक्षिका वीभा कुमारी ने पौधे लगाए।

ओबरा थाना परिसर में प्रभारी थानाध्यक्ष कुणाल कुमार, एसआई दीपक कुमार, पत्रकार ब्रजेश दुबे, संतोष कुमार तथा पुलिसकर्मियों ने पौधारोपण में भाग लिया। वहीं ओबरा प्रखंड परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जुही कुमारी, अच्युतानंद शर्मा एवं अन्य कर्मियों की उपस्थिति में पौधारोपण किया गया। अधिकारियों ने विद्यार्थियों के साथ स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण पर संवाद भी किया तथा विद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

संस्था के संस्थापक डॉ. शंभू शरण सिंह ने अपने संदेश में कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है और प्रकृति का संरक्षण हमारे अस्तित्व की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि औद्योगीकरण और शहरीकरण की तेज रफ्तार ने पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंचाई है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए।

कार्यक्रम के सफल संचालन में विवेकानंद ब्रिगेड मिशन के पदाधिकारी लोकेश पांडेय, शिक्षक राजू कुमार तथा शिक्षिका दिव्या मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अभियान के दौरान विभिन्न संस्थानों के अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने विद्यालय द्वारा चलाए जा रहे आत्मोदय अभियान की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया।

# नए स्वरूप में तैयार आरा का ऐतिहासिक वीर कुंवर सिंह पार्क

## जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** ऐतिहासिक एवं गौरवशाली वीर कुंवर सिंह पार्क का व्यापक जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। आम नागरिकों को आधुनिक, स्वच्छ, सुरक्षित एवं विश्वस्तरीय सार्वजनिक स्थल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पार्क का समग्र पुनर्विकास किया गया है। जीर्णोद्धार के उपरांत पार्क अब आधुनिक सुविधाओं, आकर्षक प्राकृतिक वातावरण एवं सुविधाओं से सुसज्जित होकर जिलेवासियों एवं पर्यटकों के लिए एक नए आकर्षण के रूप में तैयार है।



### उच्च गुणवत्ता वाले प्राकृतिक पत्थरों का किया गया उपयोग

जीर्णोद्धार कार्य के अंतर्गत पार्क में अत्याधुनिक सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, योगशाला, सेल्फी प्वाइंट, कैफ़ेटेरिया, शीतल पेयजल की व्यवस्था, ओपन जिम, फ्लोटिंग गार्डन, चिल्ड्रेन प्ले ज़ोन, आधुनिक एक्वेरियम, आकर्षक फाउंटेन, बोटिंग सुविधा, बेहतर प्रकाश व्यवस्था तथा बैठने की समुचित व्यवस्था विकसित की गई है। पार्क परिसर के प्रवेश द्वार, पाथवे एवं अन्य संरचनाओं के निर्माण में जयपुर से मंगाए गए उच्च गुणवत्ता वाले प्राकृतिक पत्थरों का उपयोग किया गया है, जिससे इसकी भव्यता एवं सौंदर्य में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

### परिवार के साथ समय व्यतीत करने का एक आदर्श सार्वजनिक स्थल बना पार्क

वीर कुंवर सिंह पार्क परिसर में व्यापक स्तर पर हरित क्षेत्र का विकास, आकर्षक लैंडस्केपिंग, साफ-सफाई, पथों का सुदृढ़ीकरण तथा अन्य आधारभूत नागरिक सुविधाओं का भी विस्तार किया गया है। इसके परिणामस्वरूप यह पार्क अब बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए मनोरंजन, स्वास्थ्य, योग, मॉर्निंग एवं इवनिंग वॉक तथा परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय व्यतीत करने का एक आदर्श सार्वजनिक स्थल बन गया है।

### पार्क की स्वच्छता व सार्वजनिक संपत्तियों की संरक्षण में करें सहयोग

जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे पार्क की स्वच्छता, हरित वातावरण एवं सार्वजनिक संपत्तियों के संरक्षण में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें तथा इस ऐतिहासिक धरोहर को भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।नवाचार, प्रकृति और विरासत का अद्भुत संगम वीर कुंवर सिंह पार्क अब भोजपुर की नई पहचान बनने को तैयार है।

# भाजपा शुरू करेगी संत रविदास जयंती वर्ष अभियान, गांव-गांव होगा दीप प्रज्ज्वलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी, औरंगाबाद की जिला बैठक में संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर व्यापक रणनीति बनाई गई। यह जयंती 20 फरवरी 2027 को मनाई जाएगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि 29 जुलाई 2026 को गुरु पूर्णिमा के अवसर से अभियान की शुरुआत होगी, जो 20 फरवरी 2027 तक चलेगा। बैठक में तय किया गया कि 29 जुलाई को जिले के सभी गांवों में गुरु रविदास मंदिरों में सामूहिक दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद अगस्त माह में संत रविदास की जन्मभूमि की पवित्र मिट्टी को कलश में रखकर पूरे भारतवर्ष में भ्रमण कराया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अनुसूचित जाति वर्ग के सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी छात्रावासों में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता संपर्क अभियान चलाएंगे। अभियान के माध्यम से संत रविदास के समरस समाज के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास के सामाजिक समरसता और समानता के संदेश को स्थापित करने के लिए पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बिजेंद्र चंद्रवंशी ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री वैभव विशाल उर्फ टैगोर ने किया। बैठक में अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरबिंद पासवान, महामंत्री धीरेन्द्र राम, सभी मंडल अध्यक्ष तथा अनुसूचित जाति मोर्चा के सभी मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बैंक ऋण बकाया मामले में एक गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र की पुलिस ने बैंक ऋण बकाया से जुड़े मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के लिए न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष मो. फिरदौस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी महेशवाड़ा निवासी संजीत कुमार है। उन्होंने बताया कि संजीत कुमार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में ग्रामीण बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के तहत ऋण लिया था। लेकिन निर्धारित समयावधि में बैंक का बकाया ऋण जमा नहीं किया।

# जिले के 12 केन्द्रों पर होगी गृह रक्षा वाहिनी की परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बिहार गृह रक्षा वाहिनी सेवा संवर्ग में अधिनायक अनुदेशक के पदों पर नियुक्ति हेतु लिखित प्रतियोगिता परीक्षा बुधवार को जिले के 12 परीक्षा केंद्रों पर एक पाली में आयोजित की जाएगी। परीक्षा पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक होगी। जिला प्रशासन ने परीक्षा को स्वच्छ, निष्पक्ष, कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी प्रशासनिक, सुरक्षा एवं तकनीकी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशन में सभी 12 केंद्रों पर स्टैटिक दंडाधिकारी-सह-प्रेक्षक, जोनल मजिस्ट्रेट-सह-समन्वय प्रेक्षक और उड़नदस्ता दल तैनात किए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर सशस्त्र एवं लाठी पुलिस बल की तैनाती रहेगी। पारदर्शिता के लिए सभी केंद्रों पर जैमर, सीसीटीवी और लाइव मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। आयोग कार्यालय, पटना से भी लाइव निगरानी होगी। अभ्यर्थियों का डिजिटल बायोमेट्रिक सत्यापन, फोटोग्राफी और प्रश्न-पत्र खोलने से लेकर परीक्षा समाप्ति तक वीडियोग्राफी कराई जाएगी। एसडीएम सदर ने बीएनएसएस 2023 की धारा-163 के तहत सभी 12 केंद्रों के 200 मीटर परिधि में निषेधाज्ञा लागू की है। इस दौरान 5 या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने, हथियार लेकर चलने और शांति भंग करने पर प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा शुरू होने से 1 घंटे पहले से समाप्ति तक केंद्रों के आसपास की फोटो स्टेट/जेरोक्स दुकानें बंद रहेंगी।अभ्यर्थियों को ई-प्रवेश पत्र और वैध फोटो पहचान पत्र के साथ 9:30 बजे से 10:30 बजे के बीच ही प्रवेश मिलेगा। इसके बाद प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा में मोबाइल, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ, कैलकुलेटर या कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना वर्जित है। ओएमआर भरने के लिए केवल नीले या काले बॉल प्वाइंट पेन का उपयोग होगा।कदाचार करने वालों पर बिहार लोक परीक्षा अधिनियम 2024 और भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत कार्रवाई होगी।जिले के 12 परीक्षा केंद्र बनाये गए हैं।जिसमे बी.पी. इंटर स्कूल, बी.एस.एस. कॉलेजिएट +2 स्कूल, एस.के. महिला कॉलेज , सीताराम राय +2 स्कूल रजौड़ा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बथौली,राजकीयकृत ओमर गर्ल्स +2 स्कूल विष्णुपुर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय असुरारी, पीएमश्री आर.एम.जी. +2 स्कूल बीहट,आर.जे.के. राजकीयकृत +2 स्कूल, आर.बी.एस.एस. +2 स्कूल हरपुर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय पपरौर, यू.यू.एम.बी. जैमरा +2 यू.एच.एस. शामिल हैं। समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला नियंत्रण कक्ष बनाया गया है।

# माउंट लिट्रा में कारगिल विजय दिवस पर बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बेगूसराय।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर बीएमपी परिसर, बेगूसराय में माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल द्वारा एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने भावपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कारगिल के अमर वीर सैनिकों को नमन किया और देशभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बीएसएफ-2 की डीएसपी पिंकी कुमारी रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें उन वीर सैनिकों के अदम्य साहस और बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उन्होंने बच्चों से देशप्रेम, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान डीएसपी पिंकी कुमारी ने विद्यार्थियों के साथ पौधारोपण भी किया। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि ''जैसे हमारे सैनिक देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं, वैसे ही हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह प्रकृति और पर्यावरण की भी रक्षा करे।विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत भाषण, गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। बच्चों के अभिनय और नृत्य ने कारगिल के वीर जवानों के साहस और बलिदान को जीवंत रूप में दर्शाया। उनकी प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी अतिथियों और दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों का आत्मविश्वास, अनुशासन और मंच पर शानदार प्रदर्शन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा।विद्यालय की प्राचार्या डॉ शीतल ने कहा, ''हमारे वीर सैनिकों का साहस और समर्पण हर पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। ऐसे आयोजन बच्चों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। विद्यालय के निदेशक डॉ मनीष देवा ने कहा, 'विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि उन्हें अच्छे संस्कार, देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी से भी जोड़ना है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों से वीर सैनिकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

# नए बीडीओ निशांत कुमार ने संभाला पदभार

**भगवानपुर।** भगवानपुर प्रखंड को सोमवार को नए प्रखंड विकास पदाधिकारी मिल गए। निशांत कुमार ने सोमवार को बीडीओ के पद का विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। उनकी नियुक्ति पूर्व बिडियो धर्मवीर कुमार प्रभाकर के स्थानांतरण के बाद की गई है। पदभार ग्रहण के मौके पर प्रखंड कार्यालय में जनप्रतिनिधियों और कर्मियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर लखनपुर पंचायत के मुखिया सुरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

**Name change**

I, Ram Pravesh Kumar S/o Phulchan Yadav, residing at Village-Durga Nagar Raitar, Post-Raitar, Distt.-Nalanda, State-Bihar, Pin Code-803109 have changed the name of my minor son namely Guddu Kumar age-16 years and he shall hereafter be known as ABHISHEK KUMAR.

# सिमरिया गंगा घाट पर कांवरिया मार्ग का एसडीओ ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बीहट।** आगामी श्रावणी मेला को लेकर श्रद्धालुओं और कांवरियों की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सदर एसडीओ ने सिमरिया गंगा घाट का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने कांवरिया मार्ग का भी बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कांवरिया मार्ग पपरोल, बथौली, मैदा, बभनगामा होते हुए गढ़पुरा स्थित बाबा मंदिर तक जाने वाले पूरे रूट की व्यवस्थाओं को देखा गया। एसडीओ ने मेले के दौरान भीड़ नियंत्रण, साफ-सफाई, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के समय प्रशासनिक एवं पुलिस महकमे के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इसमें सदर एसडीपीओ कुमारी दुर्गा शक्ति, प्रखंड विकास पदाधिकारी अनु रंजन कुमार, चकिया थाना अध्यक्ष गौतम कुमार दास, एफसीआई थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार, जीरो माइल सहायक थाना अध्यक्ष मनीष कुमार, बरौनी थाना अध्यक्ष विकास कुमार रंजन, एसआई मोहन सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं पुलिस बल उपस्थित थे।प्रशासन ने कहा है कि श्रावणी मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। कांवरिया मार्ग पर पर्याप्त पुलिस बल, चिकित्सा टीम और स्वयंसेवकों की तैनाती की जाएगी।

# बलान नदी पर पुल बनाने की मांग को लेकर सीएम को सौंपा ज्ञापन

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के रसलपुर और दामोदरपुर पंचायत के ग्रामीणों ने उपरोक्त दोनों पंचायत के मध्य अवस्थित बलान नदी के पुरानी घाट पर पुल निर्माण की मांग की है। पंचायतों की जनता ने इस संबंध में माननीय मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नाम एक ज्ञापन सौंपकर पुल निर्माण का आग्रह किया है। दामोदरपुर पंचायत भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता राजेश चंद्र चौधरी व पूर्व जिला पार्षद पंकज कुमार पासवान सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि दोनों पंचायतों के किसान और मजदूरों को कृषि कार्य, प्रखंड मुख्यालय के काम, स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं और शादी-श्राद्ध जैसे सामाजिक कार्यों में शामिल होने के लिए रोजाना 6-7 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। नदी पर पुल नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में स्थिति और भी बदतर हो जाती है। उस समय आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि बलान नदी पर एक पुल बना दिया जाए तो दोनों पंचायतों के हजारों लोगों को रोजमर्रा की दिक्कतों से निजात मिल जाएगी। इससे समय की बचत होगी और आपात स्थिति में अस्पताल पहुंचना भी आसान हो जाएगा।

## कार्यालय,असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

**शुद्धि पत्र**

(निविदा संख्या – CS/GRH/03/2026-27)

PR 383523 Health Med Edu and Family Welfare (26-27)#D द्वारा प्रकाशित निविदा में आंशिक संशोधन करते हेतु तिथि विस्तारित की जाती है। गढ़वा जिला अन्तर्गत सदर अस्पताल/अनुमंडलीय अस्पताल/सामुदायिक स्वा0 केन्द्र/प्रा0 स्वा0 केन्द्रों के लिए मशीन उपकरण, उपस्कर का क्रय हेतु द्वि–लिफाफा पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा) के माध्यम से मुहरबंद निविदा दिनांक–01.08.2026 के अपराह्न 06.00 बजे तक विस्तारित की जाती है। निविदा असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा, पिन कोड–822114 के पते पर निबंधित डाक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निर्धारित तिथि तक प्राप्त निविदा दिनांक–03.08.2026 को 02.00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जाएगी। निविदा की प्रति गढ़वा जिला के बेबसाईट garhwa.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

PR 386014 Health Med Edu and Family Welfare(26-27).D

# चार पंचायतों में लगा सहयोग शिविर, दस दिनों में शिकायतों के निष्पादन का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले के तीन प्रखंडों की चार ग्राम पंचायतों में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान करना है। प्राप्त शिकायतों एवं मांगों का अधिकतम 10 दिनों के भीतर निष्पादन किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी श्री शास्त्री ने स्वयं मटिहानी प्रखंड की गोरगामा पंचायत में आयोजित शिविर की अध्यक्षता की। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन कराया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं स्थानीय स्तर पर समाधान सुनिश्चित करना है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध निष्पादन सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निपटारा करें और किसी भी पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहने दें। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दें ताकि शीघ्र समाधान हो सके। चार पंचायतों में अब तक 405 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 351 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। शेष 54 पर कार्रवाई जारी है। नगर निगम एवं नगर परिषद क्षेत्रों में अब तक 2,524 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 2,368 आवेदनों का निष्पादन हो चुका है। शेष 156 के समाधान की प्रक्रिया जारी है। शिविर में मुख्य रूप से राशन कार्ड, जॉब कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, आवासीय प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, दाखिल-खारिज, लगान रसीद सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। कई मामलों का शिविर के दिन ही निष्पादन कर लाभुकों को प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराए गए।

# ईट-पत्थर से कुचलकर बुजुर्ग की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**वीरपुर।** थाना क्षेत्र के मैदाबभनगामा गांव स्थित सरकाही बहियार में एक वृद्ध की ईट-पत्थर से कूचकर हत्या कर दी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही सैकड़ों स्थानीय लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। मृतक की पहचान मैदाबभनगामा पंचायत के वार्ड संख्या 1 के पोखर टोला निवासी स्वर्गीय घुरण पासवान का 65 वर्षीय पुत्र आशो पासवान के रूप में की गयी है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि जब मृतक के पुत्र करीब 1 बजे दिन में उक्त गाछी पहुंचे तो उन्हें बैठा हुआ देखा करीब 4 बजे स्थानीय लोगों ने सूचना दिया कि उन्हें पीट पीटकर हत्या कर दी गई है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा घटना की जानकारी वीरपुर पुलिस को दी गई। वीरपुर थानाध्यक्ष राजू रंजन कुमार ने अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर ईट व पत्थर बरामद किया। परिजनों ने बताया कि करीब 6 माह पूर्व उक्त गाछी में ही छेड़खानी की घटनाएं घटित हुई थी। उस वक्त मृतक प्रत्यक्षदर्शी थे।परिजनों ने आरोप लगाते हुए बताया कि उक्त घटना में शामिल लोगों ने पहले भी धमकी दी थी, मुझे पूरी विश्वास है कि उन लोगों ने ही उनकी हत्या की है।घटना की सूचना पाकर एसपी मनीष कुमार व सदर डीएसपी कुमारी दुर्गा शक्ति अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच की।एसपी ने बताया कि उक्त घटना को लेकर मृतक के परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ की गई है।

# मोना झा हत्याकांड के आरोपित ने किया न्यायालय में समर्पण

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पहसारा पंचायत के बहुचर्चित मोना झा हत्याकांड में पुलिस की लगातार दबिश का असर दिखने लगा है। गिरफ्तारी से बचने के लिए चार माह से फरार चल रहे एक नामजद आरोपी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। अब पुलिस उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की तैयारी में जुट गई है।थानाध्यक्ष मो फिरदौस ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाला आरोपी महेशवाड़ा पंचायत के बभनगामा निवासी राहुल कुमार है, जो मोना झा हत्याकांड का प्राथमिकी नामजद अभियुक्त है। आरोपी को रिमांड पर लेने की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, ताकि घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की भी गहन पूछताछ की जा सके। गौरतलब है कि 1 अप्रैल को अपराधियों ने पहसारा के मोना झा की हत्या सेहमानी गाछी स्थित एक सुनसान डेरे में कर दी थी। घटना के बाद से राहुल कुमार फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए नावकोठी पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी और दबिश दे रही थी।

## कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक –सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।

**शुद्धि पत्र**

(निविदा संख्या – CS/GRH/03/2026-27)

PR 383523 Health Med Edu and Family Welfare (26-27)#D द्वारा प्रकाशित निविदा में आंशिक संशोधन करते हेतु तिथि विस्तारित की जाती है। गढ़वा जिला अन्तर्गत सदर अस्पताल/अनुमंडलीय अस्पताल/सामुदायिक स्वा0 केन्द्र/प्रा0 स्वा0 केन्द्रों के लिए मशीन उपकरण, उपस्कर का क्रय हेतु द्वि–लिफाफा पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा) के माध्यम से मुहरबंद निविदा दिनांक–01.08.2026 के अपराह्न 06.00 बजे तक विस्तारित की जाती है। निविदा असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा, पिन कोड–822114 के पते पर निबंधित डाक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निर्धारित तिथि तक प्राप्त निविदा दिनांक– 03.08.2026 को 02.00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जाएगी। निविदा की प्रति गढ़वा जिला के बेबसाईट garhwa.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।

PR 386005 (Health Med Edu and Family Welfare) 26-27 (D)

## कार्यालय जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू

(जिला जनसम्पर्क इकाई, पलामू)

सरकारी कार्यक्रमों/योजनाओं के प्रचार–प्रसार से संबंधित अल्पकालीन निविदा

पलामू जिला में आई0ई0सी0 प्लान के तहत सरकार के विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों का प्रचार–प्रसार LED वैन के माध्यम से मेला/हाट–बाजार तथा अन्य उपयुक्त क्षेत्रों में कराने हेतु इच्छुक फर्मों/संस्थानों से अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है तथा डॉक्यूमेंट्री/एनिमेशन वीडियो/रील्स/ऑडियो जिंगल्स बनाने हेतु इच्छुक निविदादाता दिनांक 03.08.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक तकनीकी एवं वित्तीय बिड अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में सूचना भवन स्थित जिला जनसम्पर्क कार्यालय, पलामू में जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 04.08.2026 के अपराह्न 04:00 बजे जिला स्तरीय क्रय समिति के समक्ष निविदादाताओं की उपस्थिति में खोला जाएगा। जिन निविदादाताओं का तकनीकी बिड स्वीकृत किया जाएगा उन्हीं निविदादाताओं के वित्तीय बिड खोले जायेंगे। निविदा की शर्तें, तकनीकी एवं वित्तीय बिड का प्रारूप आदि अन्य सूचनाएं कार्यालय के सूचना पट्ट के साथ–साथ PRD झारखण्ड के अधिकृत वेबसाईट www.prdjharkhand.in एवं www.palamu.nic.in पर भी उपलब्ध है।

जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, पलामू। | उपायुक्त, पलामू।

PR 386080 IPRD(26-27)D

# पचंबा लूटकांड का पुलिस ने किया खुलासा, पांच अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने पचंबा थाना क्षेत्र में मछली व्यवसायी से हथियार के बल पर हुई ₹2.07 लाख की लूटकांड का सफल उद्भेदन करते हुए पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, दो मोटरसाइकिल तथा लूट की रकम में से ₹10 हजार नकद बरामद किए हैं।





पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। 23 जुलाई 2026 की सुबह करीब 9 बजे मोहनपुर वन विभाग कार्यालय के सामने गिरिडीह जमुआ मुख्य मार्ग पर दो मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर एक मछली व्यवसायी से बैग सहित ₹2.07 लाख लूट लिए थे। मामले में पचंबा थाना कांड संख्या-72/26 दर्ज कर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक-2 श्री रूपेन्द्र कुमार राणा के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान दल (सीट) का गठन किया गया तकनीकी साक्ष्य और मानवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एसआईटी ने इस कांड में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में दीपक कुमार वर्मा, पप्पू प्रसाद वर्मा, विजय राय उर्फ बाबा, अशोक दास तथा शंकर दास उर्फ भांगड़ा शामिल हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने 2 जुलाई 2026 को गांडेय थाना क्षेत्र के बंधाबाद गांव में एक फाइनेंस कर्मी से हथियार के बल पर ₹1.46 लाख की लूट की घटना में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के कब्जे से दो देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की दो मोटरसाइकिल तथा लूट की रकम में से ₹10 हजार नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में विजय राय उर्फ बाबा, शंकर दास उर्फ भांगड़ा और अशोक दास के विरुद्ध पूर्व से भी हत्या, लूट, डकैती, चोरी, पॉक्सो समेत विभिन्न गंभीर मामलों में आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज हैं।इस पूरे अभियान का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक-2 रूपेन्द्र कुमार राणा ने किया। छापेमारी दल में पचंबा, गांडेय, बेंगाबाद थाना, अनुसंधान सेल, पुलिस केंद्र गिरिडीह एवं तकनीकी शाखा के पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल रहे। पुलिस ने कहा है कि जिले में अपराधियों के विरुद्ध आगे भी लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# एसडीओ ने विशेष मतदाता शिविरों का किया औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 2026 अभियान के तहत 32-गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के शहरी इलाके के सभी 185 मतदान केंद्रों पर सोमवार को विशेष मतदाता सुविधा शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन का कार्य किया गया इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) धीरेंद्र कुमार ने विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर शिविरों की व्यवस्थाओं और चल रहे कार्यों का जायजा लिया।



उन्होंने बीएलओ एवं संबंधित अधिकारियों से गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन की प्रगति की जानकारी ली तथा निर्देश दिया कि प्रत्येक पात्र मतदाता तक अभियान की पहुंच सुनिश्चित करते हुए सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने मतदान केंद्रों पर पहुंचे मतदाताओं से बातचीत कर गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया की जानकारी ली और आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी को सहज और सुगम तरीके से आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए एसडीओ धीरेंद्र कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाया जा रहा यह अभियान मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने सभी बीएलओ और संबंधित अधिकारियों से पूरी गंभीरता एवं जवाबदेही के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा उन्होंने 32-गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अपील की कि वे अपने संबंधित मतदान केंद्र पर आयोजित विशेष शिविर में पहुंचकर गणना प्रपत्र प्राप्त करें, उसे सही ढंग से भरकर निर्धारित अवधि के भीतर जमा करें। उन्होंने कहा कि शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची ही सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला है और इसे तैयार करने में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

## संक्षिप्त समाचार

### नौडीहा बाजार में वज्रपात का कहर : जानवर चराने गए 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**मेदिनीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पलामू के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरादोहर ग्राम जवाड में सोमवार देर शाम वज्रपात की चपेट में आने से 50 वर्षीय सुंदर भुइयां की मौत हो गई। वे विष्णुदेव भुइयां के पुत्र थे। बताया गया कि सुंदर भुइयां घर के पास जानवर चरा रहे थे, तभी अचानक आकाशीय बिजली गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों व पेड़ों के नीचे नहीं जाने की अपील की है।

### चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों ने 30 जुलाई की रांची रैली को सफल बनाने का लिया संकल्प

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** झारखंड राज्य चतुर्थवर्गीय सरकारी कर्मचारी संघ, जिला शाखा गिरिडीह की एक विशेष बैठक 26 जुलाई को जिला अध्यक्ष मुकेश रवानी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संघ के जिला मंत्री जवाहर लाल दास ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर राज्य स्तरीय चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों द्वारा अपनी लंबित मांगों के समर्थन में 30 जुलाई 2026 को रांची के मोराबादी मैदान से मुख्यमंत्री आवास तक रैली एवं प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें गिरिडीह जिले से भी बड़ी संख्या में कर्मचारी भाग लेंगे बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार पासवान ने कहा कि चतुर्थवर्गीय कर्मचारी सरकार के सबसे निचले स्तर पर कार्य करते हैं, लेकिन उनकी समस्याओं और मांगों की लगातार उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से 30 जुलाई की रैली में शामिल होकर अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने की अपील की बैठक के मुख्य अतिथि एवं संघ के राज्य अध्यक्ष सहदेव प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि झारखंड गठन के बाद भी बिहार सेवा शर्तों सहित कई नियम अब तक लागू हैं, जिससे चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को पदोन्नति सहित विभिन्न सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। कार्यक्रम के अंत में बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से रैली को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में पवन कुमार यादव, मो. सफी अहमद, पवन राणा, विपिन कुमार, शोभा कुमारी, अजीत हांसदा, सुजीत महतो, अनिल मांझी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।




### डुमरी में विशेष ड्राइविंग लाइसेंस शिविर सफल, 87 युवाओं को मिला लर्निंग लाइसेंस

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राज्य सरकार के निर्देश एवं उपायुक्त रामनिवास यादव के मार्गदर्शन में जिलेभर में संचालित विशेष ड्राइविंग लाइसेंस अभियान के तहत सोमवार को डुमरी प्रखंड में नवशिखुवा चालकों के लिए विशेष लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं और आम नागरिकों ने भाग लेकर वैध ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया पूरी की शिविर के दौरान कुल 96 अभ्यर्थियों ने लर्निंग लाइसेंस के लिए आवेदन किया। आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन और ऑनलाइन परीक्षा के बाद 87 अभ्यर्थी सफल घोषित हुए, जिन्हें जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार ने लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया। वहीं 9 अभ्यर्थी परीक्षा में सफल नहीं हो सके, जिन्हें नियमानुसार दोबारा परीक्षा देने का अवसर मिलेगा इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार ने सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्रत्येक चालक की कानूनी जिम्मेदारी होने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। उन्होंने सभी चालकों से हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।



### एस्बेस्टस गिरने से 15 वर्षीया किशोरी की मौत, जर्जर आवास ने ली एक और जान

**बरही/हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरही पूर्वी पंचायत के बाराटांड़ गांव में सोमवार की शाम एक दर्दनाक हादसे में 15 वर्षीया मनीषा कुमारी की मौत हो गई। वर्षा के दौरान जर्जर मकान की एस्बेस्टस शीट टूटकर उसके ऊपर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन आनन-फानन में उसे अनुमंडलीय अस्पताल, बरही ले गए, जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मृतका के पिता बबलू भुइयां का परिवार अत्यंत जर्जर मकान में रह रहा था। बताया जाता है कि 18 सदस्य एक ही पुराने और क्षतिग्रस्त घर में रहने को विवश हैं। लगातार बारिश के कारण मकान की हालत और भी खराब हो गई थी। शाम करीब छह बजे अचानक एस्बेस्टस की छत टूटकर मनीषा के ऊपर आ गिरी, जिससे यह हादसा हुआ। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय पर आवास योजना का लाभ मिल जाता, तो शायद एक मासूम की जान बच सकती थी। हादसे ने ग्रामीण आवास योजनाओं के क्रियान्वयन और पंचायत स्तर पर विकास के दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर ने बताया कि पीड़ित परिवार का नाम अंबेदकर आवास योजना की प्राथमिक सूची में शामिल है। पूर्व में तत्कालीन बीडीओ द्वारा निरीक्षण भी किया गया था, लेकिन अब तक आवास स्वीकृत नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई बार प्रयास किए गए। उन्होंने बताया कि मृतका के दो भाई और दो बहन थे । अब तक किसी भी प्रकार का मुआवजा नहीं दिया जा सका है । वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने बताया कि फिलहाल प्रखंड को आवास का आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि लगभग 15 दिनों के भीतर अंबेदकर आवास उपलब्ध कराया जाएगा। मुआवजे के संबंध में उन्होंने बताया कि मृतका अविवाहित थी, इसलिए वर्तमान सरकारी प्रावधानों के अनुसार किसी आर्थिक सहायता का प्रावधान नहीं है।



# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** समाहरणालय में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त रामनिवास यादव ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 45 से अधिक फरियादियों ने बिजली बिल, भूमि विवाद, पेंशन, पारिवारिक विवाद, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, आवास, राशन कार्ड समेत अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी शिकायतें उपायुक्त के समक्ष रखीं उपायुक्त ने सभी आवेदनों पर गंभीरता से सुनवाई करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नागरिकों को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े, इसके लिए अधिकारी समयबद्ध कार्रवाई करें।जनता दरबार के दौरान कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष मामलों में संबंधित विभागों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्रवाई कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने अधिकारियों को प्रत्येक आवेदन पर जवाबदेही के साथ कार्रवाई करने तथा लंबित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग कर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि जन शिकायतों का त्वरित समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और आम नागरिकों को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी विभाग पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।



# संस्कृति बोध प्रतियोगिता की तैयारियां तेज विभाग प्रमुख की अध्यक्षता में रूपरेखा तय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा में आगामी विभाग स्तरीय एवं प्रांत स्तरीय संस्कृति बोध परीक्षा-2026 के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हजारीबाग विभाग के विभाग प्रमुख ब्रजेश कुमार सिंह ने की। इस दौरान विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी उपस्थित रहे बैठक में 22 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाली विभाग स्तरीय तथा 5-6 सितंबर 2026 को प्रस्तावित प्रांत स्तरीय संस्कृति बोध परीक्षा की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। आयोजन को भव्य, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन करते हुए जिम्मेदारियों का वितरण किया गया बैठक में सर्व व्यवस्था, प्रतियोगिता संचालन, मूल्यांकन, मंच संचालन, वंदना, साज-सज्जा, अतिथि सत्कार, भोजन एवं परिवेषण, विद्युत, पेयजल, स्वच्छता, गणित प्रश्न मंच, आशु भाषण, मूर्तिकला सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग आचार्यों एवं दीदी को दायित्व सौंपे गए विभाग प्रमुख ब्रजेश कुमार सिंह ने सभी दायित्वधारियों से समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि संस्कृति बोध परीक्षा भारतीय संस्कृति, संस्कार और ज्ञान परंपरा से विद्यार्थियों को जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

# वैध लाइसेंस से ही करें वाहन संचालन, सड़क सुरक्षा की निभाएं जिम्मेदारी : उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिला प्रशासन द्वारा परिवहन सेवाओं को सरल, सुलभ और समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से ड्राइविंग लाइसेंस निर्गमन अभियान को प्राथमिकता के साथ संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव ने अपने कार्यालय कक्ष में 15 लाभुकों को सांकेतिक रूप से ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान किए इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि वैध ड्राइविंग लाइसेंस केवल कानूनी आवश्यकता ही नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा और जिम्मेदार नागरिक होने का भी महत्वपूर्ण दायित्व है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का शत-प्रतिशत पालन करने और सुरक्षित एवं अनुशासित यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने में सहयोग की अपील की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को लाइसेंस निर्गमन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, त्वरित और नागरिक हितैषी बनाने का निर्देश दिया उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य प्रत्येक पात्र नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण और सुगम सरकारी सेवाएं पहुंचाना है, ताकि लोगों को बिना अनावश्यक विलंब के लाभ मिल सके इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि जून 2026 में जिले में कुल 1,779 ड्राइविंग एवं लर्निंग लाइसेंस जारी किए गए। इनमें 906 स्थायी (ड्राइविंग) लाइसेंस, 798 लर्निंग लाइसेंस तथा 75 हैवी मोटर वाहन (एचएमवी) लाइसेंस शामिल हैं उन्होंने बताया कि जारी किए गए 906 स्थायी लाइसेंसों में 893 पुरुष और 13 महिलाएं, जबकि 798 लर्निंग लाइसेंसों में 783 पुरुष और 15 महिलाएं लाभार्थी हैं। परिवहन विभाग आवेदन से लेकर ड्राइविंग परीक्षण और लाइसेंस निर्गमन तक की पूरी प्रक्रिया निर्धारित मानकों के अनुरूप पारदर्शी तरीके से संचालित कर रहा है जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ही वाहन चलाएं, यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित, अनुशासित एवं जिम्मेदार सड़क संस्कृति के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।



# खेल महोत्सव में डीएवी सीसीएल ने जीते स्वर्ण पदक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** डीएवी खेल महोत्सव क्लस्टर स्तरीय-6 के तहत बोकारो में आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल गिरिडीह के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न खेल स्पधाओं में कई स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया।क्रिकेट प्रतियोगिता में अंडर-19 बालक वर्ग की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि अंडर-17 बालक वर्ग ने कांस्य पदक हासिल किया। बास्केटबॉल में अंडर-17 और अंडर-19 बालक वर्ग की टीमों ने रजत पदक जीता, वहीं अंडर-19 बालिका वर्ग की टीम ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। शतरंज की अंडर-19 बालिका स्पर्धा में विद्यालय की खिलाड़ी ने रजत पदक जीता, जबकि खो-खो के अंडर-19 बालिका वर्ग में टीम को रजत पदक मिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-14 बालक वर्ग में आहिल राजा और अंश कुमार ने रजत तथा आयुष कुमार दास ने कांस्य पदक जीता। अंडर-17 वर्ग में कमलेश कुमार ने रजत और प्रेम कुमार ने कांस्य पदक हासिल किया। वहीं अंडर-19 वर्ग में दीपांकर कुमार ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया बैडमिंटन प्रतियोगिता में व्यक्तिगत स्पर्धा के अंडर-14 बालिका वर्ग में शिवांशी कुमारी ने रजत पदक जीता। अंडर-17 बालिका वर्ग में राशि कुमारी और अंडर-17 बालक वर्ग में अंकित कुमार ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए। युगल स्पर्धा में अंडर-17 बालक एवं अंडर-17 बालिका वर्ग ने स्वर्ण पदक, अंडर-19 बालक वर्ग ने रजत तथा अंडर-14 बालक वर्ग ने कांस्य पदक हासिल किया।




# एसआईआर को लेकर कांग्रेस की बैठक पूर्णिमा पांडेय ने कार्यकताओं को दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव सह हुसैनाबाद विधानसभा प्रभारी पूर्णिमा पांडेय ने हुसैनाबाद में संगठन के पदाधिकारियों के साथ एसआईआर (मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण) की समीक्षा बैठक की। उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यकताओं से घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने तथा किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से नहीं कटने देने का आह्वान किया। उन्होंने बूथ स्तर तक अभियान को प्रभावी बनाने और मतदाता संबंधी शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष शैलेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष नवल किशोर पाठक, जिला सचिव सुनीता श्रीवास्तव, सतीश कुमार चौबे, मालती देवी, अम्बिका सिंह, सुधीर सिंह, सुरेंद्र पासवान सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।



# यूथ विंग ने ट्रैफिक पुलिस जवानों को बांटे रेनकोट, सेवा और सम्मान का संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** सामाजिक सेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में सक्रिय हजारीबाग यूथ विंग ने मंगलवार को सीसीआर प्रांगण में ट्रैफिक पुलिस जवानों के सम्मान एवं सुरक्षा के उद्देश्य से रेनकोट वितरण कार्यक्रम के दूसरे चरण का आयोजन किया। इस दौरान 70 से अधिक ट्रैफिक पुलिस जवानों को रेनकोट वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीसीआर डीएसपी मो. अरमानुल हक थे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान के साथ हुई। मंच का संचालन सेजल सिंह एवं वर्षा डे ने संयुक्त रूप से किया, जबकि संस्था के सचिव रितेश खण्डेलवाल ने स्वागत भाषण देते हुए ट्रैफिक पुलिस जवानों का अभिनंदन किया। इसके बाद जवानों को कतारबद्ध तरीके से रेनकोट प्रदान किए गए। लगभग 30 मिनट तक चले इस कार्यक्रम में सेवा, सम्मान और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। रेनकोट प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मियों ने संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि सीसीआर डीएसपी मो. अरमानुल हक ने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग ने ट्रैफिक पुलिस जवानों के सम्मान का सराहनीय उदाहरण पेश किया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाओं द्वारा पुलिसकर्मियों के सम्मान और सहयोग के लिए किए जा रहे ऐसे प्रयास प्रेरणादायी हैं।



# मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान एसआईआर 2026 में शत प्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण एवं डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करने वाले बूथ लेवल ऑफिसरों बीएलओ को अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों का सम्मान बेहतर लोकतंत्र की पहचान है और इससे अन्य कर्मचारियों को भी प्रेरणा मिलती है सम्मानित होने वाले बीएलओ में गुलशन बानो, जीनत आरा, रेनू देवी, सुनीता देवी, भारती लोहानी, वीणा कुमारी, दीपक कुमार सिंह, निखत परवीन, मनीषा देवी और लक्ष्मी कुमारी शामिल हैं। इन सभी ने अपने-अपने मतदान केंद्रों पर निर्धारित समय में गणना प्रपत्रों का शत प्रतिशत वितरण एवं डिजिटाइजेशन कर अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता और विश्वसनीयता लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन, नए पात्र मतदाताओं का पंजीकरण, आवश्यक संशोधन तथा गणना प्रपत्रों का समयबद्ध वितरण और डिजिटाइजेशन जैसे कार्य बीएलओ की जिम्मेदारी और कार्यकुशलता को दर्शाते हैं।उन्होंने सम्मानित सभी बीएलओ की सराहना करते हुए कहा कि उनका उत्कृष्ट प्रदर्शन अन्य कार्मिकों के लिए प्रेरणास्रोत है। प्रशासन भविष्य में भी बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मियों का उत्साहवर्धन करता रहेगा, ताकि निर्वाचन संबंधी सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण पारदर्शिता और उच्च गुणवत्ता के साथ संपन्न हो सकें।



# औरंगाबाद में तेजी से हो रही राशन कार्डों की जांच

## राशन कार्ड को लेकर डीएम ने की समीक्षा, मिशन मोड में पात्र परिवारों का कराए आवेदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पात्र परिवारों को शीघ्र राशन कार्ड उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा राशन कार्ड निर्माण एवं सत्यापन का कार्य तेज़ गति से संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सभी प्रखंडों में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रतिदिन आवेदन प्राप्त करने, उनका त्वरित सत्यापन करने तथा योग्य लाभुकों को समयबद्ध रूप से राशन कार्ड उपलब्ध कराने की दिशा में युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में मंगलवार को जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिले की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार राशन कार्ड निर्माण अभियान में लगातार



संतोषजनक उपलब्धि प्राप्त हो रही है। निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप सभी प्रखंडों में आवेदन प्राप्ति एवं सत्यापन की प्रक्रिया निरंतर जारी है तथा संबंधित पदाधिकारियों को प्रतिदिन इसकी समीक्षा कर प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि 26 जुलाई 2026 तक जिले में 48,241 आवेदन प्राप्त करने के लक्ष्य के विरुद्ध 31,905 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो निर्धारित लक्ष्य का 103.34 प्रतिशत है। वहीं 05 अगस्त 2026 तक निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु 27 जुलाई 2026 को एक ही दिन में 2,283 नए आवेदन प्राप्त किए गए, जो निर्धारित दैनिक लक्ष्य 1,737 के विरुद्ध 131.46 प्रतिशत उपलब्धि है। बैठक में आवेदन सत्यापन की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि 27 जुलाई 2026 तक प्राप्त 34,188 आवेदनों में से 33,185 आवेदनों का सत्यापन किया जा चुका है, जिससे जिले की कुल सत्यापन दर 97.07 प्रतिशत हो गई है। केवल 1,003 आवेदन सत्यापन हेतु लंबित हैं। जिला प्रशासन ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं, पंचायत प्रतिनिधियों तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि राशन कार्ड निर्माण अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, ताकि कोई भी पात्र परिवार आवेदन करने से वंचित न रहे। इसके लिए पंचायत स्तर पर माइकिंग, सूचना पट्ट, सोशल मीडिया, जनप्रतिनिधियों के माध्यम से सूचना प्रसारित करने तथा आम नागरिकों को आवेदन प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने सभी पात्र परिवारों से अपील की है कि जिनका अब तक राशन कार्ड नहीं बना है अथवा जो पात्र होने के बावजूद आवेदन नहीं कर सके हैं, वे अविलंब निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन करें। प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित सत्यापन कर नियमानुसार राशन कार्ड निर्गत करने की कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचे।बैठक में उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह उपस्थित थे। सभी बीडीओ, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

# पीएनबी लाडली शिक्षा प्रोत्साहन योजना के लिए अनुग्रह स्कूल की चार छात्राओं का चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय की चार मेधावी छात्राओं का चयन पंजाब नेशनल बैंक लाडली शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत किया गया है। चयनित छात्राओं में अनुप्रिया, लक्ष्मी, प्रिया एवं कोमल शामिल हैं। विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने बताया कि पीएनबी की मार्केटिंग अधिकारी श्रेया श्री ने बैंक के निर्धारित मानकों के अनुरूप छात्राओं का चयन किया है। योजना के तहत सभी चयनित छात्राओं को 14 अगस्त को 3,000-3,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

पीएनबी की मार्केटिंग अधिकारी श्रेया श्री ने बताया कि बैंक अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत देश में हो रहे सामाजिक एवं आर्थिक बदलाव



में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि यह योजना शिक्षा के क्षेत्र में असमानता को कम करने और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की मेधावी छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने इस पहल के लिए श्रेया श्री एवं पंजाब नेशनल बैंक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग की मेधावी छात्राओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बैंक की यह पहल अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने विश्वास जताया कि इससे छात्राओं का मनोबल बढ़ेगा और वे शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होंगी।

# नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर भगा ले जाने का आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शादी की नियत से नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में पौथू थाना की पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के ईटार गांव निवासी सुधांशु कुमार उर्फ कैलाश कुमार के रूप में की गई है। इसके खिलाफ पीड़िता के परिजनों ने 22 जुलाई को शादी की नीयत से अपहरण का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने में मामला दर्ज कराया था। परिजनों ने आशंका जताई है कि आरोपी उनकी बेटी के साथ कोई अप्रिय घटना कर सकता है। उन्होंने पुलिस से बच्ची की सकुशल बरामदगी की मांग की है। कांड की गंभीरता पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को राजस्थान के बीकानेर से गिरफ्तार किया और नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद किया। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पूछताछ से पता चला आरोपी कोचिंग जाने के दौरान नाबालिग लड़की का पीछा करता था। इसी क्रम में दोनों की नजदीकियों बढ़ी और शादी की नियत से आरोपी बहला-फुसलाकर भगा ले गया। फ़िलहाल आरोपी को बीकानेर से गिरफ्तार कर लिया गया है तथा सकुशल बरामद नाबालिग को मेडिकल के लिए भेजा गया है। अवश्यजक कार्रवाई के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

# सहयोग शिविर के आवेदनों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण करें निष्पादन : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पंचायत स्तर पर आयोजित किए जा रहे सहयोग शिविर के प्रभावी एवं सफल आयोजन तथा शिविरों में प्राप्त वादों के निष्पादन की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के अध्यक्षता में सभी नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। गौरतलब है कि आम नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं के सुलभ प्राप्ति एवं त्वरित समाधान के उद्देश्य से प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि आमजन को स्थानीय स्तर पर ही प्रशासनिक सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा सभी नोडल एवं सहयोगी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिविरों में प्राप्त सभी वादों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से ऐसे मामलों की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया गया जिनका निष्पादन 10 दिनों एवं 20 दिनों के भीतर नहीं हो पाया हो। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि प्राप्त सभी वादों का अधिकतम 30 दिनों के भीतर शत-प्रतिशत निष्पादन किया जाए। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया गया कि यदि किसी स्तर पर 30 दिनों की निर्धारित अवधि के भीतर मामलों का निष्पादन नहीं किया जाता है, तो संबंधित पदाधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट किया गया कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का शत-प्रतिशत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा संबंधित आवेदकों को उनके आवेदन की स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। विशेष रूप से राजस्व एवं न्यायालय से संबंधित लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर बल देते हुए निर्देश दिया गया कि शिविर तिथि से पूर्व लंबित मामलों का निष्पादन कर लिया जाए। शिविर के दिन लंबित एवं निष्पादित मामलों की सूची सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाएगी तथा आवेदकों को लिखित रूप में जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व एवं सतत अनुश्रवण में सहयोग शिविरों के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों एवं आवेदनों के त्वरित निष्पादन की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। अब तक प्राप्त 12,527 आवेदनों के विरुद्ध 12,135 आवेदनों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया जा चुका है, जो कुल प्राप्त आवेदनों का 97 प्रतिशत है। शेष आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन के लिए भी निरंतर कार्यरत है। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायणसिंह, उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सदर एसडीओ गौरव सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव, निदेशक डीआरडीए अनुपम कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी नोडल एवं सहयोगी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दिनदहाड़े युवक के गले से चेन की छिनतई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मंगलवार की सुबह दिन दहाड़े एक युवक के गले से बाइक सवार दो बदमाशों ने सोने की चेन छिनतई कर लिया जिसकी कीमत चार लाख रूपये बताई जा रही है। घटना को लेकर नगर थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या-1 स्थित कथरुआ निवासी रंजीत कुमार सिंह ने नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन के अनुसार, मंगलवार की सुबह वह अपने घर के बाहर पालतू कुत्ते के साथ टहल रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे एक मकान के पास दो व्यक्ति बाइक खड़ी कर आपस में बातचीत करते दिखाई दिए। रंजीत कुमार को लगा कि वे मकान में चल रहे निर्माण कार्य से जुड़े लोग हैं, इसलिए उन्होंने इस पर विशेष ध्यान नहीं दिया। जैसे ही आगे बढ़े, एक पीछे से आया और झपटा मारकर फरार हो गया। पीड़ित के अनुसार उन्हें उनके भाई ने चेन उपहार में दी थी। घटना के बाद रंजीत कुमार ने बदमाश का पीछा किया, लेकिन वह पहले से तैयार अपने दूसरे साथी की बाइक पर बैठकर जसोईया की ओर फरार हो गया। घटना की सूचना उन्होंने तत्काल अपने मोबाइल से नंबर से नगर थानाध्यक्ष को दी। पीड़ित का कहना है कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी वारदात रिकॉर्ड हुई है, जिससे बदमाशों की पहचान संभव है। रंजीत कुमार सिंह ने अपने आवेदन में बताया है कि वह चेन छीनने वाले व्यक्ति की पहचान सामने आने पर कर सकते हैं। बाइक चला रहा आरोपी सांवले रंग का, लगभग साढ़े पांच फीट लंबा था।

# दो दिवसीय दौरे पर आज आएंगी प्रभारी मंत्री

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रस्तावित दो दिवसीय दौरे को लेकर बिहार सरकार के पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की मंत्री और जिले की प्रभारी मंत्री रमा निषाद 29 एवं 30 जुलाई को औरंगाबाद में रहेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री 29 जुलाई को पूर्वाह्न औरंगाबाद आगमन के उपरांत बारुण प्रखंड अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी तत्पश्चात समाहरणालय सभाकक्ष में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। बैठक में राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं, विकासात्मक कार्यक्रमों एवं विभागीय कार्यों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जाएंगे।

# रंगदारी, पॉक्सो सहित अन्य मामलों में 49 गिरफ्तार

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में सोमवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 49 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 20 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, हत्या के शीर्ष में एक, पॉक्सो में एक, रंगदारी में छह, मद्य निषेध अधिनियम के तहत आठ तथा अन्य मामलों में 33 लोगों की गिरफ्तारी की गई। अभियान के फलस्वरूप 40.20 लीटर देसी शराब, 26.250 लीटर विदेशी शराब, एक स्कूटी एवं एक कार जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1023 वाहनों की जांच की गई जिसमें 18500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। 174 वारंट एवं छह कुर्की का निष्पादन किया गया है। इसके अलावा साइबर पुलिस द्वारा 20000 रूपये रिकवर किया गया है। पुलिस पदाधिकारी उपेंद्र नाथ वर्मा के अनुसार जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दे ताकि समय के साथ कार्रवाई की जा सके।

# हर हाल में पात्र लाभुकों तक पहुंचाएं पीएम सूर्य घर योजना का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति एवं लंबित मामलों के निष्पादन की प्रगति की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की स्थिति, लाभुक चयन, जन समर्थन पोर्टल पर आवेदन एवं अपलोड की प्रगति, सर्वेक्षण, सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना, कार्यान्वयन एजेंसियों की तैयारी, बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्धता, जन-जागरूकता गतिविधियों तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप किए जा रहे कार्यों की



विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत घरेलू उपभोक्ताओं को केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) प्रदान की जा रही है। योजना के प्रावधानों के अनुसार प्रथम दो किलोवाट तक तथा तृतीय किलोवाट के लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप अधिकतम 78,000 रूपये तक की सब्सिडी उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि एक किलोवाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने पर लगभग 70,000 रूपये का व्यय होता है। उप विकास आयुक्त ने कार्यपालक अभियंता, विद्युत को निर्देश दिया कि योजना से संबंधित आवेदनों के निष्पादन हेतु कार्यालय परिसर में पृथक सहायता काउंटर स्थापित किया जाए, जहाँ प्रशिक्षित कर्मी एवं ऑपरेटर की उपलब्धता सुनिश्चित रहे, ताकि आवेदकों को आवेदन प्रक्रिया में आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त हो सके। उन्होंने योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु सरल एवं सहज भाषा में बिंदुवार पंपलेट तैयार कर पंचायत स्तर तक वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, जिससे अधिकाधिक पात्र परिवार योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन कर सकें। बैठक में उप विकास आयुक्त ने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना का लाभ पात्र लाभुकों तक हर हाल में पहुंचाएं। योजना के अंतर्गत पात्र एवं इच्छुक लाभुकों को निर्धारित प्रावधानों के अनुसार केंद्रीय वित्तीय सहायता का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं आर्थिक रूप से असमर्थ पात्र आवेदकों को बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इस संबंध में सभी बैंक प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि योजना से संबंधित ऋण आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करते हुए पात्र लाभुकों को समय पर ऋण उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होने दिया जाए। उन्होंने आम नागरिकों से प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु जन समर्थन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने की अपील की। बैठक में वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव, कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, बैंक प्रतिनिधि, कार्यान्वयन एजेंसियों के प्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को बताया गया वोट का महत्व

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून प्रखंड अंतर्गत मॉडल स्कूल सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय, सुंदरगंज में निर्वाचन साक्षरता क्लब के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के क्रम में क्विज एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं में लोकतांत्रिक व्यवस्था, निर्वाचन प्रक्रिया, मताधिकार एवं मतदाता के अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा उन्हें अपने परिवार एवं समाज



में मतदान के महत्व का संदेश प्रसारित करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं के बीच आयोजित क्विज प्रतियोगिता में निर्वाचन प्रक्रिया, भारत के लोकतंत्र, संविधान, मतदाता के अधिकार, निर्वाचन आयोग की भूमिका, ईवीएम एवं वीवीपैट, मतदान केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं तथा निष्पक्ष एवं स्वतंत्र निर्वाचन से संबंधित विभिन्न विषयों पर आधारित प्रश्न पूछे गए। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जूनियर रेड क्रॉस के जिला काउंसलर एवं सचिव निरंजय कुमार ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देशानुसार वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व, युवा मतदाताओं की भूमिका, नैतिक एवं निष्पक्ष मतदान, जागरूक मतदाता की जिम्मेदारी तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने में नागरिकों की सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ राकेश कुमार सिंह ने की। प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ राकेश ने बताया कि साक्षरता क्लब के माध्यम से विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजक शिवम कुमार, संजय मेहता, रवि रंजन कुमार, सुशील कुमार, संतोष कुमार विक्रम कुमार, आलोक कुमार, धर्मेंद्र कुमार, गौतम जायसवाल आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पुलिस दीदी टीम ने छात्राओं को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देशानुसार जिले भर के विद्यालयों में पुलिस दीदी टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को सिमरा थाना की पुलिस द्वारा पुलिस दीदी टीम ने छात्राओं एवं महिलाओं के लिए एक जागरूकता अभियान चलाया। थाना क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक +2 विद्यालय कुसमा बसडीहा के छात्राओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान पुलिस दीदी की टीम ने विद्यालय परिसर में छात्राओं को सुरक्षा,



साइबर अपराध से बचाव और महिला हेल्पलाइन जैसे कई बिंदुओं पर जागरूक किया गया। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार बताया कि किसी भी समस्या में घबराने या चुप रहने के बजाय आवाज उठाने की जरूरत है। अगर कोई व्यक्ति छात्राओं को परेशान करता है, उनका वीडियो या फोटो बनाकर ब्लैकमेल करने का प्रयास करता है या सोशल मीडिया के माध्यम से प्रताड़ित करता है तो इसकी सूचना तुरंत हेल्पलाइन के माध्यम पुलिस को देनी चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस हर परिस्थिति में उनकी मदद के लिए तैयार है। फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने और सोशल मीडिया पर अज्ञात लोगों से मित्रता करने से बचने का सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा कि वे अपनी समस्याएं निर्भीक होकर साझा करें और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करें।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


# संघर्ष से सफलता तक : नर्सरी ने बदली सरिता देवी की जिंदगी, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण की बनीं मिसाल

## विशेषता : यहां पर सिर्फ महिलाओं को ही मिलता है रोजगार, कई गांवों की महिलाएं आर्थिक रूप से बन रहीं आत्मनिर्भर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कहते हैं कि कठिन परिस्थितियां इंसान की हिम्मत की असली परीक्षा होती हैं। औरंगाबाद जिले के पड़रावां पंचायत के राजा बिगहा गांव की रहने वाली सरिता देवी ने इस कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है। पति के असामयिक निधन के बाद जब परिवार की पूरी जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई और आजीविका का कोई स्थायी साधन नहीं था, तब उन्होंने परिस्थितियों के सामने हार मानने के बजाय आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया। आज उनकी नर्सरी न केवल उनकी आर्थिक मजबूती का आधार बनी है, बल्कि महिला







सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणादायक मिसाल भी बन चुकी है। सरिता देवी के जीवन में बदलाव तब आया, जब भारत सरकार एवं टाटा ट्रस्ट से पोषित प्राण संस्था की टीम उनके घर पहुंची। संस्था के सदस्यों ने उनकी रुचि, क्षमता और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। बातचीत के दौरान सरिता देवी ने अपनी नर्सरी स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की। इसके बाद संस्था ने उन्हें नर्सरी प्रबंधन, पौधों की देखभाल, भूमि चयन, तकनीकी जानकारी और व्यवसाय संचालन से जुड़ी आवश्यक जानकारी देकर इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रेरणा और मार्गदर्शन मिलने के बाद सरिता देवी ने अपने संसाधनों से पौधे खरीदकर नर्सरी की शुरुआत की। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अथक मेहनत, धैर्य और समर्पण के बल पर अपने छोटे से प्रयास को एक सफल उद्यम में बदल दिया। आज उनकी नर्सरी में विभिन्न प्रजातियों के हजारों पौधे तैयार किए जाते हैं और स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण पौधों के लिए उनकी अलग पहचान बन चुकी है। सरिता देवी की नर्सरी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां रोजगार का अवसर केवल महिलाओं को दिया जाता है। इससे आसपास के कई गांवों की महिलाओं को नियमित रोजगार मिला है और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। उनके इस प्रयास ने न केवल कई परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं में स्वरोजगार के प्रति नई सोच भी विकसित की है। उनकी नर्सरी की गुणवत्ता और बेहतर प्रबंधन का ही परिणाम है कि वन विभाग ने भी पौधों की आपूर्ति के लिए उनकी नर्सरी से बुकिंग की है। यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, गुणवत्ता और समर्पण का प्रमाण मानी जा रही है।

प्राण संस्था के प्रमुख एवं राष्ट्रीय कृषि विशेषज्ञ अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि सरिता देवी की नर्सरी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बन चुकी है। यहां तैयार किए जा रहे हजारों पौधे विभिन्न क्षेत्रों में वृक्षारोपण के लिए भेजे जा रहे हैं, जिससे हरित आवरण बढ़ाने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि इस पूरे अभियान की सफलता में सरिता देवी की मेहनत और समर्पण सबसे महत्वपूर्ण है। सरिता देवी की कहानी यह संदेश देती है कि यदि व्यक्ति में दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और मेहनत करने का जज्बा हो, तो विपरीत परिस्थितियां भी सफलता का मार्ग प्रशस्त कर सकती हैं। आज वह केवल एक सफल उद्यमी ही नहीं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा, आत्मनिर्भरता की प्रतीक और पर्यावरण संरक्षण की सशक्त दूत बन चुकी हैं। उनकी यह यात्रा बताती है कि सही मार्गदर्शन और निरंतर प्रयास से जीवन की हर चुनौती को अवसर में बदला जा सकता है।